VPL

वर्ष 10 अंक 292
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
30 जुलाई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 नीतीश कटारा हत्याकांड : न्यायालय ने विकास यादव की अंतरिम... | 06 उधर संसद में बहस, इधर ऑपरेशन महादेव!- ऋषभदेव शर्मा | 11 गौतम गंभीर और ओवल के क्यूरेटर के बीच तीखी बहस















# न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने AI से उत्पन्न 'फर्जी निर्णयों' पर जताई चिंता; वरिष्ठ वकीलों से युवा वकीलों को मार्गदर्शन देने का आह्वान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली:** भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कानूनी शोध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) उपकरणों के बढ़ते दुरुपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने चेतावनी दी कि युवा वकील अदालतों में AI द्वारा उत्पन्न ₹फर्जी निर्णयों₹ का हवाला दे रहे हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता खतरे में पड़ सकती है।ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में बोलते हुए, जिसमें हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्त किए गए चार न्यायाधीशों — न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति निलय वी. अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर — का सम्मान किया गया, न्यायमूर्ति बिंदल ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि वे युवा वकीलों को मार्गदर्शन दें और उन्हें प्रशिक्षित करें।उन्होंने कहा, "भारत और अमेरिका दोनों में, युवा वकीलों द्वारा AI सर्च मॉडल के उपयोग से फर्जी निर्णय अदालतों में प्रस्तुत किए गए हैं। कभी-कभी वकील सिर्फ एक या दो कीवर्ड डालते हैं और जो निर्णय सामने आता है, वह या तो गलत होता है, या अल्पमत राय होती है या पूरी तरह से AI द्वारा गढ़ा गया होता है, उसे बिना जांच के अदालत में पेश कर दिया जाता है।"इस प्रवृत्ति को ₹खतरे की घंटी₹ बताते हुए उन्होंने कहा कि AI पर बिना सोचे-समझे निर्भरता न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को खतरे में डाल सकती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "वरिष्ठ वकीलों को आगे आकर युवा अधिवक्ताओं को इन खतरों के प्रति जागरूक करना चाहिए।"न्यायमूर्ति बिंदल ने यह भी कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में जूनियर और सीनियर वकीलों दोनों का योगदान अमूल्य है। "यह कहा जाता है कि निर्णय न्यायाधीश देते हैं, लेकिन उसका आधार अक्सर जूनियर वकीलों द्वारा किया गया शोध और वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा दी गई दलीलों में होता है।"इस अवसर पर उपस्थित न्यायमूर्ति पी. बी. वराले ने नवनियुक्त न्यायाधीशों के उच्च न्यायालयों में दिए गए योगदान की सराहना की और उनके साथ अपने पुराने संबंधों को याद किया।न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं की तुलना "बरगद के वृक्ष" से की, जिसकी छाया में न्यायालय और विधि का शासन



सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति पी.बी. वराले, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति निलय वी. अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर, इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जुरिस्ट्स के अध्यक्ष डॉ. आदीश सी. अग्रवाला, राज्यसभा सांसद पी. विल्सन और ओडिशा के महाधिवक्ता पितांबर आचार्य नई दिल्ली में कल रात नव नियुक्त सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के सम्मान समारोह में दीप प्रज्वलन करते हुए।

फलता-फूलता है। उन्होंने कहा, "सुप्रीम कोर्ट का क्षेत्राधिकार और शक्ति कॉमनवेल्थ के किसी भी न्यायालय से अधिक व्यापक है।"न्यायमूर्ति निलय वी. अंजारिया ने कहा, "सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश होना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह उत्तरदायित्व केवल स्वयं के प्रति नहीं, बल्कि संस्था और समाज के प्रति भी है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह मुझे इस जिम्मेदारी को निभाने की शक्ति दे।"न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई ने न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, "बार और बेंच न्यायपालिका के दो स्तंभ हैं। कुछ भी स्थायी नहीं होता, न ही कोई व्यक्ति अपरिहार्य होता है — केवल संस्था ही शाश्वत होती है।"न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर ने वरिष्ठ वकीलों को "मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक" बताया और कहा, "हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि न्याय केवल संवैधानिक वादा न रह जाए, बल्कि व्यवहारिक रूप से साकार हो।"इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जुरिस्ट्स (लंदन) के अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आदीश सी. अग्रवाला ने भारतीय न्यायपालिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत का सर्वोच्च न्यायालय विश्व के श्रेष्ठतम न्यायालयों में से एक है। उन्होंने कहा कि इसका न्याय प्रदान करने का कार्यक्षमता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता से परिपूर्ण है, और यह वैश्विक स्तर पर आशा की किरण बना हुआ है। उन्होंने इसके दुनिया के सर्वाधिक मामलों का निपटारा करने वाले न्यायालयों में से एक होने की भी सराहना की।राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता श्री पी. विल्सन ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि उन्होंने न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने हेतु संसद में एक निजी विधेयक पेश किया है, जो न्यायिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उड़ीसा के महाधिवक्ता श्री पितांबर आचार्य ने नव नियुक्त न्यायाधीशों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और ज्ञान से सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा और परंपराएं और अधिक सुदृढ़ होंगी, जिसने पिछले पचहत्तर वर्षों से विधि की महत्ता को बनाए रखा है।न्यायमूर्ति बिंदल की यह टिप्पणी उस समय आई है जब AI के न्यायिक प्रक्रियाओं में उपयोग को लेकर चिंताएं तेज़ हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई को केरल उच्च न्यायालय ने एक आदेश में न्यायिक कर्मचारियों को आदेश प्रारूप तैयार करने के लिए ChatGPT जैसे AI उपकरणों का उपयोग न करने की सलाह दी थी, साथ ही यह भी कहा कि AI के प्रयोग से पहले विधिवत प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। यह भारतीय न्यायिक प्रणाली में अपनी तरह की पहली सलाह थी।जैसे-जैसे AI तकनीक विकसित हो रही है, न्यायमूर्ति बिंदल की यह चेतावनी समय की मांग बन गई है — कि हम नैतिक सतर्कता, मानवीय विवेक और मार्गदर्शन से न्याय प्रणाली की पवित्रता की रक्षा करें।

## दिल्ली सरकार ने प्रतिभा खोज योजना 'हौसलों की उड़ान' को मंजूरी दी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 'हौसलों की उड़ान' नाम की एक नयी प्रतिभा खोज योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य गायन, नृत्य और मिट्टी के बर्तन बनाने सहित विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें तराशना है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई और यह योजना सितंबर से शुरू होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में योजना के कार्यान्वयन के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहली बार है जब सरकार युवाओं को ऐसा मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना का खाका शहर भर के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है ताकि उन्हें पहचान मिल सके और राष्ट्रीय राजधानी की प्रतिष्ठा बढ़े।

गुप्ता ने बताया कि इस योजना की घोषणा दिल्ली विधानसभा में बजट भाषण के दौरान की गई थी और अब इसे कैबिनेट की मंजूरी के साथ लागू किया जा रहा है।

# दुनिया के किसी नेता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने को नहीं कहा, कांग्रेस का सुर पाक जैसा: मोदी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया, साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने के लिए नहीं कहा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि इस अभियान के दौरान पूरी दुनिया का समर्थन मिला, लेकिन जवानों के पराक्रम को मुख्य विपक्षी दल का समर्थन नहीं मिला। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों और इसे लेकर विपक्षी दलों के सवालों की पृष्ठभूमि में कहा, ''दुनिया के किसी भी नेता ने हमें ऑपरेशन (सिंदूर) रोकने के लिए नहीं कहा।'' प्रधानमंत्री ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के दौरान कहा, ''पहलगाम हमला भारत को हिंसा की आग में झोंकने का एक सुविचारित प्रयास था, भारत में दंगे फैलाने की साजिश थी। मैं आज देशवासियों का धन्यवाद करता हूं कि देश ने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया।''

मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की सेना ने 22 मिनट में 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले का बदला निर्धारित लक्ष्य के साथ और तय कार्रवाई के अनुसार लिया। उन्होंने कहा कि भारत ने ऐसी रणनीति बनाई जिसमें उन जगहों पर पहुंचे, जहां पहले कभी नहीं पहुंचे थे। मोदी ने अपने लगभग सौ मिनट के भाषण में कहा, ''सेना ने पिछले



10 साल से तैयारियां कर रखी थीं, (यदि) न की होतीं तो इस तकनीक के युग में हमारा कितना नुकसान हो सकता था, इसका अनुमान (सहज) लगा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान दुनिया ने पहली बार आत्मनिर्भर भारत की ताकत को पहचाना और 'मेड इन इडिया' ड्रोन और मिसाइल ने पाकिस्तानी हथियारों की पोल खोल दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद की घटनाएं पहले भी देश में होती थीं, लेकिन तब उनके मास्टरमाइंड निश्चिंत रहते थे और आगे की तैयारी में लग जाते थे, लेकिन अब स्थिति बदल गई है और अब हमले के बाद उन्हें नींद नहीं आती। मोदी ने कहा कि उन्हें पता है कि भारत आएगा और मारकर जाएगा, यह 'न्यू नॉर्मल' भारत ने स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से तीन चीजें तय हो गईं कि अगर भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हम अपने तरीके से अपनी शर्तों पर, अपने समय पर जवाब देकर रहेंगे, कोई भी परमाणु 'ब्लैकमेलिंग' अब नहीं चलेगी और हम आतंकियों की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने से रोका नहीं है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में से सिर्फ तीन देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया था। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा, ''इस अभियान में दुनिया का समर्थन तो मिला, दुनिया के देशों का समर्थन मिला, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि मेरे देश के वीरों के पराक्रम को कांग्रेस का समर्थन नही मिला।''

मोदी ने आरोप लगाया, ''विपक्ष के लोग पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या में भी अपनी राजनीति तलाश रहे थे, अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए मुझ पर निशाना साध रहे थे, लेकिन उनकी ये बयानबाजी देश के सुरक्षाबलों का मनोबल गिरा रही थी।''उन्होंने कहा, ''ऐसा करके वे खबरों में तो जगह बना सकते हैं, लेकिन देशवासियों के दिलों में जगह नहीं बना सकते।''उन्होंने आरोप लगाया कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद भी कांग्रेस के नेताओं ने सेना से सबूत मांगे थे।उन्होंने कहा, ''कुछ लोग सेना के तथ्यों की जगह पाकिस्तान के गलत प्रचार को आगे बढ़ाने में जुटे हैं, जबकि भारत का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है।''

# प्रधानमंत्री में इंदिरा की आधी भी हिम्मत है तो बोलें कि ट्रंप का बयान असत्य है: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपनी छवि बचाने के लिए सेना के इस्तेमाल का आरोप लगाया और कहा कि अगर प्रधानमंत्री में इंदिरा गांधी का ''50 प्रतिशत भी साहस'' है तो उन्हें यह बोलना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मध्यस्थता संबंधी दावा असत्य है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को यह समझना चाहिए कि देशहित और सैन्यबल उनकी छवि और 'पीआर' से ऊपर हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यदि सरकार ने चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को लेकर उनकी चेतावनी पर अमल किया होता तो 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पांच विमानों का नुकसान नहीं होता। उनका कहना था कि नुकसान के लिए भारतीय वायुसेना जिम्मेदार नहीं है, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, जिसने पायलटों के ''हाथ बांध दिए थे''।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति ने 29 बार कहा है कि उन्होंने युद्धविराम कराया है। अगर वह (ट्रंप) गलत हैं तो प्रधानमंत्री यहां सदन में कहें कि ट्रंप असत्य बोल रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री में इंदिरा गांधी की तरह साहस है तो वह यहां पर कह दें कि ट्रंप ने असत्य बोला है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''अगर प्रधानमंत्री में



इंदिरा गांधी का 50 प्रतिशत भी साहस है तो ट्रंप के बयान को खारिज कर दें।''

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पहलगाम में निर्मम और बर्बर हमला किया गया, जिसकी साजिश पाकिस्तान से रची गई थी। उन्होंने कहा, ''इस सदन के हर व्यक्ति ने पाकिस्तान की निंदा की। ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होते ही सभी विपक्षी दलों ने फैसला किया कि हम अपने सशस्त्र बलों और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।''

राहुल गांधी ने कहा, ''कल मैंने राजनाथ जी का भाषण सुना। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर (छह एवं सात मई की मध्यरात्रि) देर रात 1:05 बजे शुरू हुआ और 22 मिनट तक चला। उन्होंने एक बेहद चौंकाने वाली बात कही कि 1:35 बजे हमने पाकिस्तान को फोन किया और उन्हें बताया कि हमने असैन्य ठिकानों पर हमला किया है और हम तनाव नहीं बढ़ाना चाहते। ये बयान भारत के रक्षामंत्री ने दिया है।'' उन्होंने कहा, ''देर रात 1:35 बजे भारत सरकार की ओर से भारत के डीजीएमओ को युद्धविराम के लिए कहा गया। आपने पाकिस्तान को बता दिया कि आप क्या करेंगे? आपने उन्हें बता दिया कि आप सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना नहीं बनाएंगे और आप तनाव नहीं बढ़ाना चाहते।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सिर्फ 30 मिनट में समर्पण कर दिया गया। उनके मुताबिक, ''डिफेंस अताशे (इंडोनेशिया) कहा कि वह इस बात से सहमत नहीं हो सकते हैं कि भारत ने कई विमान खो दिए हैं, लेकिन वह इस बात से सहमत हैं कि हमने कुछ विमान खो दिए हैं। ऐसा केवल राजनीतिक नेतृत्व द्वारा सैन्य प्रतिष्ठान और उनकी हवाई रक्षा प्रणाली पर हमला न करने की बाध्यता के कारण हुआ।'' उन्होंने दावा किया, ''इसका मतलब यह है कि आप पाकिस्तान में गए और उस पर हमला किया और फिर आपने हमारे पायलटों से कहा कि वे पड़ोसी देश की वायु रक्षा प्रणाली पर हमला न करें, यानी आपने उन्हें (पायलटों को) उनकी (पाकिस्तान की) वायु रक्षा प्रणाली का सामना करने के लिए कहा, जबकि उनके हाथ बंधे थे।''




# नागपंचमी, प्रकृति, सहअस्तित्व और श्रद्धा का पर्व

## सनातन संस्कृति की गूढ़ चेतना का पर्व नागपंचमी: स्वामी चिदानन्द सरस्वती



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ऋषिकेश।** नागपंचमी के पावन पर्व की समस्त श्रद्धालुजनों को परमार्थ निकेतन से मंगलमय शुभकामनाएँ देते हुये स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि यह पर्व न केवल श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है, अपितु हमारी सनातन संस्कृति की उस अद्भुत परंपरा को भी उजागर करता है, जो समस्त सृष्टि के साथ सह-अस्तित्व, संवेदना और सामंजस्य का संदेश देती है। स्वामी जी ने कहा कि सनातन धर्म में नागों को अत्यंत पवित्र और दिव्य माना गया है। भगवान शिव ने वासुकी नाग को अपने गले में हार के रूप में धारण कर नाग देवता के प्रति श्रद्धा का संदेश दिया। भगवान विष्णु स्वयं शेषनाग के शैय्या पर विराजमान होकर यह संदेश देते हैं कि नाग, शक्ति, संतुलन और धैर्य का प्रतीक हैं। हमारे धर्मग्रंथों में नागों का उल्लेख कई रूपों में आता है, चाहे वो कद्रू के पुत्र हों, शेषनाग हों, वासुकी हों, तक्षक हों या कर्कोटक। इन सबका स्थान देवत्व और संरक्षण के संदर्भ में अत्यंत उच्च है।नागपंचमी का पर्व के अवसर पर वर्षा ऋतु अपने चरम पर होती है और सर्पों का प्राकृतिक आवास जलभराव और भूमि परिवर्तन के कारण प्रभावित होता है। ऐसे समय में हम नागों की पूजा कर न केवल धार्मिक आस्था प्रकट करते हैं, बल्कि उनके संरक्षण का संकल्प भी लेते हैं। यह पर्व हमें संदेश देता है कि सर्प भी उसी प्रकृति का अंश हैं, जिससे हम स्वयं उत्पन्न हुए हैं। आज नागपंचमी का पर्व हमें यह संदेश देता है कि हम पंचतत्वों, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा रखें। नाग इन पंचतत्वों से गहराई से जुडे हुए हैं, विशेषकर पृथ्वी और जल से। इस दिन नागों की पूजा कर हम उन अदृश्य संतुलनों को स्वीकार करते हैं, जो ब्रह्मांड को सुचारु रूप से संचालित करते हैं।नागदेवता की पूजा करने से केवल भय दूर नहीं होता, बल्कि जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा, कुंडलिनी जागरण और शुभता का संचार होता है। योग परंपरा में नाग को 'कुंडलिनी शक्ति' का प्रतीक माना गया है, जो मानव चेतना के सात चक्रों को जाग्रत कर आत्मबोध की ओर ले जाती है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता ह्रास और पारिस्थितिक असंतुलन की चुनौतियों से जूझ रही है, तब नागपंचमी जैसा पर्व हमें याद दिलाता है कि यदि हम प्रत्येक प्राणी, प्रत्येक वृक्ष, प्रत्येक नदी और प्रत्येक जीवधारी के साथ करुणा और सहअस्तित्व का भाव नहीं रखेंगे, तो हमारी अपनी अस्तित्व श्रृंखला टूट जाएगी। नाग देवता की पूजा इसी सह-अस्तित्व की स्वीकारोक्ति है।हमारे ऋषियों ने हमें संदेश दिया कि धर्म केवल मंदिरों तक सीमित नहीं है, वह तो प्रत्येक जीव मात्र में ईश्वर का दर्शन करने की साधना है। नागपंचमी इस दर्शन का सजीव उदाहरण है। आज इस पर्व पर हम सभी यह संकल्प लें कि हम केवल पूजा तक सीमित न रहें, बल्कि सभी जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाएँ।नागपंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह सनातन संस्कृति की गहराइयों में छिपी उस चेतना की अभिव्यक्ति है, जो सृष्टि के प्रत्येक अंश में ईश्वर का निवास मानती है। यह पर्व हमें सिखाता है कि भय नहीं, श्रद्धा से जियें, दोहन नहीं, संवर्धन करें, और अधिकार नहीं, कर्तव्य का भाव रखें।इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम न केवल नाग देवता की पूजा करेंगे, बल्कि धरती पर हर जीव के प्रति दया, करुणा और सह-अस्तित्व का भाव रखते हुए जीवन को परमात्मा की सेवा का माध्यम बनाएँगे।

# समाजसेवी अनिल गुप्ता के गोलोकवास पर शांति पाठ में मंत्री नंद नंदी सहित सैकड़ों लोगों ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## नोएडा के रेडिसन होटल में धर्मगुरु अजय भाई जी के सानिध्य में संपन्न हुई पुष्पांजलि सभा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

स्वर्गीय श्री अनिल कुमार गुप्ता की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 25 जुलाई को होटल रेडिसन, नोएडा में किया गया। इस अवसर पर स्वजन, मित्रगण, व्यवसायिक सहयोगी और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस भावुक अवसर पर श्री अनिल कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा गुप्ता, पुत्र यश गुप्ता एवं पुत्रवधु एकता गुप्ता सहित परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने स्व. गुप्ता को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वे एक सरल, उदार और समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे, जिनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके जनसेवा व सामाजिक योगदानों को याद करते हुए उन्हें नम आँखों से विदाई दी। श्रद्धांजलि सभा में नोएडा और दिल्ली के प्रमुख सामाजिक राजनीतिक तथा व्यावसायिक जगत के प्रमुख संगठनों के पदाधिकारी तथा परिवार जनों के सैकड़ो लोगों ने उनके चित्र पर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में जाने-माने धर्म कथा प्रवक्ता अजय भाई जी ने अपनी मधुर और भावपूर्ण वाणी में गुलोकवासी स्वर्गीय अनिल गुप्ता के प्रति अपने भावपूर्ण भजन एवं विचार प्रस्तुत किए।

# महान स्वतंत्रता सेनानी एवं दिल्ली के प्रथम उप महापौर लाला राम चरण अग्रवाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा, महान समाजसेवी, राष्ट्र निर्माण के कर्मठ सेनानी और दिल्ली नगर निगम के प्रथम उप महापौर लाला राम चरण अग्रवाल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आज राजधानी दिल्ली में एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह श्रद्धांजलि सभा बहादुरशाह ज़फर मार्ग पर स्थित उनकी भव्य प्रतिमा स्थल पर संपन्न हुई, जहाँ राजनीति, प्रशासन और समाज सेवा से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथियों ने उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में दिल्ली के महापौर राजा इक़बाल सिंह, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी निज़ामुद्दीन क़ाज़ी, एआईसीसी के सचिव सुखविंदर सिंह दानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पूर्व सांसद उदित राज, पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल तथा डॉ. किरण वालिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।स्व. लाला राम चरण अग्रवाल के परिवार की ओर से आत्मप्रकाश अग्रवाल, मुदित अग्रवाल सहित परिवार के अन्य सदस्य एवं राष्ट्र टाइम्स के प्रधान संपादक विजय शंकर चतुर्वेदी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए लाला जी के योगदान को स्मरण किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक विपिन शर्मा, राजेश जैन, पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह कोचर, शरण जीत शर्मा, अनिल शर्मा, सुखवीर शर्मा, एस. के. पूरी, अमित त्यागी, नरेश शर्मा 'नीटू', राजेश प्रजापति, मोहम्मद ताहिर, पूर्व एल्डरमैन आरबी सिंह, प्रदीप गुप्ता, राकेश कुमार, निगम पार्षद किरण वाला, सतीश सैनी, मनोज गुप्ता, एल्डरमैन सत्येन्द्र शर्मा, मुरारी लाल, राजेश गर्ग सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।"देशभक्ति का अद्वितीय प्रतीक थे लाला राम चरण अग्रवाल" – महापौर राजा इक़बाल सिंहराजधानी के प्रथम नागरिक एवं दिल्ली के महापौर राजा इक़बाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "लाला राम चरण अग्रवाल स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली परंपरा के प्रतीक थे। उनका जीवन देश के लिए संघर्ष, समाज के लिए सेवा और लोक कल्याण के लिए समर्पण का आदर्श उदाहरण रहा। उन्होंने न केवल ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आवाज़ बुलंद की, बल्कि स्वतंत्र भारत में भी सामाजिक न्याय और गरीबों के उत्थान के लिए अपना जीवन अर्पित किया।""लाला जी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं" – निज़ामुद्दीन क़ाज़ीऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी निज़ामुद्दीन क़ाज़ी ने भावुक शब्दों में कहा, "लाला राम चरण अग्रवाल केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि विचारों के योद्धा थे। उन्होंने जिस सादगी, ईमानदारी और सेवा भावना से जीवन जिया, वह आज के नेताओं और युवाओं के लिए एक आदर्श है। हमें उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए।""रैनबसेरा जैसी पहलें लाला जी की दूरदृष्टि का प्रमाण" – देवेंद्र यादवदिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने लाला जी की सामाजिक सोच को रेखांकित करते हुए कहा, "देश को आज़ाद कराने के बाद लाला जी ने हाशिए पर खड़े लोगों के लिए काम किया। उन्होंने दिल्ली में रैनबसेरों की शुरुआत की, जहाँ आज भी हज़ारों ज़रूरतमंदों को आश्रय मिलता है। उनका जीवन सामाजिक समरसता की मिसाल है।""उनके पदचिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि" – जय प्रकाश अग्रवालपूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा, "मैंने स्वयं लाला राम चरण जी के साथ काम किया है और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर ही सार्वजनिक सेवा के मार्ग पर अग्रसर हुआ। उनकी सोच, अनुशासन और सेवा भावना आज भी मेरे जीवन का आधार हैं। मैं युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे लाला जी जैसे व्यक्तित्वों से प्रेरणा लें।" एक युगद्रष्टा, जिनका योगदान चिरस्मरणीय रहेगास्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाला राम चरण अग्रवाल ने कई बार जेल यात्रा की, लेकिन उनके हौसले को कभी झुकने नहीं दिया। उन्होंने न केवल आज़ादी की लड़ाई लड़ी, बल्कि देश की सामाजिक संरचना को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए। दिल्ली के नगर निगम में प्रथम उपमहापौर बनने के बाद उन्होंने नगर प्रशासन को जनहित के केंद्र में लाने का कार्य किया।श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि लाला राम चरण अग्रवाल जैसे महापुरुष इतिहास की धरोहर होते हैं, जिनकी स्मृति को जीवंत रखना अगली पीढ़ियों की जिम्मेदारी है।

# राजधानी दिल्ली में जलभराव को लेकर आप ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा

**नयी दिल्ली, (भाषा)** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की दिल्ली में जलभराव को लेकर आलोचना की और तंज कसते हुए इसे 'चार इंजन वाले मॉडल' का ''कमाल'' बताया।

जखीरा अंडरपास से लेकर कनॉट प्लेस तक, सफदरजंग अस्पताल से लेकर एलएनजेपी अस्पताल तक, आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव वाले स्थानों के वीडियो साझा कर स्थिति को लेकर भाजपा सरकार से सवाल किए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को जलभराव की सूचना के बाद मध्य दिल्ली स्थित आईटीओ चौराहे का दौरा किया और इलाके में निरीक्षण किया। गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार ने हर जगह की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

मेयर राजा इकबाल सिंह ने आप पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वे ईमानदारी से काम करते तो जलभराव की स्थिति नहीं बनती। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए आप ने कोई ठोस काम नहीं किया और केवल भ्रष्टाचार में लिप्त रही। मंगलवार को दिल्ली में भारी बारिश के बाद शहर के विभिन्न हिस्सों से आई तस्वीरों में जलभराव वाली सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें दिखीं।

आप प्रमुख एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महज 10 मिनट की बारिश के बाद कनॉट प्लेस में हुए जलभराव का जिक्र करते हुए ''चार इंजन'' वाली सरकार की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कनॉट प्लेस का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, ''जब दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस का ये हाल है, तो बाकी दिल्ली की हालत का अंदाज़ा लगाना मुश्किल नहीं है।

# नागपंचमी पर खुला नागचंद्रेश्वर मंदिर, साल में सिर्फ एक बार मिलता है दर्शन का दुर्लभ अवसर



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**उज्जैन,** नागपंचमी के पावन पर्व पर उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर के तीसरे तल पर विराजमान प्राचीन नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु खोल दिए गए हैं। यह मंदिर साल में केवल एक बार, नागपंचमी के दिन, रात 12 बजे से अगले दिन रात 12 बजे तक ही खुलता है। इसके बाद मंदिर पूरे एक वर्ष के लिए बंद हो जाता है।नागचंद्रेश्वर मंदिर में स्थापित दुर्लभ मूर्ति में भगवान शिव, देवी पार्वती और भगवान गणेश एक साथ विराजित हैं।

यह अत्यंत कलात्मक प्रतिमा 11वीं शताब्दी की बताई जाती है और कहा जाता है कि इसे नेपाल से लाया गया था। इस प्रकार की त्रिमूर्ति प्रतिमा भारत में और कहीं नहीं मिलती, जिससे इसका धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व और भी बढ़ जाता है।मंदिर का निर्माण परमार वंश के राजा भोज द्वारा 11वीं शताब्दी में करवाया गया था। कालांतर में, सिंधिया शासक महाराज राणोजी सिंधिया ने वर्ष 1732 में महाकालेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया, जिसमें नागचंद्रेश्वर मंदिर भी सम्मिलित था।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच मंदिर के पट आज मध्यरात्रि खोले गए और दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी हैं। श्रद्धालु इस अद्भुत दर्शन के लिए पूरे वर्ष प्रतीक्षा करते हैं। मंदिर प्रशासन ने दर्शन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।जो श्रद्धालु उज्जैन नहीं पहुँच पाए हैं, वे ऑनलाइन माध्यमों से दर्शन कर रहे हैं और इस दुर्लभ अवसर का लाभ उठा रहे हैं।ॐ नमः शिवाय। हर हर महादेव।

# गुरु पूजन के पावन उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 5 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य संगोष्ठी का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**नईदिल्ली।** आज का दिन भारतीय शिक्षा प्रणाली के 2020 इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण बन गया जब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के पांच वर्ष पूर्ण होने के गौरवमयी अवसर पर राजधानी दिल्ली में एक दिवसीय भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन का विषय था 'NEP 2020 में शिक्षक की भूमिका' और यह कार्यक्रम भारतीय शिक्षण मंडल, उत्तर-पूर्वी जिला तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET), कड़कड़डूमा, दिल्ली सरकार द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय (RPVV), सूरजमल विहार, दिल्ली के विशाल सभागार में संपन्न हुआ।

इस संगोष्ठी में उत्तर-पूर्वी जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों से आए हुए लगभग 250 शिक्षक-प्रशिक्षुओं ने भाग लिया और NEP के वर्तमान तथा भविष्य की दिशा पर गंभीर विमर्श में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार गुरुवंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने संपूर्ण वातावरण को एक आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक गरिमा से भर दिया।

मंच संचालन की बागडोर संभाली भारतीय शिक्षण मंडल, उत्तर-पूर्वी जिला, दिल्ली के जिला मंत्री श्री राघव आचार्य ने, जिन्होंने न केवल पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन किया, बल्कि मंचस्थ सभी विशिष्ट अतिथियों का शाल एवं पुष्पों से स्वागत भी किया। मंच की शोभा बढ़ाने वाले विशिष्ट अतिथियों में प्रमुख रूप से डॉ. बी. के. पाल, प्राचार्य DIET कड़कड़डूमा एवं मंडल संयोजक, प्रो. धनंजय जोशी, कुलपति, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, डॉ. मोनी सहाय, उपनिदेशक, इग्नू तथा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में पधारे श्री गणपति तेती जी, संगठन मंत्री (दिल्ली, पंजाब एवं हरियाणा) उपस्थित रहे।

श्री गणपति तेती जी ने अपने ओजस्वी संबोधन में गुरु की भूमिका को केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि एक जीवन निर्माता और ऋषि के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि NEP 2020 ने शिक्षक की भूमिका को पुनः स्थापित किया है और अब आवश्यकता है कि हम अपने शिक्षकों को गुरु से ऋषि बनने की दिशा में प्रशिक्षित करें। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरुकुल शिक्षा प्रणाली, आचार्य चाणक्य, स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद और दयानंद सरस्वती जैसे महापुरुषों के दृष्टांतों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि कैसे एक शिक्षक केवल सूचना का स्रोत न होकर संस्कृति, मूल्य और विचार निर्माण का केंद्र बन सकता है। उन्होंने यह भी बलपूर्वक कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और इसमें शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर धनंजय जोशी ने कहा कि NEP 2020 शिक्षा के क्षेत्र में बहुविषयकता, लचीलापन और नवाचार की अवधारणा को सशक्त बनाती है और इस नीति में शिक्षक को केंद्र में रखा गया है। डॉ. मोनी सहाय ने भारतीय ज्ञान प्रणाली (Indian Knowledge System) की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत की पारंपरिक विद्याएं जैसे योग, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान, गणित एवं तर्कशास्त्र आज वैश्विक मंच पर पुनः प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही हैं, और NEP उन्हें पाठ्यक्रम में स्थान देने का सशक्त अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर डॉ. बी. के. पाल ने कहा कि शिक्षक निर्माण अब केवल पाठ्य योजना आधारित प्रक्रिया नहीं है, यह एक नैतिक एवं सांस्कृतिक प्रशिक्षण की भी प्रक्रिया है, जो एक शिक्षक को एक दार्शनिक, मार्गदर्शक और नेतृत्वकर्ता बनाती है।

उन्होंने बताया कि DIET कड़कड़डूमा इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है और इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षुओं को यह समझाने का प्रयास किया गया है कि उनकी भूमिका केवल कक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में परिवर्तन लाने की है। संगोष्ठी में शिक्षक-प्रशिक्षुओं के साथ संवादात्मक सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें प्रशिक्षुओं ने NEP 2020 के विभिन्न आयामों — मातृभाषा में शिक्षा, स्कूली शिक्षा की पुनर्रचना, शिक्षक प्रशिक्षण, मूल्य आधारित शिक्षा, मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव — जैसे विषयों पर जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में व्यास पूजन तथा गुरु महिमा का श्रवण हुआ, जिसने इस आयोजन को केवल एक शैक्षिक संगोष्ठी न रखकर, एक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव में परिवर्तित कर दिया।

प्रतिभागियों ने सर्वसम्मति से यह अनुभव साझा किया कि यह कार्यक्रम न केवल उन्हें नई शिक्षा नीति को समझने में सहायक रहा, बल्कि इससे उन्हें ₹गुरु से ऋषि₹ बनने की दिशा में प्रेरणा एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा अब सूचना आधारित प्रक्रिया नहीं, बल्कि संस्कार आधारित प्रणाली होनी चाहिए, और इसके लिए शिक्षक को केवल प्रशिक्षित नहीं, बल्कि जागरूक, संस्कारी और द्रष्टा बनाना होगा। श्री गणपति तेती जी की गरिमामयी उपस्थिति इस संपूर्ण आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रही, और उनकी बातों ने शिक्षक-प्रशिक्षुओं के मन में नयी चेतना का संचार किया। यह आयोजन वास्तव में NEP 2020 की आत्मा — शिक्षक केंद्रित शिक्षा — को मूर्त रूप देने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास रहा।

# कुलमणि विश्वाल के कविता संग्रह 'प्रेमार्द्ध शतक' के हिंदी अनुवाद का लोकार्पण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**नई दिल्ली** राजस्थान साहित्य अकादमी के आलोचना पुरस्कार एवं भारतीय अनुवाद परिषद के शिखर सम्मान प्रोफेसर गार्गी गुप्त द्विवागीश पुरस्कार जैसे अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित प्रसिद्ध हिंदी लेखक दिनेश कुमार माली द्वारा ओड़यि साहित्य के ख्यातिलब्ध गीतकार डॉ. कुलमणि विश्वाल की चित्रों और गीतों की जुगलबंदी वाली पुस्तक 'प्रेमार्द्ध शतक' का नई दिल्ली के इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मास कम्यूनिकेशन के प्रेक्षागृह में ओड़िया एवं हिंदी साहित्य के आधिकारिक विद्वानों की उपस्थिति में एक भव्य आयोजन में विमोचन हुआ।

इस अवसर पर रीतियुगीन साहित्य के ओड़िया भाषा के विकास में योगदान पर प्रखर वक्ता डॉ. कृष्ण केशव षडंगी द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने प्रभावशाली वक्तृत्व शैली में उपेंद्र भंज, दीन कृष्ण दास, कवि सूर्य बलदेव रथ, ब्रजराज बडजेना आदि के छंदोबद्ध काव्य की गेयता, माधुर्य, एवं सांगीतिक गुणों की विशेषता पर प्रकाश डाला।

डॉ. कुलमणि विश्वाल की इस पुस्तक में इन गुणों की उपस्थिति के अनेक दृष्टांत भी उन्होंने प्रस्तुत किए। डॉ. कुलमणि विश्वाल बहुआयामी प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने कोल इंडिया व एनटीपीसी के वित्त विभाग के निदेशक जैसे शीर्ष मुकाम पर पहुंचने के साथ-साथ चित्रकला और छंदोबद्ध कविता को निखारकर फिर से नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। ओड़िया साहित्य के रीतियुग की कृतियों पर आयोजित आलोचना के प्रथम सत्र में 'पल्लीवाणी मिशन' के रामचंद्र नाथ, संजीव पाटजोशी, हौजखास स्थित जगन्नाथ मंदिर के सचिव और रविंद्र नाथ प्रधान और पवित्र महारथा ने भाग लिया। दूसरे सत्र में ' प्रेमार्द्ध शतक' के हिंदी संस्करण का विमोचन मान्यवर सांसद डॉक्टर विभु प्रसाद तराई, ओड़शिा के जगतसिंहपुर अंचल के सांसद सुकांत पाणिग्रही, दूरदर्शन के पूर्व महानिदेशक और हिंदी के मूर्द्धन्य कवि रमाकांत शर्मा 'उद्भ्रांत', दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीपी मिश्रा, ओड़िआ से हिंदी के वरेण्य अनुवादक डॉ. राजेंद्र मिश्रा और 'प्रेमार्द्धशतक' के अनुवादक दिनेश कुमार माली द्वारा सैकड़ों साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति में किया गया।

आयोजन के तृतीय सत्र में सुप्रसिद्ध ओड़िया गायिका सुष्मिता दास ने मूल ओड़िया 'प्रेमार्द्धशतक' के चयनित गीतों की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी। इस सत्र में डॉ. कुलमणि विश्वाल ने कैनवास पर एक पेंटिंग बनाते हुए अपनी चित्रकला में सुदक्षता का परिचय दिया। तुरंत ही इस पेंटिंग को प्रेक्षागृह में उपस्थित प्रवीर मोहंती ने ग्यारह हजार रुपए में खरीद लिया। इसके अतिरिक्त, दिव्यासिंह राउत, दक्षा सामल, स्नेहाली जेना और प्रियदर्शनी ने उड़िया संगीत और नृत्य में महारत रखने वाले दिल्ली के डॉ. कालीचरण पटनायक के संगीत की धुन पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। .अंत में, वरिष्ठ पत्रकार किशोर द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर कोल इंडिया के चेयरमैन श्री पीएम प्रसाद एवं ओपीजीसी के निदेशक वित्त ने उपस्थित होकर इस आयोजन में चार चाँद लगा दिए। ओड़िया महामंच के सभापति गोवर्धन धल एवं विजयनी फाउंडेशन की अध्यक्ष सुश्री रीता पात्र ने कार्यक्रम का भाव विभोर कर देने वाला सुंदर संचालन किया।

# नीतीश कटारा हत्याकांड : न्यायालय ने विकास यादव की अंतरिम जमानत चार हफ्ते के लिए बढ़ायी



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में 25 साल की जेल की सजा काट रहे विकास यादव को उसकी बीमार मां की देखभाल के लिए दी गई अंतरिम जमानत मंगलवार को चार हफ्ते के लिए बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यादव से कहा कि वह मामले में छूट के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करें। शीर्ष अदालत ने चिकित्सा आधार पर यादव की अंतरिम जमानत बढ़ायी है।

उच्चतम न्यायालय ने आठ मई को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मेडिकल बोर्ड की एक रिपोर्ट पर विचार किया था, जिसमें कहा गया था कि यादव की मां 'हेमोडायनामिक' रूप से स्थिर हैं और उन्हें छुट्टी दी जा सकती है।

'हेमोडायनामिक' रूप से स्थित एक मेडिकल शब्द है जिसका मतलब होता है कि व्यक्ति का रक्त प्रवाह और रक्तचाप सामान्य है यानी शरीर के प्रमुख अंगों जैसे कि मस्तिष्क, हृदय, किडनी को ठीक से खून व ऑक्सीजन मिल रहा है।

एम्स ने अपनी राय में कहा कि यदि मरीज फिजियोथेरेपी और दवाओं से ठीक नहीं होती है, तो फिर रीढ़ की हड्डी की कमर वाले हिस्से (लम्बर स्पाइनल कैनाल) के सर्जिकल डिकंप्रेसन की सिफारिश की जाती है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने यादव को अपनी मां की देखभाल करने के लिए दी गयी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ा दी थी।

न्यायालय ने 24 अप्रैल को यादव को अपनी बीमार मां से मुलाकात करने के लिए अंतरिम जमानत दी थी और निर्देश दिया था कि एम्स के चिकित्सकों का एक मेडिकल बोर्ड उनकी जांच करेगा।

शीर्ष अदालत ने जमानत की शर्तें लगाते हुए दोषी को गाजियाबाद स्थित अपने घर तक ही सीमित रहने और कटारा की मां नीलम कटारा सहित मामले के गवाहों से संपर्क न करने का निर्देश दिया था।

उच्चतम न्यायालय ने उसे एक लाख रुपये की जमानत राशि और इतनी ही राशि का मुचलका जमा करने की शर्त पर राहत प्रदान की थी।

विकास उत्तर प्रदेश के नेता डी पी यादव का बेटा है। उसके चचेरे भाई विशाल यादव को भी कटारा के अपहरण और हत्या के लिए सजा सुनाई गई थी।

दोनों विकास की बहन भारती यादव के कटारा के साथ कथित प्रेम संबंध के खिलाफ थे, क्योंकि वे अलग-अलग जातियों से थे। एक अन्य दोषी सुखदेव पहलवान को बिना किसी छूट के 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने विकास और विशाल यादव को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखते हुए दोनों को बिना किसी छूट के 30 साल की सजा सुनाई थी। उसने तीसरे दोषी पहलवान को 25 साल की जेल की सजा सुनाई थी। दिल्ली जेल प्रशासन ने पिछले साल यादव के आचरण को असंतोषजनक पाए जाने के बाद उसकी छूट की मांग को खारिज कर दिया था।

# उपराज्यपाल मानहानि मामला: दिल्ली उच्च न्यायालय ने मेधा पाटकर की सजा बरकरार रखी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दायर मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को सुनाई गई सजा को मंगलवार को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति शालिंदर कौर ने कहा कि अधीनस्थ अदालत के आदेश में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। इसी आदेश के खिलाफ पाटकर ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

न्यायमूर्ति कौर ने कहा, "इस अदालत को (अधीनस्थ अदालत के) आदेश में कुछ भी अवैध नहीं मिला और फैसले में किसी भी तरह के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए इसे (अपील को) खारिज किया जाता है।"

सक्सेना ने यह मामला 23 साल पहले दायर किया था, जब वह गुजरात में एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे।

# इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस में शामिल होने पर चौबीस देश सहमत: भूपेंद्र यादव



नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि भारत की अगुवाई में शुरू की गई अंतरराष्ट्रीय पहल 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' (आईबीसीए) में शामिल होने के लिए 24 देश सहमत हो गए हैं।

आईबीसीए वेबसाइट के अनुसार, 12 देश - भारत, आर्मेनिया, भूटान, कंबोडिया, इथियोपिया, इस्वातिनी, गिनी, लाइबेरिया, निकारागुआ, रवांडा, सोमालिया और सूरीनाम - वर्तमान में गठबंधन के सदस्य हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में यादव ने कहा कि भारत में बाघ अभयारण्यों की संख्या 2014 में 46 से बढ़कर वर्तमान में 58 हो गई है, जो राष्ट्रीय पशु की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मंत्री ने एक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान शुरू करने की भी घोषणा की, जिसके तहत सभी 58 बाघ अभयारण्यों में एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि बाघ संरक्षण में भारत की उपलब्धियां प्रकृति की रक्षा के प्रयासों में एक ₹मील का पत्थर₹ हैं। उन्होंने कहा कि बाघों की सुरक्षा का मतलब पर्यावरण की सुरक्षा भी है, क्योंकि बाघ एक शीर्ष प्रजाति है। आईबीसीए के बारे में सिंह ने कहा कि कई देशों ने भारत से अनुरोध किया है कि वह उनके अधिकारियों को बाघों के संरक्षण में प्रशिक्षण दे।

'प्रोजेक्ट चीता' के तहत अफ्रीका से और चीते लाने की योजना के बारे में पूछे जाने पर, सिंह ने कहा कि भारत के पास नामीबिया जैसे समान जलवायु क्षेत्रों से चीते लाने की ठोस योजना है। उन्होंने कहा, ''ये योजनाएं चल रही हैं। हम चीता संरक्षण के अपने प्रयासों में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।''

# क्या देश 'बनाना रिपब्लिक' बन गया है : भाकपा सांसद ने केरल की नन की गिरफ्तारी पर पूछा



नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सांसद पी. संदोष कुमार ने मंगलवार को कहा कि केरल की दो कैथोलिक नन की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में गिरफ्तारी ''अजीब और चौंकाने वाली'' है और उन्होंने सवाल किया कि क्या देश ''बनाना रिपब्लिक'' (कानून व्यवस्था विहीन राष्ट्र) बन गया है।

मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, केरल की दोनों नन को हाल ही में छत्तीसगढ़ के एक रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।

कुमार ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''यह एक अजीब और चौंकाने वाला मामला है। इन पर भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 143 के तहत मानव तस्करी का आरोप लगाया गया है। अगर एक से अधिक पीड़ित हों, तो इस अपराध में 10 साल से अधिक की सजा हो सकती है।''

उन्होंने पूछा, ''दुर्ग स्टेशन से आगरा स्टेशन तक की यात्रा को मानव तस्करी कैसे कहा जा सकता है? क्या यह देश 'बनाना रिपब्लिक' बन गया है?''

भाकपा सांसद ने कहा, ''भाजपा के राज में सभी अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। ईसाई नन और पादरी अब अपने पारंपरिक वस्त्र पहनने से भी डरने लगे हैं।''

उन्होंने कहा कि यह घटना एक बार फिर से भाजपा का ''पर्दाफाश'' करती है।

उन्होंने कहा, ''पिछले साल देश में ईसाई समुदाय के खिलाफ 834 से ज़्यादा अत्याचारों की घटनाएं दर्ज की गई थीं। इस साल भी यह सिलसिला लगातार जारी है। हम इनके आगे झुकने वाले नहीं हैं, हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे।''

कुमार ने कहा कि वाम दलों का एक प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहा है, जो रायपुर और दुर्ग भी जाएगा।

उन्होंने कहा, ''इन नन को तत्काल रिहा किया जाए। इनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोई आधार नहीं है। हम इस मामले से पूरी ताकत से लड़ेंगे।''

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे इस मामले का राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने गिरफ्तारी का बचाव करते हुए कहा कि वह ''बस्तर की बेटियों की सुरक्षा'' को लेकर चिंतित हैं।

बहरहाल, भाजपा की केरल इकाई ने साय के बयानों से खुद को अलग करते हुए कहा कि नन किसी मानव तस्करी या जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयास में शामिल नहीं थीं।

# दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में बारिश के कारण दीवार ढहने से महिला और उसके बेटे की मौत

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में उपराज्यपाल आवास के पास मंगलवार को बारिश के कारण एक इमारत की दीवार ढहने से 40 वर्षीय महिला और उसके बेटे की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिरने की सूचना सुबह नौ बजकर 53 मिनट पर मिली।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान मीरा और उनके 17 वर्षीय बेटे गणपत के रूप में हुई है।

अधिकारी ने बताया कि मीरा का दूसरा बेटा दशरथ (19) और नन्हे (35) नाम का एक व्यक्ति इस दुर्घटना में घायल हो गया।

# जांच का सामना कर रहे व्यक्ति को कानूनी राय देने वाले वकीलों को तलब नहीं किया जाना चाहिए : न्यायालय



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ वकील की भूमिका निभा रहा है, तो जांच एजेंसियों को उसे जांच का सामना कर रहे अपने मुवक्किल को कानूनी सलाह देने के लिए तलब नहीं करना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि, अगर कोई वकील "अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है", तो उसे समन भेजा जा सकता है।

प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह टिप्पणी जांच एजेंसियों द्वारा जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकीलों को तलब किए जाने से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान की।

पीठ ने कहा, "हमने शुरू में ही कहा था कि अगर कोई (वकील) अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है, तो उसे तलब किया जा सकता है... लेकिन केवल कानूनी सलाह देने के लिए नहीं।"

पीठ ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) जैसे बार निकायों की दलीलें सुनीं, जिनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह और वकील विपिन नायर ने किया।

सिंह, जो एससीबीए के अध्यक्ष भी हैं, ने इस बात पर चिंता जताई कि "मनमाने ढंग से समन जारी किए जाने" से कानूनी पेशे पर "गलत प्रभाव" पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, "अगर वकीलों को महज मुवक्किलों को सामान्य कानूनी सलाह देने के लिए समन भेजा जाने लगे, तो कोई भी (वकील) संवेदनशील आपराधिक मामलों में सलाह देने का साहस नहीं करेगा।"

सिंह ने मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से अपनाए गए सुरक्षा उपायों के समान सुरक्षा उपाय लागू करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि किसी वकील को तलब करने की अनुमति जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से ली जानी चाहिए और फिर इसे जारी करने से पहले न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से इसकी जांच की जानी चाहिए।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता इस बात से सहमत थे कि वकीलों को केवल कानूनी सलाह देने के लिए नहीं तलब किया जाना चाहिए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वकील और मुवक्किल के बीच संचार के विशेषाधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए।

मेहता ने ऐसे उपाय लागू करने के प्रति आगाह किया, जिससे असमानता पैदा हो सकती है।

उन्होंने कहा, "केवल वकीलों को तलब करने के लिए मजिस्ट्रेट की अनुमति, गैर-वकीलों को नहीं, अनुच्छेद-14 का उल्लंघन हो सकती है।"

पीठ ने निर्देश दिया कि एससीबीए और एससीएओआरए की ओर से पेश लिखित सुझाव तीन दिन के भीतर सॉलिसिटर जनरल और अटॉर्नी जनरल को भेजे जाएं।

मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की गई है, जब केंद्र अपना पक्ष रखेगा।

# डीसीजीआई ने 'रेनिटिडिन' में संभावित कैंसरकारी रसायन की मौजूदगी की निगरानी के निर्देश दिए

नयी दिल्ली, (भाषा) औषधि नियामक डीसीजीआई ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विनिर्माताओं को पेट में 'एसिड' को कम करने वाली दवा 'रेनिटिडिन' में संभावित कैंसरकारी रसायन-एन-नाइट्रोसोडिमिथाइलमाइन - की मौजूदगी की निगरानी करने का निर्देश देने को कहा है।

'रेनिटिडिन' का उपयोग पेट में बनने वाले 'एसिड' की मात्रा को कम करने के लिए किया जाता है, तथा 'एसिड रिफ्लक्स' और पेट या आंतों के अल्सर के उपचार में भी इसका उपयोग किया जाता है। भारतीय औषधि महानियंत्रक ने 24 जुलाई को एक पत्र में कहा कि एन-नाइट्रोसोडिमिथाइलमाइन की उपस्थिति के कारण 'रेनिटिडिन' दवा की सुरक्षा से संबंधित मुद्दा काफी समय से विचाराधीन है और समय-समय पर विभिन्न उपाय किए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि पिछले वर्ष दिसंबर में एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी और विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट इस वर्ष अप्रैल में औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) की 92वीं बैठक में रखी गई थी।

पत्र में कहा गया है कि डीटीएबी ने विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सिफारिश की है कि एक बड़ी समिति गठित करने की आवश्यकता है जो 'रैनिटिडीन' के भंडारण की स्थिति सहित सभी पहलुओं पर विचार करेगी।

साथ ही यह सुझाव दिया गया कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद एनडीएमए की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए 'रेनिटिडिन' दवा की सुरक्षा का आकलन करने के लिए एक अध्ययन कर सकती है। पत्र में कहा गया है कि निर्माताओं को एपीआई/फॉर्मूलेशन में एनडीएमए के स्तर की निगरानी करनी चाहिए तथा दवाई की समय अवधि (शेल्फ लाइफ) को कम करने जैसे जोखिम आधारित उपाय भी करने चाहिए।

# वर्ष 2021 से अब तक 50 फीसदी से अधिक बाघों की मौत अभयारण्यों के बाहर हुई : सरकार



नयी दिल्ली, (भाषा) भारत में 2021 से 2025 तक अब तक हुई बाघों की मौतों में से आधे से ज्यादा मौतें संरक्षित अभयारण्यों के बाहर हुई हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से सामने आए हैं। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, इस अवधि के दौरान 667 बाघों की मृत्यु हुई, जिनमें से 341 बाघों की मृत्यु अभयारण्यों के बाहर हुई, जो कुल संख्या का 51 फीसदी है।

वर्षवार आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 129 बाघों की मौत हुई, 2022 में 122; 2023 में 182; 2024 में 126 और 2025 में अब तक 108 बाघों की मौत हुई। वहीं, वर्ष 2021 में अभयारण्यों के बाहर 64 बाघों की मौत हुई; 2022 में 52; 2023 में 100; 2024 में 65 और 2025 में अब तक 60 बाघों की मौत हो चुकी है।

महाराष्ट्र में अभयारण्यों के बाहर सबसे ज्यादा 111 बाघों की मौत दर्ज की गई, इसके बाद मध्यप्रदेश में 90 बाघों की मौत हुई।

महाराष्ट्र में वर्ष 2021 में अभयारण्यों के बाहर 23 बाघों की मौत हुई थी, मध्यप्रदेश में 18, केरल में पांच और तेलंगाना में चार बाघों की जान गई थी। महाराष्ट्र में वर्ष 2022 में अभयारण्यों के बाहर 18 बाघों की मौत हुई थी, जबकि मध्यप्रदेश में 12 और केरल व उत्तराखंड में चार-चार बाघों की जान गई थी। महाराष्ट्र में वर्ष 2023 में अभयारण्यों के बाहर 34 बाघों की मौत हुई थी। वहीं, मध्यप्रदेश में 13, केरल और उत्तराखंड में 11-11 और कर्नाटक में छह बाघों की मौत हुई।

मध्यप्रदेश में वर्ष 2024 में 24 बाघों की जान गई, जबकि महाराष्ट्र में 16 बाघों की मौत हुई। इस वर्ष अब तक महाराष्ट्र में अभयारण्यों के बाहर 20 बाघ, मध्यप्रदेश में 13, केरल में आठ और कर्नाटक में सात बाघों की जान गई है। एनटीसीए के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2012 से 2024 के बीच 1,519 बाघों की मौत हुई, जिनमें से 634 या 42 प्रतिशत बाघों की मौत अभयारण्यों के बाहर हुई।

# गृह मंत्री को राजधर्म का पालन और अपनी नाकामी स्वीकार करनी चाहिए: कांग्रेस



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें राजधर्म के सिद्धांत का पालन करने के साथ पहलगाम हमले की नाकामी स्वीकार करनी चाहिए।

लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने सदन में गृह मंत्री शाह के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह और राहुल गांधी के कारण पहलगाम आतंकी हमला नहीं हुआ, बल्कि वर्तमान सरकार की विफलता के कारण हुआ।

गोगोई ने संवाददाताओं से कहा, ''गृह मंत्री ने करीब डेढ़ घंटे के भाषण में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की पत्नियों से अपने विभाग की विफलता और खुफिया विफलता के लिए एक बार भी माफी नहीं मांगी।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वीकार किया है कि सुरक्षा चूक हुई, लेकिन शाह ने इसे स्वीकार करने की हिम्मत भी नहीं की।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''उन्होंने पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी जी, राजीव गांधी जी और मनमोहन सिंह जी के बारे में बात की। माफ करिये, नेहरू के कारण पहलगाम नहीं हुआ। संप्रग सरकार और मनमोहन सिंह के कारण पहलगाम नहीं हुआ। सोनिया जी और राहुल जी के कारण पहलगाम नहीं हुआ। पहलगाम हुआ क्योंकि आप विफल हुए।''

उन्होंने कहा, ''आज आप को राजधर्म के सिद्धांत का पालन करना चाहिए था। आज आप यह कहने का नैतिक साहस भी नहीं जुटा सके कि यह एक विफलता थी और पहलगाम में मारे गए लोगों की पत्नियों से माफी मांगें और अपनी नैतिक जिम्मेदारी लें।''

गोगोई ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम के पीछे अपनी नाकामी छिपाना चाहते हैं।

उनका कहना था, ''उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए।''

कांग्रेस नेता ने गृह मंत्री द्वारा उनके पाकिस्तान दौरे को लेकर कटाक्ष किए जाने पर पलटवार करते हुए कहा, ''मोदी जी बिरयानी खाने के लिए जब पाकिस्तान गए थे, उससे पहले मैं गया था। शायद अमित शाह ही यह बता सकते हैं कि बीसीसीआई भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच पर जोर क्यों दे रही है।''

# उच्चतम न्यायालय ने आजम खान के बेटे अब्दुल्ला से जुड़े दो मामलों की सुनवाई पर रोक लगाई



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें रामपुर की सांसद-विधायक अदालत को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक आजम खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान से जुड़े दो मामलों में सुनवाई आगे बढ़ाने को कहा गया था।

न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अब्दुल्ला द्वारा दायर एक अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया।

उच्च न्यायालय ने 23 जुलाई को अब्दुल्ला आजम की उन दो याचिकाओं को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की सुनवाई को चुनौती दी थी। पहला मामला अब्दुल्ला के कथित फर्जी पासपोर्ट और दूसरा मामला उनके दो पैन कार्ड प्राप्त करने से संबंधित है।

उच्च न्यायालय ने कहा, ''मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, मेरे विचार से यह आवेदन निराधार है और खारिज किए जाने योग्य है।''

अब्दुल्ला ने दोनों मामलों को लेकर उच्च न्यायालय में अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं और रामपुर की सांसद/विधायक अदालत में चल रहे मुकदमों की पूरी आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने का अनुरोध किया।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को रामपुर में अब्दुल्ला के खिलाफ के खिलाफ एक मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अब्दुल्ला ने गलत जन्मतिथि बताकर कर पासपोर्ट हासिल किया जो धोखाधड़ी और पासपोर्ट अधिनियम का उल्लंघन है।

शिकायत के अनुसार अब्दुल्ला को 10 जनवरी 2018 को पासपोर्ट जारी किया गया। पासपोर्ट में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है, जबकि उनके शैक्षिक प्रमाणपत्रों में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 बताई गई है।

सक्सेना ने छह दिसंबर 2019 को रामपुर के सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला और उनके पिता आजम खान के खिलाफ एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी।

सक्सेना ने आरोप लगाया कि अब्दुल्ला ने 2017 के विधानसभा चुनावों के दौरान अपने चुनावी हलफनामे में गलत पैन नंबर दिया था। सक्सेना ने आजम खान पर धोखाधड़ी करने और झूठा होने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि सपा के वरिष्ठ नेता ने अपने बेटे को चुनाव लड़ाने के लिए धोखाधड़ी से दो पैन कार्ड बनवाए।

उनके अनुसार, अब्दुल्ला ने निर्वाचन आयोग को दिए हलफनामे में कथित तौर पर यह तथ्य छिपाया। अब्दुल्ला ने हलफनामे में एक पैन नंबर दिखाया, लेकिन अपने आयकर रिटर्न दस्तावेजों में दूसरा नंबर इस्तेमाल किया।

# आतिशी ने जलभराव को लेकर दिल्ली सरकार की आलोचना की, गाद निकालने के काम की जांच की मांग की



पणजी, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने मानसून सीजन से पहले दिल्ली में किए गए गाद हटाने के कार्यों की जांच की मंगलवार को मांग की और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर धन हड़पने का आरोप लगाया।

गोवा के तीन दिवसीय दौरे पर आईं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गाद निकालने पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में जलजमाव हो रहा है।

आतिशी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, "यह पता लगाने के लिए जांच की जानी चाहिए कि यह पैसा किसकी जेब में गया। क्या यह दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री प्रवेश वर्मा की जेब में गया या यह भाजपा के खजाने में गया?"

उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि इस मौसम में दिल्ली में जलजमाव नहीं होगा, लेकिन अब वे इलाके भी बाढ़ की चपेट में हैं जहां कभी पानी नहीं भरा।

आतिशी ने आरोप लगाया, "सांसदों की गाड़ियां तैर रही हैं। वे नावों में बदल गयी हैं।"

'आप' की गोवा इकाई की प्रभारी आतिशी ने कहा कि तटीय राज्य के लोग बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि सिर्फ विपक्षी दल ही नहीं बल्कि मंत्री भी प्रमोद सावंत के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की पोल खोल रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि 'आप' राज्य में एक राजनीतिक विकल्प के रूप में उभर रही है।



# लगातार जारी है अपराध और अपराधों के जवाब में पुलिस का हाफ एनकाउंटर

- सुनसान सड़कों पर लूट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, पुलिस आत्मरक्षा में दोनों के पैर में लगी गोली, दोनों पर दर्ज हैं दर्जन भर से अधिक मुकदमे

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। बिथरी चैनपुर पुलिस ने नहर पटरी पर मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को दबोच लिया। दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, जिंदा कारतूस, लूटे गए सोने के गहने, मोबाइल और नकदी के साथ चोरी की स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। बदमाशों पर बरेली, शाहजहांपुर और हरदोई में दर्जनों संगीन मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें।नवादिया हरकिशन गांव के पास 26 जुलाई को एक दंपति के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। लुटेरों ने दंपति से मोबाइल, सोने के कुण्डल और गले का पेंडल लूट लिया था। सोमवार रात बिथरी चैनपुर की पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि दो संदिग्ध युवक एक चोरी की बाइक पर कचौली इलाके में घूम रहे हैं और उनके पास हथियार भी हैं। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन बदमाशों ने फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल हो गए और गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस के हत्थे चढ़े शाहजहांपुर के थाना सिंधौली के काजीपुर निवासी 30 वर्षीय शानू खां और बारादरी के जोगी नवादा मोजल्ला शेर अली गौटिया निवासी 42 वर्षीय बब्बू उर्फ आशीष तिवारी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कियाा है। पुलिस ने इनके पास से दो तमंचा 315 बोर, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस, मोबाइल, सोने के कुंडल और पेंडल, नकद रुपये और चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम:** आरोपियों को गिरफ्तारी में बिथरी चैनपुर इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश शुक्ल, दरोगा अंकुर कुमार, इन्तजार हुसैन और कांस्टेबल विजिल मलिक, अजय गुप्ता, आकाश, शिवकुमार शामिल रहै।

### बदमाशों ने कबूला जुर्म

पुलिस पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे सुनसान रास्तों पर अकेले या दंपतियों को देख लूटपाट करते थे। उन्होंने यह भी बताया कि लूटा गया एक सोने का कुण्डल 10 हजार में जगतपुर के एक सुनार को बेचा था। दोनों के पास तमंचा और कारतूस हमेशा रहते थे ताकि विरोध पर फायर कर सकें। गिरफ्तार शानू खां के खिलाफ शाहजहांपुर, हरदोई और फतेहगढ़ में हत्या, डकैती, लूट, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट के तहत कुल 14 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं बब्बू उर्फ आशीष तिवारी के खिलाफ बरेली, शाहजहांपुर और हरदोई में चोरी, लूट, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट के तहत 10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# जिलाधिकारी बोले: शासन से जो भी लक्ष्य प्राप्त हो उसे शत प्रतिशत पूर्ण करें

- सी.एच.सी./पी.एच.सी. तथा प्राथमिक विद्यालयों का करें निरीक्षण, मिल डे मील में बन रहे भोजन की गुणवत्ता परखने के दिए निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**



बरेली, । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज राजस्व विभाग से सम्बंधित सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राजस्व विभाग से सम्बंधित सी0एम0 डैशबोर्ड पर सी, डी एवं ई श्रेणी वाले विभागों की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन से जो भी लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसे शत प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भूलेख सम्बन्धी जो भी वाद लम्बित हैं उनका अति शीघ्र निस्तारण किया जाए।

बैठक में उपायुक्त उद्योग को एम.एस.एम.ई. योजना के अन्तर्गत ऋण उपलब्ध कराने की स्थिति में सुधार करने के निर्देश दिए। समीक्षा में पाया कि गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति अच्छी नहीं है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कृषकों का गन्ना मूल्य भुगतान यथाशीघ्र शत प्रतिशत किया जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि कृषकों को यूरिया और डीएपी की सहज उपलब्धता करायी जाए।

बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार को निर्देश दिए कि सी.एच.सी./पी.एच.सी. तथा प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण करें और निरीक्षण के दौरान मिल डे मील में बन रहे भोजन की गुणवत्ता को भी परखा जाए।

### खनन की बढ़ती शिकायतों पर कड़ी नाराजगी सख्त निर्देश

बैठक में पाया की खनन विभाग की शिकायतें अधिक प्राप्त हो रही हैं, जिसका संज्ञान शासन स्तर से भी लिया जा रहा है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा संतोष कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मां की करूण चीत्कार, मेरे लाल से क्या गलती हो गई भोलेनाथ

- हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटते समय सड़क हादसा, भाई की मौत, दूसरा घायल

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली।थाना सुभाष नगर क्षेत्र के पटेल विहार निवासी प्रमोद ने बताया कि उनके दोनों भतीजे – 30 वर्षीय शोभित और 25 वर्षीय सौरभ – रविवार को हरिद्वार जल लेने के लिए बाइक से रवाना हुए थे। सोमवार को जल लेकर लौटते समय यह दुखद हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि हरिद्वार से जल लेकर बरेली लौटते समय नजीबाबाद के पास दोनों बाइक सवारों को नींद की झपकी आ गई, जिससे उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस भीषण हादसे में बाइक चालक शोभित (30) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका छोटा भाई सौरभ (25)गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस द्वारा बरेली घायल सौरभ को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां लक्ष्मी देवी और पत्नी अर्चना का रो-रोकर बुरा हाल है। मां बार-बार भगवान भोलेनाथ से यही पूछ रही है कि भोलेनाथ मेरे लाल से क्या गलती हो गई थी जो तुमने मेरी गोद सूनी करके अपने पास बुला लिया। हृदय विदारक चिखों को जिसने भी सुना सिहर उठा। बताया जा रहा है कि मृतक शोभित अखबार होकर का काम करता था और चार दिन पहले ही अपनी बेटी का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास से मनाया था। जल लेकर वह बरेली में बोल बम की बोली चढ़ाने का संकल्प लेकर गया था, लेकिन यह यात्रा उसकी अंतिम यात्रा साबित हुई। फिलहाल घायल सौरभ का उपचार बरेली के जिला अस्पताल में जारी है। शोभित परिवार में दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था।

# सांसद डिंपल यादव पर की गई अभद्र टिप्पणी पर गजल अंसारी ने मोर्चा संभाला

- समाजवादी महिला सभा महानगर अध्यक्ष गजल अंसारी ने कार्यकताओं के संग, मौलाना साजिद रशीदी की तत्काल गिरफ्तारी के संबंध में एसएसपी को शिकायती पत्र सौपा

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। समाजवादी पार्टी महिला सभा की महानगर अध्यक्ष सरताज गजल अंसारी ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अपने कार्यकताओं के साथ एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने मांग की कि सांसद डिंपल यादव पर की गई अभद्र टिप्पणी के लिए मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

गजल अंसारी ने अपने पत्र में कहा कि डिंपल यादव न केवल समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की प्रतीक भी हैं। ऐसे में उनके खिलाफ सार्वजनिक रूप से की गई टिप्पणी न केवल व्यक्तिगत रूप से अपमानजनक है, बल्कि यह समस्त महिला समाज की गरिमा पर हमला है।

उन्होंने मौलाना साजिद रशीदी की टिप्पणी को ₹अत्यंत आपत्तिजनक, अशोभनीय और स्त्री गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली₹ करार दिया। साथ ही कहा कि इस तरह के बयान सामाजिक सौहार्द और सार्वजनिक शांति के लिए भी खतरा बन सकते हैं।महिला सभा ने एसएसपी से मांग की कि आरोपी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर उसकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि यह स्पष्ट संदेश जाए कि महिलाओं के सम्मान के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## करंट लगने से हुई भैंस की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।

जसराना। थाना क्षेत्र के गांव नगला कलू में करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई। भैंस की मौत के बाद पशुपालकों एवं ग्रामीणों ने बिजली विभाग के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

थाना जसराना के गांव के गांव नगला कलू निवासी रामकिशन के पुत्र देवेंद्र सिंह की भैंस सरकारी ट्यूबवैल पर बंधी हुई थी। मंगलवार की सुबह ऊपर से जा रहा हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। तार की चपेट में भैस के आने से उसकी मौत हो गई। भैंस की मौत की जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पशु चिकित्सा विभाग के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। पशुपालकों ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# ऊपरी हवा के शक में बुजुर्ग पर चाकू से हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

- खून से लतपथ बुजुर्ग को खेत में छोड़कर फरार

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली थाना सिरौली क्षेत्र के बेल गुजिया गांव निवासी 50 वर्षीय धर्मपाल पर सोमवार शाम को खेत में बैठे समय चाकू से हमला कर दिया गया। घायल अवस्था में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायल धर्मपाल ने बताया कि वह खेत में उड़त की फसल की नारीइ कर रहे थे, तभी गांव के ही हेमराज और महेंद्र पाल आए और आरोप लगाने लगे कि ह्वतूने मेरे बच्चों पर ऊपरी हवा का चक्कर कराया है ह्व इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान हेमराज और महेंद्र पाल ने अपने साथियों की मदद से धर्म पल के बाएं पैर पर चाकू से हमला कर दिया और उन्हें खून से लथपथ हालत में वहीं छोड़कर फरार हो गए। घायल ने किसी तरह पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एक तरफ कुआं तो दूसरी तरफ खाई महिला ने घबराकर अपनी जान गवाई

- सांप से घबराकर रेलवे ट्रैक पर भागी महिला, ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली।थाना कैंट क्षेत्र के गांव पालपुर कमालपुर निवासी 50 वर्षीय फिजा की सोमवार शाम को एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। महिला की बेटी शाहरुख ने बताया कि उनकी मां गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे घास काट रही थीं, तभी अचानक एक सांप दिखाई दिया जिससे वह बुरी तरह घबरा गईं। घबराहट में फिजा रेलवे ट्रैक की तरफ भाग गईं और उसी समय तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गईं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी गांव वालों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही परिजनों को घटना की सूचना दी। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चौकी प्रभारी पर लगा महिला से मारपीट का आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला । सोमवार देर रात्रि थाना टूंडला क्षेत्र की चौकी राजा के ताल के प्रभारी पर एक युवक को पूछताछ के लिए देर रात्रि घर से ले जाने के दौरान महिला ने मारपीट करने तथा गाली गलौज एवं अपशब्द कहने का आरोप लगाया । महिला ने मामले को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद से आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है । अवगत करा दें कि देर रात्रि करीब 10:15 बजे थाना टूंडला के चौकी राजा का ताल क्षेत्र के गांव उसायनी में दलित समुदाय की बस्ती में एक पीड़ित की शिकायत पर जांच के लिए पहुंचे जहां महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे पति ने दो दिन पूर्व मेरे साथ मारपीट की तथा मुझे घर से निकाल दिया था जिसके बाद में अपने परिवार के ही पड़ोसी के घर में स्वयं की इच्छा से रह रही थी जिसके बाद मेरे पति पुलिस को लेकर आए तथा पुलिसकर्मी मामले की बिना कोई जानकारी किए गुलशन को ले जाने लगे तो मैने कहा कि उन्हें कपड़े पहन लेने दो जिसपर चौकी प्रभारी राजा का ताल शिवभान राजावत ने मुझे गंदी गंदी गलियां दीं पुलिस ने मेरे साथ मारपीट की जिससे मेरे हाथ में डंडा लगने से खून निकल आया तथा गुलशन की मां के भी घूंसा मारा और गुलशन को चौकी ले गए ।

फिलहाल महिला ने मामले को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के लिए ऑनलाइन आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है ।

# खेड़ा वाले मंदिर परिसर में लगा मेला, पूजा अर्चना की

- सुरक्षा की दृष्टिगत थाना पुलिस रही मौजूद



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

बनियाठेर। थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में सैकड़ो बरसों से पूर्व चली आ रही धार्मिक परंपरा के मुताबिक मंगलवार श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की नाग पंचमी के दिन भारी तादात में श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना की गई ' सुबह 5:00 बजे से लेकर शाम तक गुंमथल के खेड़े एवं पुरातत्व विभाग के संरक्षित स्थान पर जाहरवीर बाबा का मंदिर स्थित है ' यहां श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की नाग पंचमी के दिन भारी तादाद में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना करते है तथा परंपरा के मुताबिक खीर पूडी दूध एवं झंडी पताका को चढ़ाकर के पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु नजर आए वहीं ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं की जानकारी के मुताबिक मान्यता है कि इस मंदिर पर नव विवाहित जोड़ा एवं प्रथम बच्चा जन्मोप्रांत इसी मंदिर पर विशेष रूप से पूजा अर्चना करने आते हैं वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर का इतिहास पुराने बुजुर्गों के समय से चला रहा है जबकि प्रथम पूजा कब हुई यह जानकारी किसी को नहीं हालांकि आज भारी तादाद में श्रद्धालुओं थाना बनिया ठेर की पुलिस व्यवस्था की सुरक्षा में पूजा अर्चना कर नाग पंचमी का त्यौहार मनाया गया वही व्यवस्था में हीरा मुनि बाबा, दीपक दिवाकर, नंदकिशोर प्रधान, सत्येंद्र पाठक, राकेश दिवाकर, भगवान दास मौर्य, ऋषिपाल प्रजापति, धान सिंह, लाला राम मौर्य, राकेश प्रजापति, झमन, ईश्वरी, तेजपाल पासी, दुर्गेश दिवाकर, आदि लोग मौजूद रहे।

# सौरभ सैनी बने नगराध्यक्ष, जोरदार स्वागत



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। मंगलवार को नगर के महाराज शूरसेन सैनी पार्क में सैनी समाज की एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कमेटी के नए अध्यक्ष व नए युवा अध्यक्ष का चयन किया गया। जिसमें सौरभ सैनी को सर्व सैनी समाज की सहमति से निर्विरोध नगर अध्यक्ष चुना गया। व अंकित सैनी को युवा अध्यक्ष चुना गया। सौरभ सैनी पूर्व मैं कमेटी के युवा अध्यक्ष भी रहे हैं और भी कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं इस दौरान सौरभ सैनी ने कहा की वह अपने पद का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। वहीं सौरभ सैनी के अध्यक्ष चुने जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके समर्थको ने ढोल नगाड़ों के साथ सौरभ सैनी को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, राजेंद्र सैनी, सुनील सैनी, शंकर लाल सैनी, बालकिशन सैनी, पूरन सैनी, संजीव सैनी, विनेश सैनी, एडवोकेट जयप्रकाश, शिवकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल छीनकर फरार हुए बाइक सवार, पुलिस जांच में जुटी

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



गुन्नौर। थाना क्षेत्र के कल्लू नगला निवासी युवती से दिनदहाड़े मोबाइल और नकदी छीन ली गई। पीड़िता सुहानी पुत्री सूरजपाल के अनुसार, वह 28 जुलाई की शाम करीब 4:45 बजे बाजार से सामान खरीद कर घर लौट रही थी। जैसे ही वह बाबूराम इंटर कॉलेज के पास पहुंची, तभी दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल से आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। मोबाइल कवर में रखे 2000 रुपये भी साथ ले गए। सूचना मिलने पर जब गुन्नौर कोतवाली के थाना अध्यक्ष अखिलेश प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना उनके संज्ञान में है। यह वारदात बबराला मैंने चौराहे के पास हुई है, जहां चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# भिरावटी गांव में कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को बच्चे परेशान, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



रजपुरा। विकासखंड के गांव भिरावटी के मुख्य मार्ग की जर्जर हालत से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रास्ते की मरम्मत व पक्के निर्माण की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि मेमेड़ी के घेर की ओर जाने वाला यह एकमात्र मुख्य रास्ता बारिश में कीचड़ और गंदे पानी से भर जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के दौरान रास्ते की हालत और भी भयावह हो जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस समस्या की जानकारी पंचायत स्तर पर कई बार दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ज्ञापन देने वालों में मुकेश यादव बीडीसी सदस्य, विपिन कुमार, कालीचरन, गोपाल सिंह, हीरालाल, अजयपाल, सूरजपाल, परमजीत, मोनू, छोटेलाल, श्यौराज आदि ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# नगर पंचायत की लापरवाही, जुलेपुरा मोहल्ले की हालत बदहाल

● गंदे पानी से गुजरने को मजबूर 50 परिवार संक्रमण का खतरा गहराया

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गुन्नौर। नगर पंचायत की कार्यप्रणाली इन दिनों सवालों के घेरे में है। मोहल्ला जुलेपुरा वार्ड नंबर 2 स्थित कौशर पीर जी किराना स्टोर के पास की गली में नालों की सफाई न होने से गंदा पानी लगातार सड़कों पर भर जाता है। एक दो दिन नहीं, बल्कि हफ्तों हफ्तों तक सड़कों पर बिना बरसात पानी भरा रहता है अभी भी कलियों की नालियां मैं गंदगी पसरी हुई है जिसकी वजह से नालियों का पानी सड़कों पर पहुंच रहा है करीब एक हफ्ते से अधिक समय से गली जलमग्न रही थी लेकिन अभी भी गलियों में नालियों में भारी गंदगी पसरी है और सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी है। नगर पंचायत की लापरवाही के कारण मोहल्ले के करीब 50 परिवार रोजाना गंदे पानी से होकर आने-जाने को मजबूर हैं।





### संक्रमण का खतरा, बीमारियों की दस्तक

गली में इस गंदे पानी के कारण संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में पहले से ही मच्छरों की भरमार है और अब यह गंदगी गंभीर बीमारियों को न्यौता दे रही है। यदि समय रहते नालों की सफाई नहीं कराई गई तो डेंगू, मलेरिया, स्किन इंफेक्शन व गैस्ट्रो जैसी बीमारियों का फैलाव तय है। बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ने का खतरा सबसे ज्यादा बना हुआ है।

**न सफाई कर्मी, न सुनवाई:** स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत की गई, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। न तो कोई सफाईकर्मी गली में आता है और न ही किसी अधिकारी ने अब तक मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। नालों की सफाई ना होने से पानी का बहाव अवरुद्ध है, जिससे यह गलियां नाले में तब्दील हो जाती हैं और गलियों में पानी भर जाता है तथा आज भी गली की नालियां जाम पड़ी हैं जिन्हें देखने के लिए ना तो नगर पंचायत आती है और ना ही कोई सफाई कर्मी।

### जनता का सवाल कब जागेगा प्रशासन

मोहल्ले के निवासी अब पूछ रहे हैं क्या नगर पंचायत को गंदगी और बीमारियों से जूझती जनता की कोई चिंता नहीं। क्या अधिकारी सिर्फ कागजों में सफाई दिखाकर जिम्मेदारियों से बचना चाहते हैं? और क्या हर बार जनता को अपनी समस्या का हल कराने के लिए आंदोलन ही करना पड़ेगा।

**मोहल्ले वालों की चेतावनी अब करेंगे बड़ा आंदोलन:** निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई नहीं कराई गई और जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो उन्हें मजबूरन नगर पंचायत कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा। इसके अलावा जिला प्रशासन और उपजिलाधिकारी से भी मिलकर लिखित शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

# विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का किया होगा आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल प्रमिला भारती उप क्रीडा अधिकारी सम्भल कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ से जिला स्तरीय प्रतियोगिता पत्रांक/2025-26 दिनांक 18.06.2025 के निदेर्शानुसार जिला खेल कार्यालय बहजोई (सम्भल) द्वारा विभिन्न खेलों की जिलास्तरीय प्रतियोगिता/ट्रायल का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है, जिसमें आपके विद्यालय के बालिका वर्ग की टीमों को सदर आमंत्रित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रत्येक बालिकाकी आयु, जन्मतिथि आप द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना अनिवार्य है, साथ ही अपने विद्यालय की टीम के साथ खेल अध्यापक/अध्यापिका को आवश्यक रूप से टीम के साथ सम्बंधित खेल की निर्धारित किट में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। आयोजन स्थल मिनी स्टेडियम, बहजोई जनपद सम्भल ,01 कबड्डी ,30.07.2025, सायं 04:00 बजे होंगा ' आपसे अनुरोध है कि जनपद स्तर की प्रतियोगिता की निर्धारित तिथि में अपने विद्यालय की टीमों को भेजने का कष्ट करें। प्रतियोगिता में एंट्री निशुल्क है, प्रतियोगिता से उत्कृष्ट खिलाडियों का चयन करने जनपद स्तर की टीम का चयन किया जायेगा जोकि आगामी 02.08.2025 को मुरादाबाद के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में होने वाली मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता/चयन ट्रायल में प्रतिभाग करेगी। अधिक जानकारी के लिया संपर्क आशु शर्मा मो.नं. 8630739100, अजय कुमार मो. नं. 9027282448, नादिर रजा, अंशकालिक प्रशिक्षक मो. नं. 9456074523 से संपर्क कर सकते हैं तथा प्रतियोगिता में किसी समस्या के निदान के लिए अदोहस्ताक्षरी के मो. नं. 8076425911 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का विवरण निम्न प्रारूप पर भेजने का कष्ट करें-
खिलाडी का नाम
पिता का नाम
जन्मतिथि
आधार कार्ड संख्या
मोबाइल नं
प्रतियोगिता का नाम

# चाकू के साथ जीआरपी पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला के आदेशानुसार अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह थाना जीआरपी चन्दौसी के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 नीरज कुमार मातोंडकर मय जीआरपी/आरपीएफ टीम ने रेलवे स्टेशन चन्दौसी प्लेटफॉर्म पर गस्त/चेकिंग के दौरान मंगलवार को टावर वेगन शेड के पास स्थित पटरी रेलवे स्टेशन चन्दौसी क्षेत्र थाना जीआरपी चन्दौसी से समय करीब 12.05 बजे 01 नफर अभियुक्त जाहिद उर्फ काला उर्फ दय्यर निवासी मौ० बंजारन कय्युम होटल के पीछे कस्बा व थाना कोतवाली हसनपुर जनपद अमरोहा उम्र करीब 21 वर्ष को रेलवे स्टेशन चन्दौसी प्रतिबंन्धित क्षेत्र से मय एक अदद चाकू नाजायज के गिरफ्तार किया व गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 08/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व धारा 147 रेलवे एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया ' आरोपी शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, रेलवे स्टेशन चन्दौसी क्षेत्र के सुनशान एरिया में में बुजुर्ग महिलाओं व अकेले यात्रियों को टारगेट कर चाकू का डर दिखाकर उनके मोबाइल, बैग, पर्स, नगदी व अन्य कीमती सामान की चोरी/ छिनाछपटी करता है तथा चोरी किये सामान आदि को बेचकर धनार्जन करता है । अभियुक्त के खिलाफ अन्य थानों में भी आपराधिक इतिहास है जिसके सम्बन्ध में अन्य थानों से जानकारी की जा रही है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद थाना जीआरपी चन्दौसी क्षेत्र में हो रही आपराधिक घटनाओ में निश्चित ही कमी आयेगी ' नीरज कुमार मातोड़कर थाना जीआरपी चन्दौसी,कां0 शुभम कुमार,हे0का0 दिनेश कुमार आरपीएफ ,का0 जितेन्द्र कुमार आरपीए के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी को आजीवन कारावास व 15 हजार लगाया अर्थदंड

नेशनल एक्सप्रेस/संभल। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में मंगलवार को मु0अ0सं0 69/2014 धारा 307 भादवि थाना चन्दौसी जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त हिमांशू शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी मौ० हनुमानगढ़ी कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायालय सम्भल, स्थित चन्दौसी द्वारा अभियुक्त हिमांशू शर्मा उपरोक्त को उपरोक्त अभियोग में दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व 15,000 /- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में राहुल दीक्षित डी.जी.सी, कोर्ट मोहर्रिर उ0नि0 शिवकुमार, का० रोविन सिंह तथा कोर्ट पैरोकार है०का० ब्रजपाल थाना चन्दौसी का सराहनीय योगदान रहा।

# बच्चों से संबन्धित, मानव तस्करी के संबंध में लाउडस्पीकर व पम्पलेट के माध्यम से यात्रियों को किया गया जागरुक

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**

चंदौसी। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद, आशुतोष शुक्ला के कुशल निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद, अनिल कुमार वर्मा मय प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह मय आरपीएफ कर्मचारीगण पोस्ट चन्दौसी मय स्टाफ व जस्ट राइट संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरी शंकर चौधरी मय टीम सम्भल द्वारा सयुक्त रुप से रेलवे स्टेशन चन्दौसी पर विश्व मानव दुव्यार्यार विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में बच्चो से संबन्धित किसी भी मानव तस्करी के सम्बन्ध में लाउड हेलर / पम्प प्लेट के माध्यम से जागरुक्ता अभियान चलाया गया जिसके तहत अनिल कुमार वर्मा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद मय जीआरपी /आरपीएफ व जस्ट राइट संस्था के सदस्यों के द्वारा



प्लेटफार्म/सकुर्लेटिंग एरिया व ट्रेनो में पम्प प्लेट व लाउड हेलर के माध्यम से यात्रियो को इस सम्बन्ध में जागरुक करते हुये बताया कि यदि किसी को भी ट्रेन में प्लेटफार्म पर अथवा सकुर्लेटिंग एरिया में लावारिश बच्चे समूह में अथवा अकेले दिखाई देते है जिनके साथ कोई परिजन नही है या डरे समह हुये प्रतीत होते है तो तत्काल जीआरपी / आरपीएफ अथवा रेलवे हेल्प लाईन नम्बर 139, चाइल्ड नम्बर 1098 या राईट संस्था के टोल फ्री नम्बर पर सूचित कर सकते है आपकी एक जागरुकता किसी भी बच्चे का जीवन बचा सकती है तथा उन्हे गलत हाथों में जाने से बचाया जा सकता है । विश्व मानव दुव्यापार विरोधी से सम्बन्धित पम्प प्लेट ट्रेनो मे प्लेटफार्म / सकुर्लेटिंग एरिया में चस्पा किये गये था यात्रियो को बाटे गये ।

## संक्षिप्त समाचार

### लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल । नौ सिंह प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, सम्भल द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक व युवतियों को प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत 02 दिवसीय शिविर का आयोजन न्याय पंचायत स्तर पर सम्भल जनपद की 03 न्याय पंचायतो की ग्राम सभा में निःशुल्क कराया जायेगा। मुख्यमंत्री की इस महत्वकांक्षी योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने से दूसरे लोगो को भी रोजगार से जुड़ने का अवसार प्रदान होगा। प्रशिक्षण उपरान्त इच्छुक व्यक्तियों से प्रस्ताव तैयार करा कर विभाग द्वारा धनराशि रू0-100000/-(रुपए एक लाख मात्र) अनुदान मशीन उपकरण पर दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा फल सब्जी आधारित उत्पाद, सॉस, कैचप, फ्रूट जूस, पेठा, मुरब्बा, जैम, पापड़, बड़ी अचार आलू चिप्स आदि बनाने की जानकारी दी जायेगी। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा। प्रत्येक न्याय पंचायत / विकास खण्ड स्तर पर लाभार्थियों की संख्या अधिकतम 30 निर्धारित है। इच्छुक महिला एवं पुरूष जिनकी आयु 21 वर्ष एवं साक्षर हो। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, गणेश कॉलोनी, चन्दौसी (सम्भल) में कार्यालय समय में शीघ्र सम्पर्क करें।

### मकान को खाली देख को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का माल साफ



नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा /चंदौसी' थाना क्षेत्र के मोहल्ल हनुमानगढ़ी बस्ती निवासी सोनू शर्मा पुत्र सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि रविवार को करीब 3 बजे पूरे परिवार के साथ मथुरा-वृंदावन घूमने गए थे। मकान में ताला लगा था। सोमवार की रात करीब 11 बजे सोनू शर्मा जब लौटकर आए और मकान का मैन गेट खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा दोनों कमरों के दरवाजे खुले थे और दोनों अलमारी खुली व लॉकर टूटे थे। सामान बिखरा हुआ था। चोरों से छत से दरवाजा तोड़कर सीढ़ियों के रास्ते नीचे पहुंचे थे। सोनू ने बताया कि उसके घर से 12 हजार रुपये नकदी, दो जोड़ी सोने के कुंडल, दो जोड़ी पाजेब, 8 लौंग, 2 सोने की अंगूठी, आदि सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने पहुंच जानकारी ली। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई। सोनू ने बताया कि वह दिल्ली में टैक्सी चलाने का कार्य करता है। नगर में बढ़ रही चोरियों की घटनाओं से जनता में भय माहौल है। वहीं चोरों की आजावाही को लेकर नागरिक रात को अपने मोहल्लों में पहरा दे रहे हैं। बदायूं चुंगी स्थित कुम्हारों वालों बस्ती, मौजमपुर, विकास नगर, मौलागढ़, अकबरपुर चितौरी, प्रेमनगर, आवास विकास क्षेत्र में चोरों की आवाजाही से लोग परेशान है। मोबाइल पर ग्रुप बनाकर जानकारी ली जा रही है और रात को जाग कर लोग पहरा दे रहे हैं।

### श्रम विभाग की टीम ने बाल श्रम के विरूद्ध चलाया चेकिंग अभियान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल ' को श्रम विभाग संभल की टीम द्वारा बाल श्रम के विरूद्ध आम जनमानस में व्यापक जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करते हुए शासन द्वारा निर्धारित बाल/किशोर श्रम उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा करने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व मौ0 आजम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, संभल द्वारा थाना ए0एच0टी0यू0 टीम के साथ शहर के विभिन्न चैराहों यथा चैधरी सराय, सरायतरीन, तथा बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूक किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा सेवायोजकों एवं प्रतिष्ठान स्वामियों को अपने स्तर से स्वयं समाज में बाल श्रम के विरूद्ध जागरूक एवं प्रचार प्रसार करने हेतु आश्वस्त किया गया, जिससे शासन के निदेर्शानुसार बाल श्रम पूर्णतः मुक्त किया जा सके। अभियान के अंतर्गत बाल/किशोर श्रम के अंतर्गत कार्यरत पाये गये श्रमिकों को चिन्हित कर उनके कुल 8 सेवायोजकों के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया। संबंधित सेवायोजकों को भविष्य में भी बाल श्रम न कराये जाने हेतु सचेत किया गया। अभियान/निरीक्षण के दौरान सत्यविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना ए0एच0टी0यू0, ललित कुमार (प्रवर्तन लिपिक), पुष्पेंन्द्र कुमार, दीपक कुमार, मौ0 शाहजेब अख्तर व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।



# गांवों में चलाया गया संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सम्भल के द्वारा बताया गया कि सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ब्लाक बहजोई के ग्राम सादातवाडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आशा द्वारा किये जा रहे कार्य की समीक्षा की गयी। ग्राम में परिवारों से संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। साथ हर उनके संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दसतक अभियान के महत्व के सम्बन्ध में बताया गया।

ग्रामवासियों को ग्राम में साफ-सफाई तथा मलेरिया डेंगू रोगों से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी के निदेर्शों के कम में मलेरिया विभाग की टीम द्वारा घर-घर सोर्स रिडवशन की कार्यवाही का कार्य सम्पदित किया गया। साथ ही जनमानस को मलेरिया डेंगू आदि संचारी रोगों से बचाव के सम्बन्ध में पैम्पलेट वितरण कर जानकारी दी गयी। ग्राम में सम्पादित किये गये कार्य का विवरण निम्नवत हैः गांव में 42 घरों में जांच की गई, घरों के अंदर जांचे गए कंटेनर 58, घरों में रखे 3 पानी भरे कंटेनर खाली कराए गए, ग्रामवासियों को मलेरिया से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।



बुखार आने पर मलेरिया की जाँच कराने हेतु कहा गया। मलेरिया से कैसे बचा जा सके, उसे कैसे पहचाने, क्या सावधानी बरतें उसके सम्बन्ध में निम्न जानकारी पैम्फलेट वितरण कर दी गयी ' सर्दी व कंपन के साथ बुखार आना,तेज बुखार व सरदर्द,बुखार उतरते समय बदन का पसीना-पसीना होना। मलेरिया फैलाने वाले मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते हैं जैसे पानी की टंकी, कुओं तालाब आदि।

मलेरिया से बचाव के उपाय' घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी से भरे हुए गढढ़ों में मिटटी भर दें, घर के अन्दर व बाहर टूटे बर्तनों टायरों पशु व पक्षियों के पानी के बर्तन, फूलदान आदि में पानी,पनी से भरे बर्तन, टंकी आदि को पूरी तरह से ढक कर रखें। जमा न होने दें,सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

# महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, हत्या का आरोप



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

संभल।असमोली थाना क्षेत्र के अकबर पुर गहरा गांव में मंगलवार की दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान 21 वर्षीय नेहा पत्नी अमित के रूप में हुई है। घटना उस समय सामने आई जब मृतका के पड़ोसियों ने फांसी पर लटका देखा सौर शराबा हुआ।ये सब सुनकर जुटे ग्रामीणों ने पुलिस की मौजूदगी में महिला को फंदे से उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार मृतका का पति रोजगार के सिलसिले में दिल्ली गया हुआ है। सास-ससुर घर पर पहले से ही मौजूद थे, जिससे वह घर में अकेली रह रही थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे असमोली थाना प्रभारी राजीव मालिक ने बताया कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।मौत के कारणों की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एक ही रात में चोरों ने बनाया 7 घरों को निशाना, नगदी समेत अन्य समान चोरी

**नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार**

बनियाठेर थाना गांव कादलपुर कुकेटा में चोरो ने सोमवार की रात्रि को एक ही रात में सात घरों को निशाना बना डाला सावन का महीना मौसम सुहाना पूरा गांव सोता रहा और चोरों ने सातों घरो में कूमल लगाकर दस हजार रुपए से ज्यादा का माल साफ कर दिया जिसमें सुरेश पुत्र रघुवीर ने बताया कि उनके घर से नगदी समेत दस हजार का माल चोरी कर लिया गया जबकि गांव के, हरिशंकर पुत्र उमराव सिंह , सोमपाल पुत्र बहोरी , गोविंद पुत्र यादराम नेमपाल पुत्र रामौतार ,राम बहादुर पुत्र रामलाल इन सभी लोगों ने बताया कि हमारे घरों में भी चोरों ने कुमल लेकिन छोटा मोटा ही सामान चोरी करके ले जा पाए ' बाकी इस घटना से पूरे गांव मे भय का माहौल है ' इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मेघपाल सिंह के द्वारा बताया कि थाने पर ऐसी चोरी की कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हुई है ' और अगर होती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# चंदौसी में एंजॉय किटी ग्रुप ने तीज उत्सव मनाया

● राधा रानी के भजनों पर महिलाओं ने किया डांस, बरसाए फूल

**नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा**

चंदौसी ।सीता आश्रम स्थित सिद्ध पीठ माता बगिया वाली देवी मंदिर पर एंजॉय किटी ग्रुप ने हरियाली तीज का त्यौहार धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने हरे रंग के कपड़े पहने और पारंपरिक गहने पहने। तीज के गीत गाए गए और झूले भी झूलें। इस खास मौके पर, एंजॉय किटी ग्रुप की महिलाओं ने हरियाली तीज के पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया। उन्होंने हरे रंग के कपड़े पहने, जो हरियाली तीज का प्रतीक है। साथ ही, महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किए और पारंपरिक गहने पहने। इस अवसर पर, महिलाओं ने तीज के पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया और झूले भी झूले। कुछ महिलाओं ने मेहंदी लगवाई और एक दूसरे को तीज की बधाई दी। दीपमाला गुप्ता ग्रुप अध्यक्ष ने बताया एंजॉय किटी ग्रुप द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम, महिलाओं को एक साथ आने और अपनी संस्कृति और परंपराओं को मनाने का एक शानदार अवसर है ।दीपमाला गुप्ता ने कहा दरअसल, श्रावण में जब चारों तरफ हरियाली होती है, तब हरियाली तीज होती है पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस दिन मां पार्वती ने शिव को अपनी कठोर तपस्या से प्राप्त किया था ।वहीं, वृक्ष, नदियों तथा जल के देवता वरुण की भी उपासना इस दिन की जाती है । कार्यक्रम के दौरान दीपमाला गुप्ता, नेहा गुप्ता मोहिनी गुप्ता, प्रिया गुप्ता, प्रीति गुप्ता, पायल गुप्ता, मेघा, डिंपल, संतोष, उपासना पूर्णिमा, रुचि वार्ष्णेय व अन्य महिलाएं शामिल रही ।



# मनरेगा में फर्जीवाड़ा, ग्राम प्रधान व महिला मेट ने लगाई फर्जी हाजिरी, जिम्मेदार खामोश

**नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय**

रजपुरा। ग्राम पंचायत सिहावली में मनरेगा योजना के अंतर्गत भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें ग्राम प्रधान और महिला मेट पर मस्टररोल में फर्जी हाजिरी दर्ज कराने के आरोप लगे हैं। मौके पर मात्र 8 से 10 मजदूर कार्य करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि मस्टररोल में 50 से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज है।ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य स्थल पर सिर्फ कुछ ही मजदूरों को ले जाकर अलग-अलग कोनो से उनकी फोटो खींची जाती है। और उन्हें ही अलग-अलग नामों से मस्टररोल में दर्शा दिया जाता है। महिलाओं के मामले में तो और भी गंभीर गड़बड़ी सामने आई है।

मस्टररोल में नाम किसी का और फोटो किसी और की अपलोड की जा रही है। यह सीधे तौर पर सरकारी धन के दुरुपयोग और योजनाओं की साख के साथ खिलवाड़ है।जिम्मेदार बने मूकदर्शक अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे

सबसे हैरानी की बात यह है कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। जब इस फर्जीवाड़े की जानकारी जुटाने के उद्देश्य से रजपुरा के खंड विकास अधिकारी से फोन पर बार-बार संपर्क किया गया, तो ना तो उन्होंने कॉल रिसीव करना उचित समझा और ना ही कोई जवाब देकर स्पष्टीकरण देने की जरूरत समझी। इससे साफ है कि प्रशासनिक स्तर पर भी मामले को नजर अंदाज किया जा रहा है या फिर अनदेखा किया जा रहा है।ग्रामीणों की मांग हो उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई।स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो यह भ्रष्टाचार का एक बड़ा उदाहरण बन सकता है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से अपील की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और इस तरह के फजीर्वाड़े पर तत्काल रोक लगाई जाए।



# संपादकीय

## ये मौत के मंदिर जब आस्था मौत में बदल जाए

हम आपकी आस्था का अपमान नहीं कर रहे, न ही किसी श्रद्धा को कमतर आंकने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश विविध धार्मिक भावनाओं का केंद्र है, जहां मंदिर, तीर्थ और धार्मिक आयोजन केवल धार्मिक क्रियाएं नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, उम्मीद और भरोसे का प्रतीक होते हैं। हर साल लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य-देव के दर्शन को मंदिरों और तीर्थस्थलों पर पहुंचते हैं। लेकिन बार-बार एक सवाल हमारे सामने खड़ा होता है — आखिर ये दर्शन मौत में क्यों तब्दील हो जाते हैं? क्यों तीर्थ-यात्राएं भयावह हादसों में बदल जाती हैं? क्या यह नियति है या अव्यवस्था की परिणति ?हरिद्वार के प्रसिद्ध माता मनसा देवी मंदिर में हाल ही में घटी भगदड़ की घटना ने फिर से यह प्रश्न खड़ा कर दिया है। एक संकरे रास्ते में सैकड़ों लोग एक साथ फंस गए, दम घुटने लगा, और भगदड़ में 8 लोगों की जान चली गई। लगभग 30-40 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। यह कोई पहली घटना नहीं है। देशभर के मंदिरों की सूची देखें तो हर कुछ वर्षों में कहीं न कहीं ऐसी भगदड़ होती है, जिसमें निर्दोष श्रद्धालु अपनी जान गंवा बैठते हैं।महाराष्ट्र के मांडहर देवी मंदिर में 300 लोग मरे, राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर में 224, केरल के सबरीमाला मंदिर में 106, मध्यप्रदेश के रतनगढ़ मंदिर में 115, झारखंड के बैद्यनाथ धाम में 11, जम्मू के वैष्णो देवी मंदिर में 12, प्रयागराज कुंभ में 30 और हाल ही में हाथरस के सत्संग में 121 जानें चली गईं। हर बार कहानी एक जैसी होती है— अत्यधिक भीड़, संकरा रास्ता, अफवाह या लापरवाही, और अंत में, मौतें।इन हादसों के पीछे व्यवस्था की घोर विफलता है। भीड़-नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं होते। प्रशासन के पास कोई पूर्व योजना नहीं होती, और जब संकट आता है, तो केवल जांच की घोषणा कर दी जाती है। ऐसी कितनी जांच रिपोर्टें सार्वजनिक हुईं? कितने दोषी अधिकारी या आयोजक वास्तव में दंडित किए गए? अधिकांश मामलों में केवल प्रशासनिक तबादले होते हैं, जबकि असली जवाबदेही से सब बच जाते हैं।प्रश्न यह भी है कि क्या ईश्वर तक पहुंचने के लिए रास्ता इतना कठिन और खतरनाक होना जरूरी है? क्या ईश्वर चाहते हैं कि उनके भक्त संकरे रास्तों, पहाड़ियों और भीड़ के बीच जान जोखिम में डालकर दर्शन करें? क्या यह कोई परीक्षा है? अगर मंदिर प्रशासन और सरकार चाहें, तो इन रास्तों को चौड़ा किया जा सकता है, आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा सकता है, भीड़-प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था की जा सकती है। लेकिन अफसोस, श्रद्धालुओं की जान की कीमत से कम ही लोग वाकिफ हैं। मनसा देवी मंदिर को 51 शक्तिपीठों में एक माना जाता है, और मान्यता है कि यहां माता सती का मस्तिष्क गिरा था। श्रद्धालु इस आस्था के साथ यहां आते हैं, लेकिन क्या यह आस्था इस बात की इजाजत देती है कि उनकी जान जोखिम में डाल दी जाए?यहां श्रद्धालुओं की भी जिम्मेदारी बनती है। आस्था अंधी नहीं होनी चाहिए। जब अत्यधिक भीड़ दिखे, तो प्रतीक्षा करनी चाहिए। पर्व और छुट्टियों के दिन मंदिरों में दर्शन के लिए न जाना ही बेहतर है। बच्चों और बुजुर्गों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में ले जाना खतरनाक हो सकता है। यह कोई पर्यटन नहीं, भक्ति का विषय है। याद रखिए, भगवान आपकी श्रद्धा को घर बैठे भी स्वीकार कर सकते हैं। मंदिर जाने के साथ-साथ सुरक्षा भी जरूरी है।सरकारों और मंदिर ट्रस्टों को चाहिए कि वे केवल हादसे के बाद मुआवजा बांटने तक सीमित न रहें, बल्कि स्थायी समाधान के लिए बुनियादी ढांचे को सुधारें। कॉरिडोर बनें, इमरजेंसी निकासी की व्यवस्था हो, और सुरक्षा-प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।हमें आस्था को बनाए रखते हुए विवेक से भी काम लेना होगा। यह आवश्यक है कि श्रद्धा से भरे ये मंदिर, 'मौत के मंदिर' न बनें। क्योंकि आराध्य-देव कभी यह नहीं चाहेंगे कि उनके दर्शन का मार्ग उनके ही भक्तों की अंतिम यात्रा बन जाए।

# युद्धरत दुनिया और उसके धृतराष्ट्र



बी. एल. गौड़

युद्ध एक भयंकर परिणाम होता है- दो देशों के प्रधानों के अहम का या किसी एक देश की महत्वाकांक्षा का- हिटलर की तरह सारी दुनिया पर राज करने की इच्छा। अगर आज हिटलर की तरह की सोच नहीं है तो इतनी तो जरूर है कि वह अपने देश की सीमाओं का विस्तार दूसरे देश की भूमि हथियाने की। यह बलवती इच्छा रुस की रही- यूक्रेन पर आक्रमण से पहले।



युद्धरत दुनिया और उसके धृतराष्ट्रदुनिया के अधिकांश देश युद्ध में उलझे हुए हैं। कुछ मैदान में रहकर युद्ध लड़ रहे हैं, तो कुछ परोक्ष रुप से युद्धों की पैरोकारी में लगे हैं। कुछ युद्ध तो आए दिन तीसरे विश्व युद्ध की संभावना की सच्चाई की ओर धकेलते नजर आ रहे हैं जैसे- यूक्रेन रूस का वर्तमान युद्ध जो 24 फरवरी, 2022 से शुरू हुआ, जब रुस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था। आज इस युद्ध को लगभग 3 साल और 5 माह बीत चुके हैं। दोनों ओर से लाखों सैनिकों के साथ-साथ लाखों नागरिक भी मौत के मुँह में समा चुके हैं और साथ ही हजारों स्त्रियाँ विधवा तथा लाखों बच्चे यतीम हो चुके हैं। ये बच्चे, ये स्त्रियाँ और अनेक आम नागरिक जो युद्ध की बलि चढ़ जाते हैं इनका तो बस इतना ही दोष होता है कि ये उन देशों में रहकर शांति से अपना जीवन बिता रहे होते हैं।युद्ध एक भयंकर परिणाम होता है- दो देशों के प्रधानों के अहम का या किसी एक देश की महत्वाकांक्षा का- हिटलर की तरह सारी दुनिया पर राज करने की इच्छा। अगर आज हिटलर की तरह की सोच नहीं है तो इतनी तो जरूर है कि वह अपने देश की सीमाओं का विस्तार दूसरे देश की भूमि हथियाने की। यह बलवती इच्छा रुस की रही- यूक्रेन पर आक्रमण से पहले। इसी प्रकार चीन के तानाशाह की बलवती इच्छा यह रही है कि वह छोटे-छोटे देशों को अपने देश में मिलाकर उनकी भूमि, उनके खनिज और उनके अन्य संसाधनों को अपने आधीन कर ले। उनके क्षेत्रों को भी अपने में मिलाकर अपने देश का विस्तार करे। पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, बर्मा और दूरस्थ ताईवान पर उसकी गिद्ध दृष्टि से कौन परिचित नहीं है। कहाँ चैन की नींद सो पाते हैं ताईवान के नागरिक, बच्चे और स्त्रियाँ। उनके सपनों में तो हर रोज चीनी लड़ाकू हवाई जहाजों की गरजती आवाज सुनाई देती है।अब दुनिया के दूसरे देशों को देखें तो इजराइल और ईरान का युद्ध, इजराइल और हमास का युद्ध। आज दुनिया इजराइल को कोसती है लेकिन हमास के उस आक्रमण की कोई बात नहीं करता जो उसने इजराइल पर बिना किसी उकसावे के 7 अक्टूबर, 2023 को किया था। हजारों नागरिकों को मारकर स्त्रियों को उठा लिया था। हजारों बच्चे या तो मार दिये गये थे या यतीम बना दिए गए थे। याद करिए दुनिया के कितने देशों ने हमास के इस पाप पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी और बाद में जब इजराइल ने इसके उत्तर में आक्रमण शुरू किया तो दुनिया के अनेक देश इजराइल के इस कदम की भर्तसना करने लगे और आज इजराइल जो अमानवीय युद्ध लड़ रहा है, जिसमें भूखे-प्यासे लोग हमलों का शिकार हो रहे हैं वह भी तो निंदनीय है। लेकिन इसकी शुरूआत ही क्यों हुई और क्यों हमास ने इजराइल की महिलाओं को निर्वस्त्र कर ट्रकों पर खड़ा कर घुमाया। ऐसे तमाम युद्ध शायद ही कभी बंद हो पाएँ।क्योंकि अब दुनिया के दारोगा अमेरीकी प्रेसीडेंट डोनाल्ड ट्रंप की इन सब युद्धों में प्रत्यक्ष रूप से एन्ट्री हो चुकी है। युद्ध कहीं पर भी हो, किन्हीं देशों में हो, ट्रम्प साहब के बयान की मौजूदगी अश्वय होती है। जबकि उसकी वहाँ बिलकुल भी जरूरत नहीं होती।भारत ने जब पाकिस्तान की पहलगाम वाली करतूत का जवाब दिया तो पाकिस्तान केवल 48 घंटे में त्राहिमाम-त्राहिमाम करता हुआ अमेरिका में जाकर गिड़गिड़ाने लगा- मेरे आका आप भारत को कहिए कि वह अपना कहर बंद करे। तो ट्रम्प ने कहा, कि तुम फौरन सरेंडर कर दो और पाकिस्तान ने वैसा ही करके भारत से कहा- हम सीजफायर कीप्रार्थना करते हैं।सीजफायर होते ही ट्रंप साहब का बयान आया कि सीजफायर मैंने करवाया।ट्रम्प साहब का मानसिक संतुलन सारी दुनिया देख रही है- युद्ध के मैदान में भी और व्यापारिक क्षेत्र में भी। किसी भी देश पर व्यापारिक टैरिफ सुबह 50 प्रतिशत होती है तो शाम को 25 प्रतिशत हो जाती है।यह तो केवल एक झलक है जिसके कारण हर देश के नागरिक एक चिंता में जी रहे हैं कि पता नहीं किस दिन उनके देश को भी युद्ध के मैदान में कूदना पड़े। अब सारी दुनिया में केवल अपने देश को छोड़कर युद्ध ही युद्ध है और सभी देशों में धृतराष्ट्र बने बैठे हैं उनके राष्ट्राध्यक्ष। केवल भारत ही ऐसा देश है जो 'वसुदेव कुटुम्बकम' की बात करता है, जो सदैव शांति की बात करता है और बुद्ध को याद रखता है।

# पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिये न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है। हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। ये निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहाँ वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी पच्चीस वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है। वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। nवाहनों के धुएँ और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। मस्तिष्क तक पहुँच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुँचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमज़ोर करती है।

ललित गर्ग

## इतिहास के दर्पण में 28 जुलाई



30 जुलाई भी उन तिथियों में से एक है, जो इतिहास के पन्नों में केवल घटनाओं के रूप में दर्ज नहीं, बल्कि मानवीय चेतना, संघर्ष और बदलाव की ध्वनि के रूप में संजोयी गई है। यह दिन समय की उस सतत यात्रा का हिस्सा है, जिसमें प्रत्येक मोड़ पर अनुभव, सीख और भावनाओं की गहराई छिपी होती है। 30 जुलाई हमें यह समझाने आता है कि अतीत की कुछ घटनाएँ न केवल स्मृति बनकर रहती हैं, बल्कि वर्तमान को दिशा देती हैं और भविष्य के लिए चेतावनी या प्रेरणा बन जाती हैं।इस दिन की एक ऐतिहासिक गूंज वर्ष 762 में सुनाई देती है, जब अब्बासिद खलीफा अल-मंसूर ने बग़दाद की नींव रखी। यह शहर आगे चलकर विज्ञान, कला, दर्शन और संस्कृति का एक समृद्ध केंद्र बना। बग़दाद का निर्माण केवल एक राजधानी की स्थापना नहीं थी, बल्कि यह इस्लामी स्वर्ण युग की शुरुआत का प्रतीक था – वह कालखंड जिसमें मनुष्य की बौद्धिक क्षमता ने नई ऊंचाइयों को छुआ। यह दिन याद दिलाता है कि जब ज्ञान और विचारों को महत्व दिया जाता है, तो सभ्यताएँ खिल उठती हैं और इतिहास में अमिट स्थान प्राप्त करती हैं।30 जुलाई 1945 को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक और हृदयविदारक प्रसंग सामने आया, जब अमेरिकी नौसेना का जहाज़ यूएसएस इंडियानापोलिस जापानी पनडुब्बी द्वारा डुबो दिया गया। यह त्रासदी उन सैनिकों की कुर्बानी की गवाह बनी, जो एक अत्यंत गोपनीय और निर्णायक मिशन को अंजाम देकर लौट रहे थे। इस घटना ने युद्ध के अमानवीय स्वरूप को फिर एक बार उजागर किया, और यह दिन आज भी उस साहस, बलिदान और पीड़ा की याद दिलाता है, जो युद्ध की कीमत पर दर्ज होती है।30 जुलाई 1956 को अमेरिका ने ₹In God We Trust₹ को अपना राष्ट्रीय आदर्श वाक्य घोषित किया। यह निर्णय केवल शब्दों का चयन नहीं था, बल्कि उस समय की सामूहिक मानसिकता, धार्मिक विश्वास और राष्ट्रीय पहचान की दिशा में एक गहरा संदेश था। यह दिन इस बात का प्रतीक है कि विचार और विश्वास किस प्रकार राष्ट्रीय चरित्र का हिस्सा बन जाते हैं और पीढ़ियों को जोड़ते हैं।इस तिथि का एक राजनीतिक महत्व भी है, जब वर्ष 2006 में लेबनान के क़ाना गांव में इज़रायली हवाई हमले में अनेक निर्दोष नागरिकों की जान गई। यह त्रासदी युद्ध और सत्ता के टकरावों के बीच आम जनमानस की असहायता को सामने लाती है। यह घटना एक बार फिर यह दिखाती है कि जब संवाद विफल होता है, तो सबसे अधिक क्षति उन्हीं की होती है जो सबसे कम ज़िम्मेदार होते हैं – बच्चे, महिलाएं, आम नागरिक। 30 जुलाई इस विडंबना का साक्षी है कि संघर्ष चाहे किसी भी स्तर का हो, उसका वास्तविक बोझ हमेशा मानवता उठाती है।संस्कृति और मनोरंजन की दुनिया में भी यह तिथि अपना विशेष स्थान रखती है। इस दिन कई ऐसे कलाकार और व्यक्तित्व जन्मे या दुनिया से विदा हुए, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज को संवारा, प्रश्न उठाए और मनोरंजन के माध्यम से समाज को दिशा दी। चाहे वह सिनेमा हो या संगीत, 30 जुलाई एक रचनात्मकता की स्मृति बनकर उभरता है – एक ऐसा क्षण, जब कल्पना और यथार्थ के बीच की रेखा मिटती है और केवल भावनाएँ शेष रह जाती हैं।30 जुलाई केवल एक तारीख नहीं, बल्कि वह दर्पण है जिसमें मानव सभ्यता के तमाम रंग – विजय और पराजय, निर्माण और विनाश, आस्था और विद्रोह – एक साथ दिखाई देते हैं। यह दिन हमें निरंतर यह स्मरण कराता है कि इतिहास कोई दूर की वस्तु नहीं, बल्कि हमारे आज और कल से गहराई से जुड़ा हुआ संवाद है। इस तिथि में छिपी घटनाएँ हमें झकझोरती हैं, सिखाती हैं, और कभी-कभी चुपचाप चेतावनी भी देती हैं। 30 जुलाई, अतीत और भविष्य के उस सेतु की तरह है, जिस पर खड़ा होकर हम अपने समय को समझ सकते हैं और उसकी दिशा तय कर सकते हैं।

## समसामयिक

### उधर संसद में बहस, इधर ऑपरेशन महादेव!



ऋषभदेव शर्मा

आख़िर पक्ष-विपक्ष की सिरफुटौवल के बाद संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस हो ही गई। होनी ही थी। पता नहीं, तमाम अवश्यंभावी घटनाओं के लिए इतनी खींचतान क्यों होती है हर बार! अवश्यंभावी तो पहलगाम के गुनाहगारों को उनके अंजाम तक पहुँचाना भी था। पहुँचा दिया गया। लेकिन बिना सिरफुटौवल और खींचतान के। नेताओं और सेनाओं की कार्यशैली में यही अंतर है न! इसीलिए तो इन दोनों का घालमेल अवांछित माना जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा को दलगत राजनीति से ऊपर रखा जाना ज़रूरी है।दरअसल, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लिडवास इलाके में भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा संयुक्त रूप से संचालित 'ऑपरेशन महादेव' ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की अटल प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित किया है। पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकियों - लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा, अबू हमजा और यासिर - को ऑपरेशन महादेव के तहत मार गिराया गया। यह ऑपरेशन न केवल एक सामरिक सफलता है, बल्कि भारत की आंतरिक सुरक्षा और रक्षा नीति का एक मजबूत संदेश भी है।कहना न होगा कि ऑपरेशन महादेव की सफलता इसकी सटीक योजना और निष्पादन में निहित है। खुफिया जानकारी, ड्रोन तकनीक और स्थानीय बकरवाल समुदाय के सहयोग से सेना ने चार दिन तक आतंकियों की गतिविधियों पर नजर रखी। 135 मिनट के अंतिम चरण में राष्ट्रीय राइफल्स और पैरा स्पेशल फोर्सेस ने आतंकियों को घेरकर उनका सफाया किया। यह ऑपरेशन आतंकवाद-रोधी अभियानों में अत्याधुनिक तकनीक और मानव खुफिया जानकारी के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सयाने सही ही ध्यान दिला रहे हैं कि इस ऑपरेशन की राह आसान नहीं थी। श्रीनगर के घने दाचीगाम जंगलों और हरवान इलाके की जटिल भौगोलिक स्थिति ने सुरक्षाबलों के लिए कई चुनौतियाँ पेश कीं। इसके बावजूद, सेना ने बिना किसी नागरिक क्षति के इस अभियान को अंजाम दिया, जो उनके उच्च कोटि के प्रशिक्षण और अनुशासन का प्रमाण है। उन्हें प्रणाम !यहाँ यह भी कहना ज़रूरी है कि ऑपरेशन महादेव का असर केवल आतंकियों के खात्मे तक सीमित नहीं है। यह कश्मीर घाटी में शांति और स्थिरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। टीआरएफ जैसे संगठनों पर बढ़ता दबाव और उनके नेतृत्व का सफाया आतंकवादी गतिविधियों को कमजोर करने में सहायक होगा। यह ऑपरेशन भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को मजबूती देता है, जिसे सरकार ने संसद में भी दोहराया। ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन सिंदूर से वैश्विक मंच पर यह सीधा संदेश गया है कि भारत न केवल आतंकवादियों, बल्कि उनके प्रायोजकों को भी जवाबदेह ठहराएगा! अचरज कि ऑपरेशन महादेव का समय संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही 16 घंटे की मैराथन बहस के साथ मेल खाता है। शायद यह संयोग ही है। पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर भारत की बदली हुई सैन्य रणनीति का प्रतीक है। संसद में सरकार द्वारा इस ऑपरेशन का बचाव और विपक्ष के सवालों का जवाब इसकी रणनैतिक और कूटनैतिक महत्ता को दर्शाता है। ऑपरेशन महादेव की सफलता इस बहस के दौरान सरकार के मनोबल को बढ़ाने वाली साबित हुई है। अंततः, ऑपरेशन महादेव भारत की आंतरिक सुरक्षा और रक्षा नीति में एक यादगार अभियान है। यह न केवल पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देने में सफल रहा, बल्कि वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ता का संदेश भी देता है। संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस और (उसी समय) ऑपरेशन महादेव की सफलता एक साथ मिलकर यह स्पष्ट करते हैं कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं करता, बल्कि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए निर्णायक कार्रवाई करता है।

# कई बार वैज्ञानिक, डॉक्टर, विद्यार्थी पढ़ते हुए गुनगुनाते हैं इस से एकाग्रता और रचनात्मकता का विकास होता है!

विजय गर्ग

क्या आपने काम करते समय कोई गीत या ध्वनि गुनगुनाई है। अवश्य गुनगुनाई होगी। आपको यह पता होना चाहिए कि गुनगुनाना मात्र छोटी-सी बात नहीं है, अपितु इस गुनगुनाहट में बहुत सारे जीवन के सकारात्मक सार छिपे हुए हैं। यह गुनगुनाहट 'आंतरिक ध्वनि चिकित्सा' है जो व्यक्ति के जीवन के टूटे-फूटे तारों की मरम्मत करती है और उनके अंदर एक नई ऊर्जा एवं ध्वनि का संचार करती है। नादब्रह्म, ध्यान में गुंजार ऊर्जा का असीम स्रोत है। इस संदर्भ में ओशो कहते हैं कि, 'हां, यह ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है। हम अपने जीवन के स्रोतों को नहीं जानते और यह नहीं जानते कि उन स्रोतों से कैसे जुड़ें?' शोध बताते हैं कि 'भंवरे की तरह गुनगुनाना यानी कि हमिंग करने से न केवल तनाव कम होता है, अपितु इससे मूड भी सकारात्मक होता है। शरीर के अंदर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं और पेट संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। स्वीडिश वैज्ञानिकों ने भी अपने एक शोध में यह पाया कि 'गुनगुनाने से मस्तिष्क में ऑक्सीजन की मात्रा में सुधार होता है।'

जब हमारा तन किसी ध्वनि को मन से गुनगुनाता है तो तन-मन का कंपन एक तालमेल में आ जाता है और उनका संघर्ष खत्म हो जाता है। इस संघर्ष के खत्म होने से ऊर्जा का ह्रास होने से बच जाता है। मन को शांति का अहसास होता है। गुनगुनाना हमारे मस्तिष्क की वेगस तंत्रिका को उत्तेजित करता है, जो पैरासिम्पेथेटिक सिस्टम से जुड़ी हुई होती है। इससे तनाव कम होता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ जाती है। इससे सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे लाभकारी न्यूरो हार्मोंस का रिसाव बढ़ता है। ये दोनों ही हॉर्मोन खुशी उत्पन्न करने वाले माने जाते हैं। इनकी उत्पत्ति से व्यक्ति को खुशी एवं सुख का अनुभव होता है। गुनगुनाना संगीत का ही एक भाग है। भारतीय संगीत और इसके रागों में रोगों को दूर करने की अद्भुत शक्ति होती है।



प्राचीन काल में राजा-महाराजा जब युद्ध से लौट कर आते थे तो वे तन-मन से शिथिल और क्लान्त रहते थे। ऐसे में वे संगीतकारों को राजदरबार में बुलाकर उनसे राग सुना करते थे। कई बार तो वे गायक के साथ-साथ गुनगुनाते भी थे। इस गुनगुनाहट से उनकी थकान, चिंता सब गायब हो जाती थी तो और वे फिर से तरोताजा हो जाते थे। अपने अंदर ऊर्जा एवं स्फूर्ति का संचार कर वे राजकाज संभालते थे और गुनगुनाते हुए प्रजा के दुख दूर करते थे। अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक तानसेन को संगीत में उच्च कोटि की सिद्धि प्राप्त थी। यह भी किंवदंती सुनने को मिलती है कि जब वे राग दीपक गाते थे तो उसकी गर्मी से दीपक स्वयं जल उठते थे। इसी तरह मेघ मल्हार गाने से झमाझम बारिश होने लगती थी। इससे ही यह स्पष्ट हो जाता है कि संगीत और गुनगुनाहट में असीम शक्ति है। इस शक्ति से मनुष्य तो क्या पृथ्वी और प्रकृति तक झूमने लगते हैं।

मनोचिकित्सक मानते हैं कि रागों में व्यक्ति के तन-मन के रोगों को दूर की जादुई शक्ति छिपी है। संगीत और गुनगुनाहट को चिकित्सा प्रणाली में शामिल कर रोगियों को ठीक किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि तोड़ी, भूपाली, अहीर भैरव राग सर्दी-जुकाम, सिरदर्द और उच्च रक्तचाप से राहत देते हैं। शिवरंजनी राग सुनने से याददाश्त तेज होती है और स्मृति लोप की समस्या दूर होती है। राग भैरवी सर्दी, कफ और दांत दर्द से राहत देता है। चंद्रकौंस राग हृदय रोग और मधुमेह के लिए उपचारदायक है। राग दरबारी तनाव दूर करता है। राग बिहाग और बहार गहरी मधुर नींद के लिए लाभदायक है। जब बच्चा छोटा होता है तो मां बच्चे को लोरी गाकर सुनाती है। लोरी गाते-गाते वह कई बार गुनगुनाती भी है। यह गुनगुनाना न केवल मां-बच्चे को मानसिक शांति प्रदान करता है, अपितु उनके आपसी बंधन को भी मजबूत करता है। गायकों का मानना था कि गुनगुनाहट न केवल उनके संगीत को प्रबल करती है, अपितु उनके मानसिक तनाव को भी दूर करती है। सुप्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर ने एक साक्षात्कार में कहा था कि, 'मैं सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मन ही मन कोई न कोई रचना गुनगुनाती रहती हूं। कभी किसी धुन को ठीक कर रही होती हूं, तो कभी किसी भाव को भीतर महसूस कर रही होती हूं। यह गुनगुनाना ही है जो मेरी आत्मा को स्थिर रखता है।'

गुनगुनाने से एकाग्रता और रचनात्मकता का विकास होता है। इसलिए कई बार वैज्ञानिक, डॉक्टर, विद्यार्थी पढ़ते हुए गुनगुनाते हैं। गुनगुनाने से व्यक्ति स्वयं के साथ जुड़ जाता है क्योंकि उस समय उसका पूरा ध्यान गुनगुनाने की ध्वनि पर होता है। योग में भ्रामरी प्राणायम का विशेष महत्व है क्योंकि इसमें ध्वनि और हम्मिंग यानी कि गुनगुनाने का विशेष महत्व है।

## खबरें फटाफट

## वर्ल्ड हेपटाइटिस दिवस पर पीएमएसएसवाई में हुआ साइंटिफिक संगोष्ठी का आयोजन



कानपुर। वर्ल्ड हेपटाइटिस दिवस के अवसर पर गणेश शंकर विद्यार्थी सुपर स्पेशलिटी पी जी आई के सभागार में एक साइंटिफिक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उदेश्य आम जनमानस एवं हेल्थ केयर वर्कर में हेपटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के बारे मे जागरूकता पैदा करना और साथ ही हेपटाइटिस की जांच व इलाज में नई तकनीक और दवाओं के बारे में अवगत कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत जीएसवीएम मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ संजय काला,उपप्रधानाचार्य डॉ रिचा गिरी व मुख्य अधीक्षक डॉ आर.के सिंह,नोडल पीएमएसएसवाई डॉ मनीष सिंह एवं नोडल राष्ट्रीय वायरल नियंत्रण कार्यक्रम डॉ विनय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम में डॉ विनय कुमार,डॉ रंजीत निम,डॉ अश्वनी सेठ,डॉ हिमांशी एवं डॉ धुरव ठाकुर द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी के दौरान डॉ विनय कुमार विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा बताया गया कि मेडिकल कॉलेज में हेपेटाइटिस ऐ, बी, सी एवं ई की जांचों एवं इलाज की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। इसके साथ ही हेपेटाइटिस बी से संक्रमित मां से जन्म लेने वाले नवजात शिशु को दिया जाने वाला इंजेक्शन हेपेटाइटिस बी इम्यूनोग्लोबिन भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में प्रतिवर्ष लगभग 2400 टेस्ट हेपेटाइटिस बी एवं सी के लिए किए जाते हैं।

## जनपद कानपुर देहात में प्रवाहित होने वाली नदियों के जलस्तर में हो रही है निरन्तर बढोत्तरी



कानपुर देहात जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने अवगत कराया है कि वर्तमान समय में वर्षा एवं बांधो से पानी छोडे जाने के कारण जनपद कानपुर देहात में प्रवाहित होने वाली नदियों के जलस्तर में निरन्तर बढोत्तरी हो रही है। सिंचाई विभाग कानपुर देहात द्वारा दिनांकः 28.07.2025 को कोटा बैराज से 2.90 लाख क्युसेक पानी, वर्तमान में धौलपुर (राजस्थान) में चम्बल नदी का जलस्तर 133.70 मी0 पहुँच चुका है, जो खतरे के निशान से 2.91 मी० ऊपर है। पिछले 24 घंटे में बेहमई 3.45 मी०, कालपी 3.19 मी० तथा मूसानगर 2.51 मी की वृद्धि हुई है, जो खतरे के निशान से क्रमशः 5.18 मी0, 1.85 मी० तथा 2.50 मी० नीचे है। उक्त स्थिति के दृष्टिगत आवश्यक है, कि समस्त बाढ़ चौकियों पर आवश्यक व्यवस्था किये जाने के साथ बाढ़ प्रबन्धन की तैयारियां तत्काल पूर्व से सुनिश्चित कर लिया जाये, जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर किसी प्रतिकूल परिस्थिति का सामना ना करना पड़े। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु समस्त स्टेक होल्डर्स द्वारा निरन्तर सम्पर्क बनाये रखे जाए। जनपद स्तर पर स्थापित ई०ओ०सी०/ बाढ़ कंट्रोल रूम टोल फ्री नम्बर-1077 एवं मो० नम्बर- 9044070030, 9454416429 है।

# स्मार्ट हो रहे हैं परिषदीय विद्यालय, बदल रही है तस्वीर

## लोधवाखेड़ा और कटरी शंकरपुर सराय दे रहे निजी स्कूलों को टक्कर

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर नगर,अब परिषदीय विद्यालय केवल नाममात्र के शैक्षिक केंद्र नहीं रह गए हैं। आधुनिक सुविधाओं, शिक्षकों के समर्पण और नवाचारों के चलते ये स्कूल निजी संस्थानों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। कल्याणपुर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोधवाखेड़ा और कटरी शंकरपुर सराय इसी परिवर्तन की मिसाल बनते जा रहे हैं।

लोधवाखेड़ा स्थित विद्यालय में बीते तीन वर्षों से छात्र संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2023-24 में जहां 117 छात्र पंजीकृत थे, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 122 हो गया। वर्तमान सत्र में कुल 129 विद्यार्थी नामांकित हैं। यह रुझान दर्शाता है कि अब अभिभावक पुनः परिषदीय शिक्षा व्यवस्था पर भरोसा करने लगे हैं।

सोमवार को सदर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा संचालित इको क्लब का अवलोकन किया। दीवारों पर उकेरे गए पर्यावरण संदेश, सजे-संवरे गमले और बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखकर उन्होंने प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पर्यावरण चेतना को जीवनशैली का हिस्सा बनाना एक प्रशंसनीय पहल है।

विद्यालय में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, वाचनालय और कंप्यूटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चे दीक्षा ऐप व अन्य डिजिटल माध्यमों से अध्ययन कर रहे हैं। खेलकूद, उद्यान और स्वच्छ वातावरण ने इस स्कूल को एक आदर्श शिक्षण केंद्र में बदल दिया है। यही कारण है कि अभिभावक अब निजी विद्यालयों के बजाय इस संस्थान को प्राथमिकता देने लगे हैं।

इसी क्रम में एसडीएम ने कटरी शंकरपुर सराय विद्यालय का भी दौरा किया। यह शिक्षण संस्थान अपने सुव्यवस्थित, हरे-भरे और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए जाना जाता है। चारों ओर छायादार वृक्षों की हरियाली, आकर्षक भित्तिचित्र और संतुलित बागवानी इसे एक आदर्श परिसर का स्वरूप प्रदान करते हैं। यहां भी आधुनिक तकनीकों से युक्त कक्षाएं, पुस्तकालय और कंप्यूटर कक्ष उपलब्ध हैं।

बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि इन विद्यालयों ने यह प्रमाणित किया है कि जब शिक्षक समर्पण और नवाचार के साथ कार्य करते हैं तो सरकारी स्कूल विकल्प नहीं, बल्कि पहली पसंद बन जाते हैं।

## बजट वार्ता में छात्रों के पैनल ने वार्ता करी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,कल्याणपुर स्थित डी. पी. एस स्कूल में बजट वार्ता आयोजित हुई जिसमें किशोर छात्रों को देश की अर्थव्यवस्था,करदाताओं से एकत्रित धन का संतुलित वितरण,देश के विकास के लिए यातायात,शिक्षा, सुरक्षा,भोजन व स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण विभाग का निर्धारण एवं खर्चों की व्यवस्था किस प्रकार निर्धारित होती है एवं देश के लिए बजट की आवश्यकता है इस पर जानकारी व जागरूकता के लिए मंगलवार को बजट वार्ता का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि इस बजट वार्ता में विद्यालय के छात्रों के पैनल ने वार्ता की रूपरेखा बनाई व आयोजन किया। मुख्य वक्ता डी. पी. एस. कल्याणपुर के पूर्व छात्र एवं डी० फरसइया एंड कम्पनी के वित्तीय सलाहकार टैक्स भुगतान, कॉरपोरेट एडवायजरी एवं स्टार्ट अप, सलाहकार आकाश फरसइया ने बजट के गम्भीर प्रश्नों के उत्तर छात्रों को दिए एवं उनका परिप्रेक्ष्य स्पष्ट किया।

## कानपुर देहात द्वारा ₹सेना में रोजगार के अवसर' विषय पर ऑनलाइन सेमिनार का कराया गया सीधा प्रसारण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर देहात आज दिनांक 29.07.2025 को जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा ₹सेना में रोजगार के अवसर' विषय पर ऑनलाइन सेमिनार का सीधा प्रसारण कराया गया जो निदेशक, सेवायोजन उ०प्र०, लखनऊ, के निर्देशानुसार क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कानपुर नगर द्वारा किया गया था। यह सीधा प्रसारण जनपद कानपुर देहात के 02 विद्यालयों कमशः सी०एच०एस० एजुकेशन सेंटर जैनपुर, कानपुर देहात तथा सैनिक शिक्षा निकेतन इंटर कालेज सरवनखेड़ा, कानपुर देहात में किया गया। वार्ताकार विंग कमांडर ए० गुणशेखर, कमान अधिकारी, कानपुर वायुसेना स्टेशन, संतोष द्विवेदी, सहायक कार्यशाला प्रबंधक, लघुशस्त्र निर्माणी, कानपुर, अंशुल वत्स, अडानी समूह और शिव प्रकाश सिंह प्रतिनिधि ऑर्डनेंस फैक्ट्री कानपुर थे।

उक्त आयोजन में कुल 288 बच्चों ने प्रतिभाग किया तथा विंग कमांण्डर अंकित सक्सेना जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कानपुर देहात द्वारा सैनिक शिक्षा निकेतन इंटर कालेज सरवनखेड़ा, कानपुर देहात के विद्यार्थियों को मार्ग दर्शन भी किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रधानाचार्य, रणवीर सिंह चौहान सैनिक शिक्षा निकेतन इंटर कालेज सरवनखेड़ा, कानपुर देहात एवं प्रधानाचार्या, शिल्पी निगम सी०एच०एस शिक्षा इंटर कालेज जैनपुर, कानपुर देहात, जिला सेवायोजन अधिकारी, शशि तिवारी, जिला सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात के विनोद कुमार, अनुज यादव तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# सेंट थॉमस स्कूल में एक दिवसीय सेमिनार का किया गया आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर,किदवई नगर स्थित सेंट थॉमस स्कूल एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया वही विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमस कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया आपको बता दें डिफेंस क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं को लेकर युवाओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य था कार्यक्रम का आयोजन प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय कानपुर मण्डल के सहयोग से किया गया वही मुख्य अतिथि किदवई नगर के विधायक एवं पूर्व मंत्री महेश त्रिवेदी ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ₹रक्षा क्षेत्र में सेवा करना केवल नौकरी नहीं,बल्कि यह देशभक्ति और गौरव का कार्य है। आज के युवाओं को इस दिशा में जागरूक होकर आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर रक्षा सेवाओं में प्रवेश की प्रक्रियाएं,अग्निवीर योजना, तकनीकी पदों की जानकारी, और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विस्तार से जानकारी दी गई वहीं सेमिनार के उपरांत लगाए गए ₹रोज़गार मेला स्टाल्स₹ पर छात्रों ने स्वयं को पंजीकृत कराया और विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर जानकारी प्राप्त करी। इस अवसर पर नेहा प्रकाश निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश,विंग कमांडर ए. गुणशेकर कमान अधिकारी वायु सेना स्टेशन कानपुर,अंशुल वत्स प्रतिनिधि अडानी ग्रुप,संतोष दुवे सहायक कार्यशाला प्रबंधक,स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री और शिव प्रकाश सिंह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर,वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाएं,मंच संचालक स्वदेश चतुर्वेदी और चार्ल्स सिगो एवं मीडिया प्रभारी रॉकी एडविन एवं जगदीश पांडेय उपस्थित रहे।

## फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पिता के हत्यारोपी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

फतेहपुर। फतेहपुर जिले में मंगलवार को जनपद न्यायालय के फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर-02 के अपर जिला जज अजय सिंह ने अभियुक्त को आजीवन कारावास साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल दुबे व शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार ने बताया कि थाना हुसेनगंज में विगत 26 मई सन् 2021 को घटना घटित हुई थी। दीपक लोधी ने अपने पिता आत्माराम की हत्या गला दबाकर हत्या कर दी थी। क्योंकि अभियुक्त मृतक की दूसरी पत्नी का पुत्र था।मृतक की दोनों पत्नियां मर गई थी। अभियुक्त को लगा की मेरे पिता जमीन बेच देंगे। आज फास्ट कोर्ट ने अभियुक्त दीपक लोध को धारा 302, आईपीसी में आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## रिजर्व पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत हुई



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,रिजर्व पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत की गई साहब श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वी शहादत शताब्दी वर्ष को समर्पित करते हुए कानपुर पुलिस कमिश्नरेट,सिख वेलफेयर सोसाइटी,रोटरी क्लब कानपुर साउथ,इनर व्हील क्लब कानपुर साउथ के सहयोग से आज वृक्षारोपण का अभियान पुलिस लाइन में प्रारंभ हुआ वही मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन सिविल लाइंस में वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत हुई वही आपको बता दें कि सिख वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा (विक्की) ने बताया कि आने वाले महीनों में कानपुर कमिश्नरेट में जहां पुलिस थानों में वृक्ष लगने की जगह है वहां पर अमलतास,जागरंदा के वृक्ष,ट्री गार्ड सहित 350 वृक्ष लगाए जाएंगे जो गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित होंगे। रोटरी क्लब कानपुर के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जसबीर सिंह भाटिया व अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने बताया कि हमारी संस्था ट्री गार्ड उपलब्ध कराने का काम करेगी और उन वृक्षों की देखभाल कैसे हो और वह कैसे फले फुले इसकी चिंता भी रोटरी क्लब और सिख वेलफेयर सोसाइटी करेगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेसीपी मुख्यालय विनोद कुमार सिंह,एडीसीपी महेश कुमार,अवध बिहारी मिश्रा,महेश मखीजा,टिंपी बिंद्रा,सुरेंद्र पाल सिंह केसरी,गगन सोनी,महेश सोनी,दलजीत कौर भाटिया,पूनम संजय भाटिया,निर्मल सिंह,रविंद्र सिंह सोनूयश छाबड़ा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'



Mob:-9760800271

मेषः जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

वृष : कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

मिथुनः अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

कर्कः संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

सिंह स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

कन्या : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

तुला : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा।

वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

धनु : नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

मकर : एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी।

कुंभः सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम।

मीनः धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्घि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी।

# लघु उद्योग भारतीय कानपुर के चुनाव संपन्न

### कानपुर नगर के संजीव अवस्थी और कानपुर देहात से संजय गुप्ता अध्यक्ष चुने गए

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




विगत दिवस सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की अखिल भारतीय संस्था लघु उद्योग भारती की कानपुर इकाई की वार्षिक सभा के आयोजन में उद्यमी सम्मेलन कानपुर के सिविल लाइंस में लिटिल चेफ़ होटल में संपन्न हुआ। जिसमें अगले 2 वर्षों के लिए कानपुर नगर के अध्यक्ष श्री संदीप अवस्थी एवं महामंत्री श्री अंकुर अंशवानी तथा कानपुर देहात के लिए अध्यक्ष श्री संजय गुप्ता एवं महामंत्री श्री हिमांशु सिंह को मनोनीत किया गया। कानपुर में महिला उद्यमियों की इकाई का गठन हुआ जिसमें अध्यक्ष प्रेरणा वर्मा एवं महामंत्री डॉ0 सुभाषिनी खन्ना को मनोनीत किया गया। तथा कार्यक्रम में 50 नए सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

औद्योगिक क्षेत्र में होने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई जिनमें मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं -

(१) कानपुर के इस्पात नगर व्यापार नगर के उद्योग लग गए भूखंडों को इंडसट्रियल भूखंड घोषित करना।

(२) सभी विकास प्राधिकरणों द्वारा विकसित औद्योगिक भूखंडों को फ्री होल्ड करना।

(३) प्रदूषण विभाग में एनओसी अथवा अनुमति के लिए समाधान योजना लागू करना तथा रेड एवं पिंक श्रेणी के उद्योगों के अलावा सभी उद्योगों को प्रदूषण विभाग से मुक्त रखना।

(४) कानपुर के दादा नगर एवं पनकी औद्योगिक क्षेत्र 1,2,3,4,5 में सीवर लाइन की व्यवस्था करना।

(५) ₹5000 के स्टांप पर सभी को आवासीय की तरह औद्योगिक संपत्तियों को ब्लड रिलेटिव को ट्रांसफर करने की सुविधा देना।

(६) उद्योगों पर गृहकर के लिए यूपीसीडा द्वारा घोषित दरों के आधार पर सभी उद्योगों पर लागू किया जाए।

(७) निर्यात में पूरा कंटेनर माल भेजने पर उत्तर प्रदेश सरकार सब्सिडी देती है। छोटे उद्योगों को पूर्व की भांति कंटेनर से कम माल देने पर भी सब्सिडी मिलनी चाहिए ।

इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर लघु उद्योग भारती के नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने यह संकल्प लिया है कि औद्योगिक क्षेत्र में हो रही समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करते हुए शासन एवं प्रशासन की सहायता से इन समस्याओं को दूर कराया जाएगा।

कार्यक्रम में अमन घई संदीप अरोड़ा, सुबोध प्रहलादका, पुनीत गुप्ता, अनुराग अग्रवाल फर्रुखाबाद, अनुराग मालवीय आदि प्रमुख उद्योग भारती के से जुड़े हुए लघुउद्योग के संस्थापक व्यापारी गण शामिल थे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह




कानपुर,आयुक्त कानपुर मंडल के.विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में आज मंडलीय समीक्षा बैठक आयुक्त आवास स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मंडल आयुक्त ने शासन की मंशानुरूप योजनाओं एवं परियोजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने सावन के दृष्टिगत प्रत्येक घाट एवं प्रमुख शिवालयों पर एक-एक मजिस्ट्रेट तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन में शिव मंदिरों एवं गंगा घाट पर भारी भीड़ होती है। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से आवश्यक है कि वहां पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित रहे।

मंडल आयुक्त ने कहा कि मंडल में यदि कोई विद्यालय, पीएचसी/सीएचसी, सरकारी कार्यालय जर्जर भवन में संचालित है तो अवलिंब सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए। निष्प्रयोज्य भवनों का डिमोलेशन सीडीओ की निगरानी में किया जाए।

मण्डलायुक्त ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बारिश के समय विशेष सतर्कता बरती जाए। यदि किसी खंभे में करंट उतरने से कोई दुर्घटना हुई तो उत्तरदायित्व तय कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंडल अंतर्गत सभी जनपद नदियों किनारे स्थित संवेदनशील तटबंधों की जांच एसडीएम स्तर के अधिकारियों से कराए तथा यदि कहीं रेट होल्स या साही का बिल मिले तो अविलंब दुरुस्त कराए। मण्डलायुक्त ने उर्वरक उपलब्धता की भी समीक्षा की तथा सभी जिलाधिकारियों को स्वयं खाद की उपलब्धता की मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया।

मंडलायुक्त ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की। विकास कार्यों की रैंकिंग में जून माह में औरैया को प्रदेश में दूसरा, कन्नौज को 19, फर्रुखाबाद को 30, कानपुर देहात 49, कानपुर नगर को 50 एवं इटावा को 51वां स्थान प्राप्त हुआ था। मण्डलायुक्त ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में कानपुर देहात जनपद की 74वीं रैंक होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा पीओ नेडा को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत अधिक से अधिक स्थानीय वेंडर चयनित किये जाए तथा योजना का प्रचार- प्रसार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जाए।

मण्डलायुक्त ने उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई योजना के लंबित प्रकरणों पर असंतोष व्यक्त किया। योजनांतर्गत कानपुर नगर में 237, कानपुर देहात में 110, इटावा में 138 औरैया में 60 और कन्नौज में 34 प्रकरण लंबित हैं। उन्होंने प्रोबेशन विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया।

औरैया एवं फर्रुखाबाद जनपदों का सीडी रेशियो सुधारने के संबन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार के रोजगारपरक योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए। इससे सीडी रेशियो में सुधार होगा। टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा की गई। मंडल में 29,147 टीबी रोगी चिन्हित किये गए हैं जिसमें से 14,837 कानपुर नगर में हैं। मण्डलायुक्त ने सभी टीबी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ एवं सहायता राशि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धों हेतु बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड में कानपुर नगर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। अब तक जनपद में इस आयु वर्ग के 58,934 लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है, जबकि पूरे मंडल में 1,27,528 वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बना हुआ है। मंडलायुक्त ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इससे अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए। मंडलायुक्त ने मंडल अंतर्गत चल रही निर्माण परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# डिम्पल यादव के अपमान पर भड़का महिला समाज, शीरी गुल ने की एफआईआर की मांग

## "महिलाओं के प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन"

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल के नेतृत्व में मंगलवार को महिलाओं का एक प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने सांसद एवं समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता डिम्पल यादव के विरुद्ध मौलाना साजिद रशीदी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर विरोध दर्ज किया और मौलाना के खिलाफ प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करने की मांग की। शीरी गुल ने कहा कि डिम्पल यादव हमेशा से महिला सशक्तिकरण गरिमा और सम्मान की पक्षधर रही हैं। उनके खिलाफ की गई सार्वजनिक टिप्पणी न सिर्फ एक सम्मानित महिला सांसद का अपमान है, बल्कि समस्त नारी समाज की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली है। उन्होंने कहा यह बयान महिलाओं के प्रति असम्मान और दुर्भावना फैलाने की नीयत से दिया गया है। जो भारतीय संविधान विधि व्यवस्था और महिला गरिमा का खुला उल्लंघन है। महिला सभा ने प्रशासन से मांग की कि मौलाना साजिद रशीदी के विरुद्ध त्वरित एफआईआर दर्ज की जाए और उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधि मंडल का कहना है कि इस प्रकार के बयानों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, ताकि समाज में यह सन्देश जाए कि महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव फाखरा लाइक, शशि गुप्ता, सायरा बानों, तलत, डॉ. सलमा, शमशा, जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव, मोनिका यादव, रेशमा परवीन, राजेश्वरी यादव सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जानलेवा हमला मामले के दो आरोपितों को दस-दस वर्ष की सश्रम कारावास की सजा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के दारागंज थाने की पुलिस टीम की प्रभावी पैरवी की वजह से वर्ष 2017 में हुए जानलेवा हमला मामले के दो आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने के बाद न्यायालय ने मंगलवार को दस—दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 10—10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारतीय ने दी।

उन्होंने बताया कि न्यायालय से सजा पाने वाले में दारागंज थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क दारागंज निवासी संदीप धोबी पुत्र रमेश धोबी और दारागंज के मीरागली निवासी नितिन निषाद पुत्र सुशील कुमार है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के तहत दारागंज थाने के मॉनीटरिंग सेल के उपनिरीक्षक अशोक कुमार, कोर्ट मोहर्रिर उपनिरीक्षक रणवीर सिंह, थाने के मुख्य आरक्षी कन्हैया लाल और एडीजीसी मनोज कुमार पाण्डेय ने अथक प्रयास करके उपरोक्त दोनों आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किया।

# अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

ठाकुरद्वारा। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सावन माह के पावन अवसर पर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया।मंगलवार को नगर के मोहल्ला पीपल टोला स्थित श्री शिवधाम पंचशील मंदिर पर विधि विधान के साथ गणेश पूजन और कलश स्थापना कराई गई और अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। रुद्रदत्त शर्मा ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सावन माह के पावन अवसर पर मंगलवार से बुधवार तक अखंड रामायण पाठ किया जाएगा। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु रहे।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को करिकुलर एवं वोकेशनल की दी जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



भोजपुर। मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में दीक्षारंभ कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को करिकुलर एवं वोकेशनल पेपर का विस्तृत परिचय डॉक्टर असीम एवं डॉक्टर जितेंद्र कुमार द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार द्वारा की गई तथा संचालन का दायित्व डॉ. पूजा निर्माणिया ने निभाया। द्वितीय दिवस की गतिविधियों के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर की यात्रा कराई गई। इस भ्रमण का मार्गदर्शन डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने किया। इसके अतिरिक्त इको क्लब पर्यावरण एवं स्वच्छता विषय पर सुश्री वंदना भारती द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसे सुश्री मधु त्यागी ने प्रस्तुत किया। इसी क्रम में महाविद्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी समारोह के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर भाषण एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस विशेष अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार एवं सभी प्राध्यापकगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# लघु फिल्म प्रतियोगिता की विजेता बनी मुरादाबाद की बरखा रानी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास मुरादाबाद के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित लघु फिल्म प्रतियोगिता –2025 के पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन मंगलवार सायंकाल बुद्धि विहार स्थित प्रधान कार्यालय में किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली मुरादाबाद निवासी बरखा रानी को ₹11,000 की धनराशि का चेक प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृजमोहन ने अपने उद्बोधन में एकात्मकता स्त्रोत की पंक्ति ₹प्रकृति पंच भूतानिः, ग्रहाः लोका स्वरास्तथाः₹ बोलते हुए कहा कि प्रकृति, पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश), ग्रह, समस्त लोक और देवगण यह सभी ब्रह्मांडीय संतुलन के स्तम्भ हैं। इन पंचमहाभूतों की रचना मानव के वश में नहीं है, इसलिए इनका संरक्षण हमारा नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कर्तव्य है। कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण एक प्रमुख विषय बन चुका है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प

मुरादाबाद। मंगलवार को जमीन के विवाद में जमकर पथराव व फायरिंग में मदरसा छात्र जख्मी हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो भागे दोनो पक्ष जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट के बाद फायरिंग हो गई। इसमें एक छात्र जख्मी हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मुरादाबाद के मझोला क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई पथराव और फायरिंग में 14 वर्षीय बच्चें फैजान को लगी गोली, प्रॉपर्टी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में हुई झड़प और पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घायल बच्चें को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी,मझोला थाना क्षेत्र के गागन वाली मैनाठेर का मामला है।

## खबरें फटाफट

### दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी का चुनाव संपन्न

मुरादाबाद। मंगलवार को द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव में वोटिंग के लिए अधिवक्ताओं की लंबी लाइन लगी रही। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आनंद मोहन गुप्ता और हाजी अमीरुल हसन जाफरी में सीधे मुकाबले के बीच महासचिव पद के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। और वोटिंग के बावजूद अभी स्पष्ट नही हो पाया कि 10 प्रत्याशियों में महासचिव का ताज किस प्रत्याशी पर सजेगा, महासचिव पद के लिए राजेश कुमार, आशकर हुसैन, राजीव चौधरी, मुख्तार हुसैन, दिनेश चंद्र तिवारी आदि मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष के लिए अजय बंसल, आसिफ, पारुल, सैफी आदि मुकाबला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव राघव, देशराज शर्मा, उमेश कुमार,अंजार हुसैन अपना भाग्य आजमा रहे हैं। संयुक्त सचिव के लिए रमापति पांडे, मोहम्मद नासिर हुसैन आदि मैदान में है। वोटिंग के लिए बनाए गए हैं 36 बूथ, 21 पदों के लिए 76 प्रत्याशी मैदान में, कुल 2423 अधिवक्ता ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग।बुधवार सवेरे 10:00 बजे से मतगणना होगी।

### बैंको की सुरक्षा को लेकर किया चेंकिग

मुरादाबाद। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### पांच लाख और गाड़ी की मांग के चलते विवाहिता को मारपीट कर घर से निकला, मुकदमा दर्ज

ठाकुरद्वारा। विवाहिता को पांच लाख की नकदी और चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव फरखंपुर निवासी प्रीती की शादी 12 दिसंबर 2018 को सरकड़ा करीम निवासी कुलदीप के साथ हुई थी।आरोप है कि विवाहिता के ससुराल वाले शादी में मिले दान दहेज से खुश नहीं थे और पांच लाख रुपए नकद व चार पहिया गाड़ी की मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। 5 मई 2025 को आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच व मारपीट करते हुए एक जोड़ी कपड़ो में घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति कुलदीप,ससुर बृजपाल, जेठ कुलवीर, सास किरन देवी सहित सात आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने किया नकदी सहित लाखों के आभूषणों पर हाथ साफ

ठाकुरद्वारा। चोरों ने नगर के एक वार्ड निवासी व्यक्ति के घर में घुसकर आठ हजार रुपए की नकदी और लाखों के आभूषण चोरी कर लिए फिर इतने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही मेंकी मांग की है। नगर के वार्ड नंबर 17 निवासी इस्लाम पुत्र फिदा हुसैन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर आठ हजार रुपए की नकदी और लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रशासन की सख्ती से मंडी में मचा हड़कंप, अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## अतिक्रमण हटाने को लेकर मंडी सचिव और विधायक के बीच पहले ही हो चुका था विवाद

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। मंडी सचिव संजीव कुमार की कथित पिटाई के मामले में 24 घंटे बाद भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नही की जा सकी है। इस बीच प्रशासन ने अचानक कार्रवाई करते हुए मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला दिया। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। मंगलवार सुबह एडीएम सिटी ज्योति सिंह और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं। बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान उस आढ़ती की दुकान भी ढहा दी गई। जिसकी पैरवी क्षेत्रीय विधायक ने की थी। जानकारी के अनुसार, अतिक्रमण हटाने को लेकर मंडी सचिव और विधायक के बीच पहले ही विवाद हो चुका था। सचिव का आरोप है कि इसी विवाद के बाद विधायक अपने समर्थकों के साथ मंडी पहुंचे और उन्हें कमरे में बंद कर मारपीट की गई। हालांकि सचिव द्वारा दी गई शिकायत अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की गई है, उनका कहना है कि वह हाल ही में पदभार संभालने के कारण विधायक को पहचानते नही थे। मंडी में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और पुलिस ने कुछ कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालनी शुरू कर दी है। लेकिन अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# एसपी देहात ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# श्री महाशिवपुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर शिव-पार्वती विवाह महोत्सव का भव्य आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर, नया मुरादाबाद में आयोजित श्री महाशिवपुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर मंगलवार को शिव-पार्वती विवाह महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कथा का भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक वर्णन आचार्य आशीष माधव जी के श्रीमुख से किया गया, जिसमें शिव विवाह की पौराणिक गाथा और उसके गूढ़ रहस्यों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। कथा में मुख्य रूप से महेश चंद्र अग्रवाल, महापौर विनोद अग्रवाल जी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती प्रिया अग्रवाल, श्रीमती मनीषा अग्रवाल,विमल अग्रवाल जी, जूही अग्रवाल जी,शालिनी अग्रवाल जी, रीना मल्होत्रा जी, रूपाली अग्रवाल जी, नीतू खन्ना, रमोला मल्होत्रा,पल्लवी आहूजा, प्रेणा महाजन, सोनाली बजाज, शैली अग्रवाल जी, रेखा मदान जी आदि श्रद्धालु जन उपस्थित रहें।शिव-पार्वती विवाह के इस अलौकिक प्रसंग ने समस्त भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर प्रांगण वैदिक मंत्रों, शिव वंदना और भक्ति संगीत से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं उल्लास के साथ शिव-पार्वती के विवाह की साक्षी बनकर अपने आप को धन्य महसूस किया। कथा का यह आयोजन प्रतिदिन भव्य रूप से संपन्न हो रहा है और आने वाले दिनों में भी यह धार्मिक यात्रा जारी रहेगी। ट्रस्ट परिवार सभी श्रद्धालुओं से निवेदन करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण करें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# शांति भंग के आरोप में तीन गिरफ्तार



ठाकुरद्वारा। झगड़े पर उतारू तीन व्यक्तियों को पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। कोतवाली पुलिस ने नगर के वार्ड नंबर 2 निवासी रवि कुमार पुत्र राम प्रसाद और दलवीर पुत्र बन्नू सिंह को फरीदनगर निवासी कौशलेंद्र पुत्र जसराम सिंह से झगड़े पर उतारू होने की शिकायत पर शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने नगर के कदीर तिराहा से झगड़े पर उतारू थाना स्वार के मसवासी निवासी रियाजुल और उत्तराखंड के थाना जसपुर के नई बस्ती निवासी फहीम खान पुत्र जलील खान को शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# दो बाईकों की टक्कर में तीन युवक घायल, दो गंभीर



ठाकुरद्वारा। काशीपुर मुरादाबाद हाईवे पर नगर दो बाईकों में भीषण भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए जिनमें से दो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के सुरजन नगर निवासी निपेंद्र नगर निवासी समीर और नगर के मोहल्ला कुरेशियान निवासी अदनान अपनी अपनी बाइक से काशीपुर की दिशा में जा रहे थे। सोमवार की देर रात लगभग 10 :15 बजे काशीपुर चुंगी से आगे दोनों बाइकों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तीनों युवक घायल हो गए जिन्हें नगर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन दो युवकों की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

## महिला को घर में घुसकर पीटा, मुकदमा

ठाकुरद्वारा। घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट कर धमकाने के आरोप में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर निवासी मिथलेश देवी पत्नी जय गोपाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि बीती 19 जुलाई की शाम करीब 7:00 बजे गांव निवासी प्रदीप पुत्र वीरपाल , नीशू कुमार पुत्र कुंवर पाल, पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र राजपाल, केशव कुमार गाली गलौच करते हुए उसके घर में घुस आए और उसे लात घूसों से पीट दिया। आरोपियों ने अगले दिन भी उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
43
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-361 Greater Kailash-II New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram
facebook

# गोंडा में लम्बे अरसे से तैनात डीएम नेहा शर्मा का तबादला, प्रियंका निरंजन को मिली जिम्मेदारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चलाई और कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गोण्डा में लम्बे अरसे से डीएम के पद पर तैनात रहीं नेहा शर्मा का तबादला कर दिया गया है और अब उनकी जगह पर 2013 बैच की आईएएस अफसर प्रियंका निरंजन को गोंडा की नई कलेक्टर बनाकर भेजा गया है। इससे पूर्व वह मिर्जापुर में डीएम के पद पर आसीन थीं,वहीं नेहा शर्मा को गोण्डा जिले से हटाकर प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है।

बता दें कि प्रियंका निरंजन उत्तर प्रदेश कैडर की 2013 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। गोंडा की जिलाधिकारी बनने से पहले वह मिर्जापुर जिले की डीएम थीं। अपने पूर्व कार्यकाल में वह जालौन की डीएम, लखनऊ सरकार में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विशेष सचिव और मिर्जापुर की मुख्य विकास अधिकारी रह चुकी हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा जालौन से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसी विश्वविद्यालय से उन्होंने अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शोध छात्रा प्रियंका निरंजन ने 2012 की सिविल सेवा परीक्षा में 20वां स्थान प्राप्त किया था। बताया जाता है कि डीएम प्रियंका निरंजन अपनी पहली पोस्टिंग की शुरुआत से ही जनता के बीच अच्छा काम करती आ रही है। जब वे जनपद मुज़फ्फरनगर में पोस्ट थी तो उन्होंने अपनी बेटी को सरकारी चिकित्सालय में जन्म देकर जनता को संदेश देने का काम किया था कि सरकारी अस्पताल में भी बेहतर सुविधाएं है। जनपद मिर्ज़ापुर में ही इस अफसर ने विश्व हाथ धुलाओ दिवस पर प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर निरीक्षण करने के पश्चात विद्यालय के बच्चो के बीच बैठकर खाना खाया और बच्चों को हाथ धोने से होने वाले फायदों के बारे में बताया।



प्रियंका निरंजन का जन्म उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 1 अक्टूबर 1984 को हुआ। उनके पिता पीडब्ल्यूडी में कॉन्ट्रैक्टर है और ये झांसी की मरौठा तहसील के मूल निवासी है और उनकी माता हाउसवाइफ है। प्रियंका निरंजन के 2 बहन और एक छोटा भाई है। एक बहन ने बी.टेक किया व दूसरी बहन ने एमएससी की हुई है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा जनपद जालौन व झांसी से हुई और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री तथा अर्थशास्त्र से मास्टर और आर्ट की डिग्री भी प्राप्त की है। इन्होंने 2008 से सिविल परीक्षा की तैयारी शुरू की और अपने छ्ठे प्रयास में सिविल सर्विस क्वालीफाई कर 2013 बैच की आईएएस अफसर बन गई। इनकी ट्रेनिंग 26 नवम्बर 2015 तक मसूरी में हुई उसके बाद शासन ने इन्हे 27 नवम्बर 2015 को जनपद मुज़फ्फरनगर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया था। मुज़फ्फरनगर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर रहते हुए आईएएस प्रियंका निरंजन ने राजकीय जिला चिकित्सालय में बेटी को जन्म देकर मिसाल कायम की। इस आईएएस अधिकारी ने अपनी बेटी को सरकारी चिकित्सालय में जन्म देकर जनता में जागृति पैदा की, अन्यथा लोग मानते है कि सरकारी अस्पतालों में केवल गरीब ही इलाज कराते हैं, इन्होंने सुख सुविधा से संपन्न होते हुए भी पहले ही सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म देने का फैसला कर लिया था। एक घंटे चले ऑपरेशन के बाद आईएएस प्रियंका निरंजन ने बेटी को जन्म दिया था। जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमिता गर्ग ने खुद ऑपरेशन कर महिला आईएएस अधिकारी का प्रसव कराया था। प्रियंका निरंजन डीएम जालौन रहते हुए गरीब परिवारों के बच्चो को निःशुल्क कोचिंग की व्यस्था कराई,उनके प्रयासों से 2022 के विधान सभा के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ा तथा वहां की नून नदी को पुनर्जीवित किया तथा लगभग 700 स्कूलों की बाउंड्री बनवाई। मिर्जापुर में सीडीओ रहते हुए वहां की कर्णावती नदी को भी पुनर्जीवित करने का भी कार्य किया है। जल संरक्षण हेतु इनके योगदान पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित की जा चुकी है। पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ भी 2013 बैच की आईएएस अधिकारी प्रियंका निरंजन की तारीफ कर चुके हैं। इनके पति मनीष सिंह आईपीएस अधिकारी है इनके पिता रामकुमार निरंजन हैं जो झांसी में रहते हैं। प्रियंका निरंजन, आईएएस बनने के पूर्व 2008 और 2010 में बीडीओ और ट्रेजरी ऑफिसर के पद पर काम कर चुकी हैं।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडोफोड़, अर्ध निर्मित तमंचे व हथियार बनाने का उपकरण बरामद एक गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा ।जिले की वजीरगंज पुलिस ने अवैध हथियार के निर्माण व बिक्री पर कार्रवाई करते हुए एक अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडोफोड़ किया है ।पुलिस ने भारी मात्रा में अर्धनिर्मित तमंचे,कारतूस व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किया है ।पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी शीतला प्रसाद विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक रामधारी दिनकर आपनी टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे ।महराजगंज में चेकिंग के दौरान तरबगंज से डुमरियाडीह की तरफ आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा।

पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया ।पूछताछ में उसने अपना नाम शीतला प्रसाद विश्वकर्मा बताया ।वह जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के विरजा पुरवा



गांव का रहने वाला है

।तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया ।कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि वह अपने घर पर अवैध देशी तमंचे बनाकर बेचने का काम करता है।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने उसके घर पर छापा मारा ।छापे के दौरान पुलिस को वहां से अवैध शस्त्र निर्माण सामग्री,7 अर्धनिर्मित देशी तमंचे,एक अर्धनिर्मित 6 फयरा,2जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ ।इसके अतिरिक्त 8 खोखा कारतूस 32 बोर,2 खोखा कारतूस 315 बोर,5 बैरल 12 बोर,1 बैरल 315 बोर तथा 5 अर्धनिर्मित बैरल 12 बोर भी बरामद हुआ ।तमंचा बनाने के उपकरण भी भारी मात्रा में बरामद हुए।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी शीतला प्रसाद विश्वकर्मा के विरुद्ध वजीरगंज थाने में 3/5/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है।

# डिम्पल यादव पर टिप्पणी के विरोध में गोंडा में विरोध प्रदर्शन मौलाना साजिद रशीदी के दी तहरीर, गिरफ्तारी की मांग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। मैनपुरी सांसद डिम्पल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में गोंडा में महिलाओं ने प्रदर्शन किया।

समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव प्रतिभा सिंह की अगुआई में सैकड़ों महिलाएं नगर कोतवाली पहुंची ।यह विवाद तब शुरू हुआ जब डिम्पल यादव एक मस्जिद में गई थीं।

मौलाना साजिद रशीदी ने उनके वस्त्र और पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी किया था ।इससे नाराज होकर महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदशर्न में शामिल महिलाओं ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी न केवल डिम्पल यादव का अपमान है,बल्कि देश की आधी आबादी का अपमान है ।उन्होंने कहा कि इसे




किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।राष्ट्रीय महासचिव प्रतिभा सिंह ने नगर कोतवाली में साजिद रशीदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिया।

उन्होंने कहा कि डिम्पल यादव एक सम्मानित राजनीतिक व्यक्ति हैं ।उनके संबंध में इस तरह की ओछी टिप्पणी करने वाले को बख्शा नहीं जाना चाहिए। यह महिलाओं के सम्मान पर सीधा हमला है।

प्रतिभा सिंह ने मांग किया कि पुलिस इस मामले को तत्काल संज्ञान में ले।

आरोपी साजिद रशीदी के विरुद्ध बिएन एसएस की संबंधित

- सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में प्रदशर्न

धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करें ।कोतवाली में मौजूद अन्य महिलाओं ने भी इस टिप्पणी की कड़ी निंदा की ।उन्होंने कहा कि समाज में इस तरह की द्वेषपूर्ण और अपमानजनक टिप्पणियों को बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए।

सभी महिलाओं ने एकजुट होकर प्रशासन से अनुरोध किया कि ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

पुलिस ने महिलाओं की तहरीर लै लिया है और जांच शुरू कर दिया है। अब देखना है कि पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाती है साजिद रशीदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होता है या नहीं।

# गोंडा में 25 माह का बदलाव: संवाद स्वच्छता और सुशासन की नई इबारत: जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के 25 माह के कार्यकाल ने गोंडा जिले को सुशासन, नवाचार और मानवीय प्रशासन का ऐसा चेहरा दिया, जिसकी मिसाल पूरे प्रदेश में दी जा रही है। 12 जून 2023 को पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने प्रशासनिक शैली में संवाद, संवेदना और समाधान को केंद्र में रखा, और यही दृष्टिकोण उनके कार्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

***स्वच्छता को बनाया सम्मान का विषय**

अगस्त 2023 में प्रारंभ हुआ विशेष स्वच्छता अभियान सिर्फ एक सरकारी निर्देश नहीं था, बल्कि एक जनांदोलन बन गया। नेहा शर्मा ने स्वच्छता को सामाजिक सम्मान से जोड़ा और इसमें बच्चों, युवाओं, संस्थाओं और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। मोहल्लों की रंगीन दीवारें, स्वच्छता गीत और श्रमदान की परंपरागोंडा की पहचान बन गई।

***जनसंवाद की पुनर्परिभाषा**

गोंडा में संवाद को उन्होंने प्रशासन की रीढ़ बना दिया। 'जनता दर्शन', 'समाधान दिवस', 'ग्राम चौपाल', 'नगर चौपाल' और 'नागरिक संगम' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने आमजन से सीधा जुड़ाव स्थापित किया। विशेष बात यह रही कि उन्होंने



जनसमस्याओं के समाधान में देरी को अस्वीकार्य माना और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा।

***ग्राम चौपाल से गांव-गांव संवाद**

जून 2023 से शुरू हुई वृहद ग्राम चौपालों की श्रृंखला ने सुदूर गांवों तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित की। ग्राम चौपाल 3.0 तक पहुंचते-पहुंचते 40 ऐसे गांवों को चिन्हित किया गया जहां से IGRS पोर्टल पर सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इनमें जाकर प्रत्यक्ष संवाद कर समस्याओं का समाधान किया गया।

***शहरी क्षेत्रों में नवाचार**

नगर क्षेत्रों में पहली बार 'नगर चौपाल' और 'नागरिक संगम' जैसे संवाद कार्यक्रमों के ज़रिए खुद जिलाधिकारी वार्डों में पहुंचीं। लोगों की बुनियादी समस्याएं जैसे नाली, सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया।

**प्रोजेक्ट वनटांगिया: उपेक्षा से मुख्यधारा तक**

नेहा शर्मा के नेतृत्व में प्रोजेक्ट वनटांगिया एक सामाजिक नवाचार बनकर उभरा। वनटांगिया गांवों में दीपोत्सव आयोजित कर उपेक्षित समुदाय को प्रशासन से जोड़ने का जो प्रयास हुआ, वह ऐतिहासिक रहा। शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना की सुविधाएं इन गांवों तक पहुंचीं।

**महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भागीदारी**

'शक्ति सारथी', 'शक्ति कैफे' और 'अरगा ब्रांड' जैसे प्रयोगों ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में नए रास्ते खोले। वहीं युवाओं को नीति-निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास भी प्रशंसनीय रहा।

***प्रशासनिक संस्कृति में बदलाव**

नेहा शर्मा ने दंड की बजाय सुधार को प्राथमिकता दी। वर्षों से लंबित प्रमोशन प्रक्रियाओं को पूरा कर कर्मचारियों में विश्वास और ऊर्जा का संचार किया। उनका नेतृत्व यह दिखाता है कि संवेदना, संकल्प और सिस्टम जब एकसाथ चलते हैं, तो बदलाव न केवल संभव होता है बल्कि स्थायी भी होता है।

# आज नवाबगंज में दिनभर नहीं रहेगी बिजली,बदला जाएगा पैनल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा ।जिले के विद्युत उपकेंद्र नवाबगंज पर बुधवार को जर्जर 11केवी पैनल बदलने का कार्य किया जाएगा ।इस कारण पूरे नवाबगंज क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

यह जानकारी उपखंड अधिकारी पियूष सिंह ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया।

उन्होंने बताया कि उपकेंद्र से संचालित सभी फीडरों की विजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक बंद रहेगी ।उन्होंने बताया कि यह कार्य क्षेत्रीय उपभोक्ताओं के हित में किया जा रहा है। एसडीओ ने बताया कि जर्जर लाइनों को दुरुस्त कराने के लिए बिजली बंद करना आवश्यक है।

उन्होंने इस दौरान सभी नागरिकों से धैर्य रखने व सहयोग करने की अपील की है। बिजली विभाग के अनुसार,मरम्मत कार्य से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा और भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचा जा सकेगा।

# खतरा : 24 घंटे में 15 सेंटीमीटर बढ़ गया घाघरा नदी का जल स्तर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। जिले में घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है बीते 24 घंटों में नदी का जलस्तर 15 सेंटीमीटर बढ़ गया है। वर्तमान में एल्गिन ब्रिज पर घाघरा नदी खतरे के निशान से 74 सेंटीमीटर नीचे बह रही है।

नदी में आज गिरिजा बैराज से 115127 क्यूसेक,शारदा बैराज से 135054 क्युसेक और सरयू बैराज से मात्र 615 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है ।लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद घाघरा नदी अब धीरे धीरे खतरे के निशान के नजदीक पहुँच रही है।

पिछले 24 घंटों के आंकड़ों पर नजर डालें तो सोमवार सुबह 8 बजे 123300 क्यूसेक,रात 8 बजे 224163 क्यूसेक और सुबह 8 बजे 250796 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है ।देर रात गिरिजा और शारदा बैराज से छोड़ा गया पानी अब गोंडा की सीमा में पहुंच रहा है। इससे नदी का जलस्तर और अधिक बढ़ने की



- गोंडा में खतरे के निशान से 74 सेंटीमीटर नीचे
- गिरिजा ल शारदा बैराज से छोड़ा गया पानी

सम्भावना है।

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए गोंडा जिले में सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। राजस्व विभाग के साथ साथ बाढ़खंड के अधिकारियों की भी 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। कर्मचारी नदी के बढ़ते जलस्तर पर लगातार निगरानी रखे हुए हैं।

घाघरा नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को भी अलर्ट कर दिया गया है ।जिला प्रशासन, बाढ़ खंड व आपदा विभाग द्वारा पहले ही तटीय इलाकों के निवासियों को बाढ़ से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जा चुका है।

# धूम-धाम से निकली निशान शिव ध्वज एवं कलश शोभायात्रा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोन्डा ।आज से शुरू हो रहे महापुराण कथा को लेकर गोंडा नगर के पार्थिव पूजन सेवा समिति द्वारा आयोजित पंचवटी सीताराम आश्रम रिसिया शाखा गोंडा परिवार द्वारा आयोजित सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा के आयोजन पर मंगलवार को सांयकाल गोलागंज विनोद टॉकीज से निशान शिव ध्वज एवं कलश शोभायात्रा निकलकर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित कथा स्थल शारदा मैरिज लान पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में उज्जैन से पधारे महाकाल की विराट झांकी शोभायात्रा में मौजूद रही ।मुख्य अतिथि मुख्य यजमान आरती सोनी एवं संतोष सोनी रहे। शोभा यात्रा में परम श्रद्धेय रवि शंकर जी महाराज के गुरु भाई सानिध्य रूप में मौजूद रहे। यात्रा में भक्त भगवान महाकाल की भक्ति में लीन रहे। कोई भक्त शंख बजा रहा था तो कोई झांझ मंजीरा बजा रहा था।



- शोभायात्रा में महाकाल की विराट झांकी सजी

शोभा यात्रा में महाकाल उज्जैन से आए हुए कलाकारों द्वारा साज सज्जा पर मौजूद रहे।

और आज बुधवार 30 जुलाई से 6 अगस्त तक प्रातः काल 6:00 बजे से 9:00 बजे तक पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक का पूजन प्रारंभ होगा और सांयकाल 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक शिव महापुराण कथा होगी। कथा 30 जुलाई बुधवार से 5 अगस्त दिन मंगलवार तक चलेगी ।और 6 अगस्त को भव्य भंडारे का आयोजन होगा ।इस दौरान मंडलीय प्रभारी संदीप मेहरोत्रा, शिव शंकर सोनी, रवि सोनी, अमित सोनी, गौरव रस्तोगी, दीपक मराठा, सूर्य प्रकाश सोनी ,देवेंद्र सोनी, आयूष सोनी, रविन्द्र सिंह ,रमेश गुप्ता, शिव पंडित राजू सिंधी , रविंद्र सिंह, कनक लता सोनी, आरती सोनी, ममता सोनी, रंजना सोनी, माया सोनी, पूर्व सभासद वंदना गुप्ता,दीपा मल्होत्रा, रंजना रस्तोगी,पुष्पांजलि रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# न्यूरोविकासात्मक विकारों से जूझते बच्चों के लिए वरदान बन रहा प्रारंभिक हस्तक्षेप: असिस्टेंट प्रोफेसर नबनीता बरुआ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। न्यूरोविकासात्मक विकारों से जूझते बच्चों के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप एक नई उम्मीद बनकर सामने आ रहा है, जो न केवल उनके मानसिक और सामाजिक विकास को गति देता है, बल्कि उन्हें एक बेहतर और आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर भी करता है। इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं कमांड अस्पताल (सेंट्रल), लखनऊ स्थित प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र की मुख्य नैदानिक पर्यवेक्षक एवं एमिटी यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश, लखनऊ की असिस्टेंट प्रोफेसर (क्लिनिकल साइकोलॉजी)

नबनीता बरुआ ।श्रीमती बरुआ ने बताया कि जीवन के प्रारंभिक वर्षों में मस्तिष्क में जबरदस्त लचीलापन (प्लास्टिसिटी) होता है। इसी काल में अगर बच्चों में ऑटिज़्म, बौद्धिक अक्षमता या अन्य न्यूरोविकासात्मक विकारों की पहचान हो जाए और वैज्ञानिक ढंग से उपचार शुरू हो जाए, तो उनमें आश्चर्यजनक सुधार देखने को मिलता है।

₹हम जितना जल्दी हस्तक्षेप करते हैं, बच्चों के जीवन में उतना ही बेहतर और सकारात्मक बदलाव लाते हैं,₹ श्रीमती बरुआ ने कहा। उन्होंने बताया कि ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, अधिगम अक्षमता, बौद्धिक अक्षमता आदि विकारों से जूझते बच्चों के



- कम उम्र में पहचान और उपचार से बच्चों का भविष्य संवर रहा

लिए यह प्रक्रिया जीवन रेखा साबित हो सकती है। प्रोफेसर बरुआ ने बताया कि एक नैदानिक मनोवैज्ञानिक न केवल बच्चे की व्यापक जांच करता है, बल्कि उसकी व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार करता है। एप्लाइड बिहेवियर एनालिसिस, कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी और फैमिली थैरेपी जैसी तकनीकें इसमें बेहद कारगर सिद्ध हो रही हैं।

हम सिर्फ बच्चों के साथ नहीं, उनके माता-पिता और पूरे परिवार के साथ कार्य करते हैं। उन्हें प्रशिक्षित करना और मानसिक रूप से तैयार करना इस प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा है। प्रारंभिक हस्तक्षेप की इस समग्र प्रक्रिया में विशेष शिक्षकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये शिक्षक व्यक्तिगत शैक्षिक योजनाएं के जरिए हर बच्चे की जरूरतों के अनुसार पाठ्यक्रम को ढालते हैं। वहीं, स्पीच थैरेपिस्ट, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट और फिजिकल थेरेपिस्ट बच्चों की संप्रेषण, मोटर और संवेदी क्षमताओं के विकास में मदद करते हैं।

श्रीमती बरुआ मानती हैं कि जब मनोविज्ञान, विशेष शिक्षा और पुनर्वास सेवाएं एक साथ मिलकर काम करती हैं, तभी बच्चे को सम्पूर्ण रूप से सहायता मिलती है। श्रीमती बरुआ के साथ डॉ. नीलम बंसल (असिस्टेंट प्रोफेसर, विशेष शिक्षा, एमिटी यूनिवर्सिटी) और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा भी सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। इनकी सहभागिता ने न केवल शिक्षण क्षेत्र को सशक्त किया है, बल्कि पुनर्वास के व्यावहारिक पक्ष को भी मजबूती प्रदान की है।

# करनैलगंज में चोरी की घटना से दहशत,दुकानदार ने पुलिस से की कार्यवाही की मांग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत करनैलगंज-हजूरपुर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग, छतई पुरवा सकरौरा ग्रामीण के पास सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक परचून की दुकान में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़ित दुकानदार वशिष्ठ कुमार पाण्डेय, निवासी नहवा परसौरा ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

वशिष्ठ कुमार ने बताया कि बीती रात चोरों ने उनकी दुकान के पीछे सेंध काटकर लगभग 5,000 रुपये नकद और कुछ कीमती सामान चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो सामान बिखरा हुआ मिला और पीछे सेंध कटी हुई थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके का मुआयना किया। दुकानदार ने बताया कि चोरी गए सामान और नकदी से उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

करनैलगंज क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इससे पहले भी क्षेत्र में एक सर्राफा व्यवसायी के यहां लाखों की चोरी की वारदात हो चुकी है,जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका। इस ताजा घटना ने एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है और वे पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके।

# इंटर के छात्र ने किया आत्मघात परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

गोंडा। जिले के नवाबगंज कस्बे से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है ।जहाँ 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले 19 वर्षीय छात्र ने सोमवार रात अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर का मंजर देख परिवार चीख पड़ा। मां पूनम श्रीवास्तव बेसुध हो गईं, जबकि अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।मिली जानकारी के अनुसार, यह हृदय विदारक घटना नवाबगंज कस्बे के पड़ाव मोहल्ले की है। कोल्ड स्टोरेज तिराहे के पास रहने वाले विनोद श्रीवास्तव का छोटा बेटा विनीत श्रीवास्तव गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा का छात्र था। सोमवार रात भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया ।मंगलवार सुबह जब विनीत को जगाने के लिए आवाजें दी गईं तो कोई जवाब नहीं मिला। कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद प्रतिक्रिया न मिलने पर पिता विनोद श्रीवास्तव ने दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि विनीत की लाश छत के कुंडे से लटक रही थी। यह दृश्य देखकर परिवार की चीख निकल पड़ी और मोहल्ले में कोहराम मच गया ।सूचना पर



मौके पर पहुंचे प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल से विनीत का मोबाइल और डायरी भी मिली है, जिसकी मदद से आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है ।विनीत दो भाइयों में छोटा व अविवाहित था। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है ।फिलहाल पुलिस आत्महत्या के पीछे की वजह जानने में जुटी है। विनीत की असामयिक मृत्यु ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं — क्या पढ़ाई का दबाव था? या कोई अन्य मानसिक परेशानी? नेशनल एक्सप्रेस आप सभी से विनम्र अपील करता है कि — जीवन अनमोल है। किसी भी कठोर निर्णय से पहले अपने मन की बात साझा करें। संवाद करें, समाधान खोजें।

# लापता व्यक्ति की झाड़ियों में मिली खोपड़ी





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। कई दिन से लापता व्यक्ति की झाड़ियां में खोपड़ी मिली है। परिजनों ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी पर गायब करने का शक जताया है। कंकाल की डीएनए जांच पुलिस द्वारा कराई जायेंगी। टूंडला कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवे कॉलोनी की झाड़ियां में मानव कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। कंकाल के पास पड़े कपड़ों के आधार पर 50 दिन से लापता छोटेलाल के परिजनों ने इसकी पहचान की है हालांकि पुलिस इस मामले में डीएनए जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की बात कर रही है। पुलिस ने झाड़ियां से एक खोपड़ी बरामद की है इस खोपड़ी के पास कुछ कपड़े पड़े हुए थे। मानव कंकाल का धड़ व अन्य हिस्सा झाड़ियां में नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक नगला सिंघी क्षेत्र के रहने वाले अजीत कुमार ने कपड़ों के आधार पर इस कंकाल को अपने चाचा के रूप में पहचान की है। अजीत ने 26 जुलाई को टूंडला कोतवाली क्षेत्र में अपने चाचा छोटेलाल की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली में दर्ज प्राथमिक के मुताबिक छोटेलाल पुत्र किशोरी लाल उम्र 48 वर्ष निवासी एलई थाना नगला सिंघी पिछले 9 जून 2025 से लापता है छोटेलाल किसी काम से नोएडा गए थे। नोएडा से लौटकर वह थाना खैरगढ़ क्षेत्र के नगला नत्थी में रह रही अपनी पत्नी काजल से मिलने चले गए। तहरीर के मुताबिक काजल पिछले 2 साल से छोटेलाल को छोड़कर अपने प्रेमी बबलू के साथ नगला नत्थी में रह रही है। परिजनों ने छोटे लाल की पत्नी काजल और उसके प्रेमी बबलू पर छोटे लाल को गायब करने का आरोप लगाया था । मुकदमा दर्ज होने के लगभग तीसरे दिन पुलिस ने टूंडला रेलवे जंक्शन के पास बनी रेलवे कॉलोनी की झाड़ियां से एक नर कंकाल की खोपड़ी को बरामद किया। कंकाल के पास पड़े कपड़ों को जब वादी मुकदमा अजीत और छोटेलाल के हुब्ब लाल और अन्य परिजनों को दिखाया गया तो उन्होंने कपड़ों से पहचान करते हुए इस छोटे लाल का ही कंकाल बताया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि रेलवे कॉलोनी की झाड़ियां में नर कंकाल पड़े होने की सूचना मिली थी मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मिलकर नर कंकाल को अपने कब्जे में लेकर उसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजा है। हालांकि 9 जून से लापता छोटेलाल के परिजनों ने इस पर अपना दावा करते हुए छोटेलाल का नर कंकाल बताया है। लेकिन यह छोटे लाल का नर कंकाल है अथवा नहीं इसकी पुष्टि के लिए नर कंकाल और छोटेलाल के परिजनों का सैंपल लेकर डीएनए जांच के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा तथा मामले में कार्यवाही कर आरोपियों को जल्द जेल भेजा जाएगा ।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस/ ब्यूरो विपिन कुमार**




फिरोजाबाद । राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बिल्टीगढ़, विकास खण्ड खैरगढ़ में शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर फूलमाला व दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों को स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत अपने पाल्यों को परिषदीय विद्यालयों में नामांकित कराने तथा नियमित रूप से स्कूल भेजने हेतु अपील की गयी।

साथ ही यह भी अपील की गयी कि वह अपने पाल्यों को पूरी बाह की कमीज, पेंट व पूरी बाह के कुर्ती सलवार पहना कर स्कूल भेंजे, जिससे संक्रामक रोगों से बचा जा सके। ऐसे बच्चे जो आउट ऑफ स्कूल हैं, उनको चिन्हित करते हुए परिषदीय विद्यालयों में नामांकित किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी तथा नई शिक्षा नीति पर चर्चा-परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गीता देवी, अध्यक्ष नगर पंचायत मक्खनपुर उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथि द्वारा विशेषकर बालिकाओं को अच्छी शिक्षा प्रदान करने हेतु नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा समय-समय पर उनके शैक्षिक स्तर के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते रहें व बच्चों की कापियों को स्वयं भी देखते रहें। वहीं इसी दौरान सुहेल कान्त शर्मा, सभासद द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सुधीर गुप्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी खैरगढ़ के साथ-साथ चेतेन्द्र प्रताप सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक, श्रीमती विनीता चौधरी, जिला गाइड कैप्टेन, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला स्काउट मास्टर, राष्ट्र प्रकाश धनगर, शिवम उपाध्याय, विक्रम सिंह, हरीश कुमार, श्याम सुंदर आदि उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन भुवनेश चन्द्रा द्वारा किया गया ।

# आईजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी संगीता गौतम ने कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आईजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया, इस बैठक में अनुपस्थित रहने वाले खंड विकास अधिकारी मदनपुर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद, तहसीलदार टूंडला के वेतन रोके जाने के आदेश अपर जिलाधिकारी ने दिए तथा सीडीपीओ एका को प्रतिकूल प्रविष्टि के देने के निर्देश भी दिए।

आईजीआरएस के निस्तारण में जिन-जिन अधिकारियों की स्थिति सबसे खराब पाई गई उनके भी वेतन रोके जाने के आदेश जिलाधिकारी के आदेश पर अपर जिलाधिकारी ने दिए, पिछले माह में असंतुष्ट शिकायतकताओं के निस्तारण हेतु फील्ड विजिट कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें, उन्होंने एडीओ पंचायत अराँव, ए डी ओ पंचायत जसराना, एडीओ शिकोहाबाद, एडिओ नारखी, एडीओ पंचायत हाथवंत के आईजीआरएस मामलों के डिफाल्टर होने पर स्पष्टीकरण और उनके वेतन रोके जाने के निर्देश भी दिए, उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछले माह के डिफाल्टर शिकायतों को आगामी दो दिन में निस्तारण करना सुनिश्चित करने, वरना कठोर कार्रवाई की जाएगी, बैठक में उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद गजेंद्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी अनुराधा सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# चौकी प्रभारी शिवभान राजावत पर दुकानदारों ने लगाए अभद्र भाषा व अवैध वसूली के आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**




टूंडला। चौकी प्रभारी पर दुकानदारों ने अभद्र भाषा का प्रयोग व अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। दुकानदारों ने चौकी प्रभारी की एसएसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मांग पूरी न होने पर दुकान बंद कर धरना प्रदर्शन करने चेतावनी दी है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नागऊ निवासी ब्रज यादव ने एसएसपी सौरभ दीक्षित से जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। शिकायत में उन्होंने बताया कि राजा का ताल चौकी प्रभारी शिवभान राजावत दुकानदारों को जेल भेजने का डर दिखाकर पैसे लेकर छोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि चौकी प्रभारी 27 जुलाई रात्रि को पुलिस फोर्स के साथ बच्चू बाबा स्थित दुकानों पर आए। वहीं दुकानदार नवीन, जॉनी, अमन, टिंकल, अंकित राठौर, कन्हैया जाटव से गाली-गलौज करने लगे। दुकानदारों के विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी देने लगे। दुकानदार का आरोप है कि बच्चू बाबा स्थित दुकानों पर व्यापारियों से अभद्रता करके पैसे लेकर धन उगाई करना चाहते हैं। दुकानदारों ने एसएसपी सौरभ दीक्षित से चौकी प्रभारी पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए दुकान बंद धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

वहीं थाना टूंडला क्षेत्र में शहर के स्टेशन रोड स्थित अहाता ख्याली राम निवासी भाजपा पूर्व नगर महामंत्री कमलेंद्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री से कस्बा इंचार्ज व हमराह की अवैध वसूली करने के की शिकायत की है।

शिकायत में थाना टूंडला में तैनात कस्बा इंचार्ज नीरज कुमार भाटी व हमराह जितेंद्र कुमार आरोप लगाए हैं। आरोप है कि शिकायतकर्ता के चाचा सत्यप्रकाश शर्मा पर एक वाद नामजद है। उनके विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। वारंट कस्बा इंचार्ज ने तामील कराया था। सत्यप्रकाश को न्यायालय में तलब होना था, किंतु कस्बा इंचार्ज व हमराह ने शुल्क के नाम पर उनसे पांच हजार रुपये ले लिए। पीड़ित ने कस्बा इंचार्ज व हमराह पर कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### नीम करौरी सेवा भाव चैरिटेबिल ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों को बांटे छाते



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।फिरोजाबाद । मंगलवार को जनपद के ब्लॉक फिरोजाबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय नागऊ में बाबा नीम करौरी सेवा भाव चैरिटेबिल ट्रस्ट आगरा द्वारा स्कूल के सभी बच्चों बारिश के मौसम में स्कूल आने में असुविधा को देखते हुए छाता वितरित किए गए । इस दौरान ट्रस्ट के मेंबरों ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय समय से आने के लिए प्रेरित किया तथा मानव जीवन में पढ़ाई के महत्व को कई उदाहरण देते हुए समझाया । इस दौरान ट्रस्ट की और से अजय कुमार शर्मा, मनोज कुमार अग्रवाल, योगेंद्र सिंह जादौन, कोमल सिंह ,अवधेश पुजारी आदि मौजूद रहे । बारिश के मौसम में ट्रस्ट द्वारा छाता प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान नजर आई । वहीं इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम , विमलेश , अंजू सिंह ,अंजना पोरवाल , सुनीता अग्रवाल ,प्रभा शुक्ला , जितेंद्र सिंह व दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे तथा सभी ने ट्रस्ट के सभी लोगों का आभार प्रकट किया ।

### रामसिंह कालेज में नायब तहसीलदार ने किए छात्रों को टेबलेट वितरित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद/टूंडला। रामसिंह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स नगला सिकन्दर टूंडला के परिसर में विद्यार्थियों को टैबलेट नायाब तहसीलदार द्वारा वितरण किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ टूंडला तहसील के नायब तहसीलदार बृजराज सिंह द्वारा सरस्वती पूजन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 8, फामेर्सी विभाग के 53, पॉलीटेक्निक विभाग के 30 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। टैबलेट वितरण के अवसर पर विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह के भाव दिखे। मुख्य अतिथि नायाब तहसीलदार ने विद्यार्थियों को इन टेबलेट का उपयोग अपने और समाज के शिक्षाप्रद व उपयोगी कार्यो में करने की सलाह दी। कार्यक्रम अध्यक्ष कॉलेज प्रबंधक डॉ. डीपी सिंह ने विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य की कामना की तथा प्राचार्य डॉ. बीपी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

### युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दी

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नगर सिरसागंज के छदामी की मठिया के पास एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समापत कर ली। अमरपाल सैनी पुत्र सूरजपाल सैनी उम्र 27 वर्ष निवासी छदामी की मठिया सिरसागंज ने अज्ञात करणों से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला हॉस्पिटल भेज दिया है।

# पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

शिकोहाबाद । मंगलवार को पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज नसीरपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर रामकैलाश यादव, ग्राम प्रधान विजय यादव का विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव ने स्वागत किया । डॉ रामकैलाश यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने नवाचार शिक्षा, खेलकूद पर विशेष जोर दिया है । उन्होंने कहा है कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। ग्राम प्रधान विजय यादव ने कहा कि सरकारी स्कूलो में ऐसी शिक्षा व्यवस्था दी जा रही है जो प्राइवेट स्कूलों में नहीं है । यहा एवं प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षा देते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा की नींव मजबूत है तो बच्चे विकास होता है । वर्तमान में विद्यालय के पीएमश्री में चयनित होने पर विद्यालय में बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अटल ट्रेकिंग में नवाचार के माध्यम से आईसीटी लैब में कंप्यूटर के माध्यम से छात्र छात्राओं को कुशल प्रशिक्षित किया जा रहा है। भारत और राज्य सरकार किए जा रहे कार्यक्रमों द्वारा विद्यालय में आमूल चूल परिवर्तन करने को दिख रहे हैं । नई शिक्षा नीति एनईपी- 2020 के बारे में भी जानकारी दी गई। विदित हो कि पिछले दिनों केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार धर्मेंद्र प्रधान, जयंत चौधरी (शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार) द्वारा श्रीमती गुलाबो देवी ( माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश ) तथा बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की उपस्थिति में अटल ट्रेनिंग लैब में 644 स्कूलों में से पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज नसीरपुर को चयनित किया गया है।

# एसएसपी ने किया थाना मटसेना का निरीक्षण




**लापरवाही अपर उपनिरीक्षक और हेड कांस्टेबल को किया लाइन हाजिर**

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना मटसेना का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही एसएसपी ने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी सौरभ दीक्षित ने महिला हेल्पडेस्क, जनसुनवाई रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर तथा सीसीटीएनएस पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। प्रार्थना पत्रों की जांच में लापरवाही बरतने पर उ0 नि0 श्रीनिवास एवं डाक के कार्य में लापरवाही बरतने पर हे0का0 156 किशनवीर सिंह को लाइन हाजिर किया है। आईजीआरएस, यूपी कॉप एवं महिला अपराधों से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की भी जांच की गई तथा अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का अवलोकन किया गया।

ऑपरेशन पहचान अभियान के दृष्टिगत, एसएसपी द्वारा उपस्थित अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को बीट प्रणाली, निगरानी श्रेणी के अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं प्रभावी जनसंपर्क के संबंध में ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसरों की बैरक आवासीय परिसर का निरीक्षण भी किया गया।

# माथुर वैश्य युवा संगठन ने किया समाज के मेधावियों का सम्मान

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।**



शिकोहाबाद । माथुर वैश्य समाज युवा संगठन द्वारा समाज के सशक्त युवा मेधावियों एवं उनके अभिभावको का सम्मान किया गया । इस दौरान कहा गया कि किसी भी समाज की अमूल्य निधि उस समाज का शिक्षित एवं सशक्त युवा है, जो समाज के भविष्य की रूपरेखा तय करता है । माथुर वैश्य समाज द्वारा समाज के 10वी के मेधावियों में शुभांगी, आयुष्मान, एंजिल, चिराग, कृष्णा, शुभम, विनायक , आशीष को तथा इंटर के मेधावी छात्र सार्थक , तन्मय, छात्रा नेहा, नंदिनी, गुनगुन, लव कुश, अदिति को सम्मानित किया। वहीं छात्र राज को जी मेट परीक्षा, ओम को लॉ एग्जाम, श्रेयश को सीए परीक्षा पास करने पर सम्मानित किया। इस मौके पर माथुर वैश्य युवा संगठन की कार्यसमिति द्वारा सभी मेधावियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र देकर बधाई दी गई।

# सुसाइड नोट छोड़कर गए कनिष्ठ सहायक को पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस ने घर पर सुसाइड नोट छोडकर गये जिला उद्यान विभाग के कनिष्ठ सहायक अनिल कुमार को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया है।

दिनाँक 25 जुलाई 2025 को गुड्डी देवी पत्नी अनिल कुमार सिंह द्वारा थाना रामगढ़ पर सूचना दी कि मेरे पति अनिल कुमार पुत्र स्व0 चन्द्रपाल सिंह जिला उद्यान विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात हैं। अनिल कुमार समय करीब 02.00 बजे घर पर सुसाइड नोट छोड़ कर बिना बताए कहीं चले गये हैं। सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। 26 जुलाई 2025 को गुड्डी देवी ने पुनः थाना रामगढ़ पर आकर पुलिस टीम को बताया कि पति अनिल द्वारा मुझे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से कॉल की गयी थी किन्तु कॉल पर किसी की भी आवाज नहीं आ रही थी। जिसके पश्चात अनिल कुमार की कॉल कट कर मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। गुड्डी देवी को प्रतीत हुआ कि पति अनिल कुमार का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर लिया गया है। वादिया की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

गुड्डी देवी ने बताया था कि पति कार्यालय के काम में इतने व्यस्त रहते थे कि उन्हें आराम करने का समय भी नहीं मिलता था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजों की विक्रय धनराशि को अनिल को अपने वेतन से जमा करना पड़ता था। जबकि यह जिम्मेदारी प्रभारी योजना की होती है।जिला उद्यान अधिकारी, उप निदेशक उद्यान, दैनिक श्रमिक राजकीय पौधशाला, सहायक उद्यान निरीक्षक और कनिष्ठ सहायक द्वारा उनके पति के खिलाफ साजिश रची जा रही थी। इन पांचों ने फर्जी नामों से अवैध वसूली करने की शिकायत कराई थी। उन्हें निलंबित करने की धमकी भी दी जा रही थी।

इस प्रकरण के शीघ्र खुलासे रामगढ़ पुलिस एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम का गठन किया गया था। मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से अपहृत अनिल कुमार की लोकेशन ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) में ट्रेस हुई थी। थाना रामगढ़ पुलिस एवं सर्विलांस टीम तत्काल ऋषिकेश उत्तराखण्ड के लिये रवाना हुई। पुलिस ने अनिल कुमार सिंह उपरोक्त को त्रिवेणी घाट ऋषीकेश (उत्तराखण्ड) से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया है। पुलिस के अनुसार अनिल कुमार ने बताया कि मैं घर से घूमने के उद्देश्य से निकला था। एक दिन हरिद्वार (उत्तराखण्ड) रुकने के पश्चात मैं ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) चला गया था। मोबाइल फोन में नेटवर्क की दिक्कत होने के कारण घर पर वार्ता नही हो पायी थी।

**वैधानिक सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मैंने हाईस्कूल यू.पी. बोर्ड वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0079158 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0076025 से उत्तीर्ण किया है। मेरी अंकतालिका सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए हैं।

राधा यादव पुत्री ओम प्रकाश
निवासी-ग्राम सेवापुर ,थाना व तहसील
सिरसागंज जिला फिरोजाबाद ।

# आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू ने सिंगापुर के उद्यमियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया

**सिंगापुर, (भाषा)** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सिंगापुर के निवेशकों और उद्यमियों को भारत के विकास अभियान में शामिल हो कर देश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।



नायडू ने उन्हें अपने राज्य में नियोजित एवं कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं की जानकारी भी दी। नायडू ने सोमवार को आयोजित 'आंध्र प्रदेश-सिंगापुर बिजनेस फोरम एंड पार्टनरशिप समिट रोड शो' में निवेशकों को संबोधित किया तथा बंदरगाहों और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी अवसंरचना के विकास एवं अमरावती में 'क्वांटम वैली' के निर्माण में काफी अवसर होने का जिक्र किया। नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश 2030 तक भारत के 500 गीगावाट हरित और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य में 160 गीगावाट हरित ऊर्जा का योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सिंगापुर की अपनी यात्रा के दूसरे दिन 500 से अधिक निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि विशाखापट्टनम में 'आर्सेलर मित्तल' इस्पात संयंत्र और गूगल संचालन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने भारत में बनाए जा रहे औद्योगिक गलियारों का जिक्र किया जिनका नेतृत्व टाटा समूह के 'रतन टाटा इनोवेशन हब' समेत देश की प्रमुख औद्योगिक कंपनियां कर रही हैं। नायडू ने कहा, ''मैं सिंगापुर के उद्यमियों से विकास में भाग लेने का अनुरोध करता हूं। हमें और अधिक निवेश की आवश्यकता है तथा हमें अधिक से अधिक उद्यमियों की आवश्यकता है। विकास के लिए हमें आपके सहयोग की आवश्यकता है और भारत निवेश के लिए सबसे अच्छा और सुरक्षित स्थान है।''

उन्होंने इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक, सेमीकंडक्टर, हरित हाइड्रोजन, बंदरगाह, हवाई अड्डे, आंतरिक जलमार्ग, औषधि उद्योग, जैव प्रौद्योगिकी और पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों पर विस्तार से अपनी बात रखी। सिंगापुर स्थित इंजीनियरिंग कंपनी 'मीनहार्ट' समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उमर शहजाद ने कहा, ''कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का प्रस्तुतीकरण अत्यंत प्रेरणादायक था।''इंजीनियरिंग कंपनी 'मीनहार्ट' की भारत में 100 से अधिक परियोजनाएं हैं।

नायडू ने सोमवार को हरित ऊर्जा, डेटा सेंटर, आवास और लॉजिस्टिक्स विकास में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सिंगापुर के जनशक्ति मंत्री तान सी लेंग से मुलाकात की। बैठक के बाद तान ने कहा कि आंध्र प्रदेश भारत के सबसे तेजी से विकसित होते राज्यों में से एक है, जिसमें कृषि-खाद्य, विनिर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, ''फूड एम्पायर और एवरवोल्ट जैसी सिंगापुर की कंपनियां पहले से ही राज्य में मौजूद हैं तथा अपने निवेश को बढ़ाने और परिचालन का विस्तार करने की योजना बना रही हैं।

## ब्रिटेन की उड़ान में नारे लगाकर हंगामा करने वाले व्यक्ति पर मामला

**लंदन, (भाषा)** लंदन के ल्यूटन हवाई अड्डे से ग्लासगो जा रही उड़ान में तेज आवाज में नारे लगाकर बाधा उत्पन्न करने वाले 41 वर्षीय व्यक्ति को स्कॉटलैंड की अदालत में पेश किया गया। भारतीय मूल का माने जा रहे इस व्यक्ति पर हमला करने और विमान की सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया गया है।

ईजीजेट विमान के ग्लासगो में उतरने के बाद रविवार की सुबह अभय देवदास नायक (41) को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर की सीमा से लगे पैस्ले शेरिफ कोर्ट में पेशी के दौरान उसने दोषी या निर्दोष होने को लेकर कोई दलील पेश नहीं की।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में आरोपी 'अमेरिका मुर्दाबाद, ट्रंप मुर्दाबाद' और 'अल्लाहु अकबर' के नारे लगाता हुआ देखा जा सकता है। स्कॉटलैंड पुलिस ने एक बयान में कहा, ''हमें रविवार 27 जुलाई 2025 की सुबह आठ बजकर 20 मिनट के आसपास ग्लासगो पहुंचने वाली उड़ान में एक व्यक्ति द्वारा व्यवधान पैदा करने की सूचना मिली थी।'' बयान में कहा गया है, ''हमारा मानना है कि घटना नियंत्रित है और इसमें कोई और शामिल नहीं था।

## गाजा में इजराइल के हमलों में कम से कम 78 फलस्तीनियों की मौत



**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), (एपी)** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल के हवाई हमलों या गोलीबारी में कम से कम 78 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गर्भवती महिला की मौत होने के बाद एक जटिल सर्जरी कर उसका प्रसव कराया गया लेकिन उसके नवजात शिशु की भी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों में कई लोग भोजन की तलाश में थे। इस हमले से पहले ही इजराइल ने क्षेत्र में गंभीर होते मानवीय संकट के मद्देनजर प्रतिबंधों में ढील दी थी।

गाजा में भुखमरी के बढ़ते संकट को लेकर बढ़ते दबाव के बीच इजराइल ने गत सप्ताहांत में कहा था कि वह गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी क्षेत्रों में रोज 10 घंटे के लिए सैन्य कार्रवाई रोकेगा और मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित रास्तों की व्यवस्था करेगा। अंतरराष्ट्रीय विमानों के जरिए मदद पहुंचाने की सेवा भी बहाल कर दी गयी।

यह कदम गाजा में बढ़ती भुखमरी की स्थिति से निपटने के लिए नाकाफी है। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी के प्रवक्ता मार्टिन पेनर ने बताया कि रविवार को गाजा पहुंचने वाले उसके सभी 55 ट्रक को गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही भीड़ ने लूट लिया। संयुक्त राष्ट्र के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि जमीनी स्तर पर अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ है और वैकल्पिक रास्तों की अनुमति नहीं दी गई है। इजराइल ने यह भी स्पष्ट किया है कि मानवीय राहत के इन नए उपायों के साथ-साथ सैन्य अभियान भी जारी रहेगा।

# इजराइल ने गाजा के तीन क्षेत्रों में 10 घंटे के लिये लड़ाई रोकने की शुरुआत की



**सुरिन (थाईलैंड),(भाषा)** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच मंगलवार को यह अस्पष्टता रही कि क्या दोनों देशों के बीच संघर्षविराम सच में लागू हो पाया है या नहीं क्योंकि एक दिन पहले ही दोनों देशों के नेताओं ने मलेशिया में एक बैठक कर संघर्ष रोकने पर सहमति जताई थी।

थाईलैंड की सेना ने दावा किया कि कंबोडिया ने मध्य रात्रि को संघर्ष विराम लागू होने के बाद कई क्षेत्रों में हमले किए जबकि कंबोडिया ने कहा कि किसी भी स्थान पर गोलीबारी नहीं की गई है। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई ने दोनों देशों की सीमा पर पांच दिन से जारी संघर्ष के बाद सोमवार को ''तत्काल और बिना शर्त'' संघर्ष-विराम करने पर सहमति जताई थी। इस संघर्ष में कई लोगों की मौत हो गई और हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है

सीमावर्ती इलाकों में यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि लड़ाई जारी है या नहीं, लेकिन कुछ जगहों पर शांति देखने को मिली तथा विस्थापित हुए कुछ परिवार अपने घरों की ओर लौटते हुए भी नजर आए।थाईलैंड सेना के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि थाईलैंड ने संघर्ष विराम पर सहमति के अनुसार सभी सैन्य गतिविधियां रोक दी हैं, लेकिन कंबोडिया के सैनिकों ने हमले जारी रखे हैं, ''जिसके बाद हमारी सेना को अपनी रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी।''मेजर जनरल विथाई लैथोम्या ने एक बयान में कहा, ''इस तरह की कार्रवाई संघर्ष विराम का जानबूझकर उल्लंघन और विश्वासघात दर्शाती हैं।''कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने थाईलैंड के इन दावों का खंडन किया। मंत्रालय की प्रवक्ता माली सोचेता ने कहा, ''संघर्ष विराम के प्रभावी होने के बाद से सभी अग्रिम मोर्चों पर कोई सशस्त्र संघर्ष नहीं हुआ है। यह संघर्ष विराम लागू करने के लिए कंबोडियाई नेतृत्व का दृढ़ संकल्प है।''उन्होंने कहा कि समझौते के तहत संघर्ष विराम के लागू होने के बाद दोनों पक्षों के सैन्य कमांडर मंगलवार को अपनी पहली बैठक करेंगे। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन) क्षेत्रीय समूह के प्रमुख के रूप में सोमवार को वार्ता की अध्यक्षता की। थाईलैंड और कंबोडिया यह बैठक तब करने के लिए तैयार हुए थे जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीधे तौर पर यह चेतावनी दी थी कि यदि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी रहा तो अमेरिका किसी भी देश के साथ व्यापार समझौते पर आगे नहीं बढ़ेगा। मलेशियाई प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के नेताओं द्वारा संघर्ष विराम के लिए सहमति जताए जाने के बाद कहा, ''यह तनाव कम करने और शांति एवं सुरक्षा की बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''



## भारत में सहकारिता अब नवोन्मेष और आत्मनिर्भरता का माध्यम : अमित शाह

**संयुक्त राष्ट्र, (भाषा)** केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत में सहकारिता अपनी पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ चुकी है और अब यह डिजिटल सेवाओं, ऊर्जा और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेष एवं आत्मनिर्भरता का माध्यम बन गयी है। शाह ने सोमवार को 'सहकारिता और सतत विकास : गति बनाए रखना और नयी संभावनाएं तलाशने' विषय पर एक विशेष स्मृति कार्यक्रम में पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश दिया। उन्होंने कहा, ''भारत में सहकारिता एक जीवंत और समुदाय-आधारित प्रणाली है जो कृषि से लेकर वित्त, उपभोग से लेकर निर्माण और ग्रामीण सशक्तीकरण से लेकर आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी के माध्यम से डिजिटल समावेशन तक हर क्षेत्र को समाहित करती है।''उन्होंने कहा, ''इसकी अनूठी ताकत इस बात में निहित है कि यह स्थानीय स्तर पर लाभ देती है, साथ ही ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में सम्मानजनक आजीविका का एक सशक्त माध्यम भी बनती है।'' शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम की विषय वस्तु इस बात को दर्शाती है कि सहकारिता की अवधारणा न केवल आज की आधुनिक दुनिया में प्रासंगिक है, बल्कि सतत और समावेशी विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''भारत में सहकारिता अब अपनी पारंपरिक सीमाओं से आगे निकल चुकी हैं और डिजिटल सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, ऊर्जा, जैविक खेती और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेष व आत्मनिर्भरता का माध्यम बन चुकी हैं।''शाह ने कहा कि तकनीकी नवोन्मेष आज सहकारिताओं को और अधिक समावेशी बना रहा है।

# स्वस्थ आहार लेने वाले बुजुर्गों को बीमारियां भी धीमी गति से होती हैं : अध्ययन

**स्टॉकहोम/बार्सिलोना, (द कन्वरसेशन)** कल्पना कीजिए कि 70 वर्षीय दो व्यक्ति हैं, दोनों सक्रिय हैं, स्वतंत्र रूप से जीवन व्यतीत करते हैं और जीवन का आनंद लेते हैं। लेकिन अगले 15 वर्षों में, एक व्यक्ति को हृदय रोग, मधुमेह और अवसाद जैसी दो-तीन बीमारियां हो जाती हैं, जबकि दूसरा व्यक्ति अपेक्षाकृत स्वस्थ रहता है। ऐसा क्यों होता है? स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट के एजिंग रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए एक अध्ययन में दावा किया गया है कि इसका एक महत्वपूर्ण कारण आहार हो सकता है। इस दीर्घकालिक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 2,400 से अधिक बुजुर्ग स्वीडिश नागरिकों के स्वास्थ्य पर 15 वर्षों तक ध्यान रखा। उन्होंने पाया कि जो लोग निरंतर रूप से स्वस्थ आहार लेते हैं, उनमें दीर्घकालिक बीमारियां धीमी गति से विकसित होती हैं, जबकि प्रसंस्कृत मांस, परिष्कृत अनाज और शर्करा-युक्त पेय जैसे असंयमित आहार लेने वाले लोगों में बीमारियां अधिक तेजी से पनपती हैं। यह निष्कर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एक साथ कई बीमारियों का होना बुजुर्गों की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। इससे विकलांगता, अस्पताल में भर्ती होने और समय से पहले मृत्यु का खतरा बढ़ता है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी अत्यधिक बोझ पड़ता है। अध्ययन में चार प्रमुख आहार प्रवृत्तियों की जांच की गई जो क्रमशः माइंड डाइट (मस्तिष्क स्वास्थ्य की रक्षा के लिए उपयोगी), ऑल्टरनेटिव हेल्दी ईटिंग इंडेक्स , भूमध्यसागरीय आहार और एक प्रो-इंफ्लेमेटरी डाइट यानी अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार हैं। पहली तीन आहार प्रवृत्ति को बीमारी की धीमी वृद्धि से जोड़ा गया, जबकि चौथे को बीमारी के तेज विकास से संबद्ध किया गया।

अध्ययन में हृदय रोग और अवसाद, डिमेंशिया जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आहार का सबसे मजबूत प्रभाव दिखा। हालांकि, हड्डी और मांसपेशियों की बीमारियों जैसे गठिया या ऑस्टियोपोरोसिस में आहार का सीधा प्रभाव स्पष्ट नहीं था। यह भी देखा गया कि महिलाओं और 78 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों में आहार के लाभ अधिक स्पष्ट रूप से सामने आए।

**खेल एक्सप्रेस**

## संक्षिप्त खबरें

### इंग्लैंड में जिस तरह की क्रिकेट खेली, वह गर्व की बात : गंभीर

**लंदन, (भाषा )** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि इंग्लैंड का दौरा हमेशा कठिन होता है लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस श्रृंखला में जिस तरह की क्रिकेट खेली गई है , उस पर हर क्रिकेटप्रेमी को गर्व होगा ।गंभीर श्रृंखला के दौरान टीम के समर्थन के लिये प्रशंसकों को धन्यवाद देने के लिये सोमवार को इंडिया हाउस में संबोधित कर रहे थे । भारत ने चौथे टेस्ट में जीत की कगार पर पहुंचकर मैच ड्रॉ कराया था । गंभीर ने कहा ,'' इंग्लैंड का दौरा हमेशा कठिन होता है क्योंकि दोनों देशों के बीच इतिहास ऐसा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता ।हमने जब भी ब्रिटेन का दौरा किया है, हमें प्रशंसकों का अपार समर्थन मिला है ।हम किसी भी चीज को हलके में नहीं लेते ।'' उन्होंने कहा ,'' पिछले पांच सप्ताह दोनों टीमों के लिये काफी रोमांचक रहे हैं । श्रृंखला में जिस तरह की क्रिकेट खेली गई है, उस पर हर क्रिकेटप्रेमी को गर्व होगा ।'' लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा भारतवंशियों के स्वागत समारोह में भारतीय टीम का समुदाय के नेताओं, सांसदों और खेलप्रेमियों ने जबर्दस्त स्वागत किया । भारत और इंग्लैंड के बीच निर्णायक पांचवां टेस्ट ओवल पर बृहस्पतिवार से खेला जायेगा ।गंभीर ने कहा ,'' दोनों टीमों ने काफी प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया है ।हमारे पास एक सप्ताह और है और हम पूरा प्रयास करेंगे कि देशवासियों और यहां मौजूद लोगों को गर्व करने का मौका दें ।''इंग्लैंड में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने कहा कि टीम ने श्रृंखला में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया है, वह विषमताओं से लड़ने की देश की इच्छाशक्ति का परिचायक है ।

### मानसिक दृढता और जीतने की इच्छाशक्ति से दिव्या ने जीता विश्व कप : सुसैन पोल्गर

नयी दिल्ली, (भाषा ) महान शतरंज खिलाड़ी सुसैन पोल्गर ने कहा है कि दिव्या देशमुख को मानसिक दृढता और जीत की ललक के कारण विश्व कप खिताब जीतने में मदद मिली ।उन्नीस वर्ष की दिव्या ने अपने से कहीं अनुभवी और ऊंची रेटिंग वाली कोनेरू हम्पी को हराकर जॉर्जिया के बातुमी में सोमवार को खिताब जीता ।इसके साथ ही उन्होंने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई कर लिया और भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गई ।सुसैन ने पीटीआई वीडियो से कहा ,'' दिव्या को ऐतिहासिक जीत पर बधाई ।शानदार प्रदर्शन ।टूर्नामेंट से पहले वह खिताब की प्रबल दावेदार नहीं थी लेकिन उसने अपनी मानसिक दृढता और जीतने की ललक के चलते यह कारनामा कर दिखाया ।''हंगरी और अमेरिका की ग्रैंडमास्टर ने कहा ,'' कई मुकाबलों में वह संकट में भी थी और बढत का फायदा नहीं उठा सकी लेकिन जीतने के बाद अब वह सब बेमानी है ।उसने जुझारूपन नहीं छोड़ा और इसी दृढता से जीत तक पहुंची ।''1996 से 1999 तक विश्व चैम्पियन रह चुकी सुसैन ने स्वीकार किया कि भारतीय शतरंज सफलता के नये आयामों को छू रहा है और विश्वनाथन आनंद जैसे दिग्गज जब नयी पीढी के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं तो भारत का भविष्य खेल में उज्ज्वल है ।उन्होंने कहा ,'' गुकेश जब 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बने तब वह भारतीय संभावितों में सबसे ऊंची रेटिंग वाले खिलाड़ियों में से भी नहीं थे ।मैने तभी जान लिया था कि वह बहुत आगे जायेगा ।लोगों को अजीब भी लगा लेकिन 50 ग्रैंडमास्टर के साथ काम कर चुकी कोच होने के नाते मैने उसमें वह गुण देखे थे ।''उन्होंने कहा ,'' दिव्या के साथ भी ऐसा ही है । वह भारत की सबसे ऊंची रेटिंग वाली खिलाड़ी भले ही नही हो लेकिन उसमें जीत के गुण हैं ।ये युवा बेखौफ हैं और इनमे जीत की ललक है । इससे उनके खेल की कुछ खामियां भी ढक जाती है ।उम्मीद है कि कड़ी मेहनत, अनुभव और अभ्यास से ये कमियां भी छिप जायेंगी ।''

### भारत और इंग्लैंड के बीच बृहस्पतिवार से पांचवां और आखिरी टेस्ट खेला जायेगा

# गौतम गंभीर और ओवल के क्यूरेटर के बीच तीखी बहस

**लंदन, (भाषा )** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और ओवल मैदान के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस के बीच तीखी बहस हो गई और गंभीर को मैदानकर्मियों की ओर ऊंगली उठाकर यह कहते सुना गया ,'' तुम नहीं बताओगे कि हमें क्या करना है।''

ओवल पर भारत और इंग्लैंड के बीच बृहस्पतिवार से पांचवां और आखिरी टेस्ट खेला जायेगा । मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में हार की कगार पर पहुंचकर ड्रॉ कराने वाली भारतीय टीम ने दो दिन पहले अभ्यास शुरू कर दिया है ।भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बताया कि उनकी टीम को 'विकेट से 2.5 मीटर दूर' खड़े होने के लिए कहे जाने के बाद यह कहासुनी हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम इस मामले में हालांकि कोई शिकायत दर्ज नहीं कराएगी।



कोटक ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैदान के एक कर्मचारी ने आकर कहा कि (हमें) विकेट से 2.5 मीटर दूर खड़ा होना है और 'रस्सी के बाहर से विकेट को देखना है। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा।''उन्होंने आगे कहा, ''इसके लिए किसी शिकायत की जरूरत नहीं है।''कोटक ने बताया कि भारतीय टीम के सदस्यों ने स्पाइक्स (खिलाड़ियों के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कील वाले जूते) नहीं पहने थे, इसलिए पिच को कोई खतरा नहीं था।''उन्होंने कहा, ''इस मैच से पहले हमें पता था कि क्यूरेटर के साथ काम करना आसान नहीं है। किसी चीज से लगाव होना अच्छा है, लेकिन बहुत ज्यादा लगाव होना अच्छा नहीं है। हमने जॉगर्स (सामान्य जूते) पहने थे, स्पाइक्स नहीं, इसलिए कोई खतरा नहीं था।''

अभ्यास सत्र के दौरान गंभीर और क्यूरेटर के बीच की बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है । भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक को बीच बचाव करना पड़ा था ।यह बहस तब शुरू हुई जब फोर्टिस ने गंभीर से कहा, ''मुझे इसकी शिकायत करनी होगी' और इस पर भारतीय मुख्य कोच ने तीखे तेवर दिखाते हुए जवाब दिया, 'आपको जो शिकायत करनी है, आप जाकर कर सकते हैं।''

बल्लेबाजी कोच कोटक ने बीच बचाव किया और फोर्टिस को दूसरे कोने पर ले जाकर उनसे लंबी बात की । कोटक ने इस दौरान कहा, ''हम किसी चीज को नुकसान नहीं पहुंचायेंगे।''मोर्ने मोर्कल और रियान टेन डोइशे जैसे भारतीय टीम के अन्य सहयोगी स्टाफ दोनों की बहस को ध्यान से सुन रहे थे। गंभीर फिर फोर्टिस की तरफ मुडे और उन्होंने कहा, ''तुम नहीं बताओगे कि हमें क्या करना है। तुम मैदानकर्मियों में से एक हो, उससे ज्यादा कुछ नहीं।''इसके बाद फोर्टिस और गंभीर अलग अलग रास्ते चले गए लेकिन गंभीर अभ्यास सत्र के लिये लौटे ।फोर्टिस ने मैदान से बाहर निकलते समय कहा, '' यह बड़ा मैच है और वह थोड़े भावुक हैं।'' अभ्यास के लिये सबसे पहले साइ सुदर्शन पहुंचे जबकि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी अभ्यास करते देखा गया ।



### अंकिता ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता

**राइन रूहर (जर्मनी),(भाषा)** भारत की स्टीपलचेज एथलीट अंकिता ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों के अंतिम दिन 9:31.99 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 3000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता। रविवार को कई भारतीय एथलीट ट्रैक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 23 वर्षीय अंकिता ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:39.00 सेकेंड से लगभग सात सेकेंड कम समय में रजत पदक जीता। वह फिनलैंड की इलोना मारिया मोनोनेन (9:31.86 सेकेंड) के मिली सेकेंड से पीछे रहीं। जर्मनी की अदिया बुड्डे ने 9:33.34 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को अंकिता ने 9:54.79 सेकेंड का समय निकालकर हीट 1 में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। सुबह के सत्र में अंकिता के पदक जीतने के साथ भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में अपने पदकों की संख्या दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदकों तक पहुंचा दी है। भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने 3:35.08 सेकेंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, लेकिन यह पदक के लिए पर्याप्त नहीं था। अनखा बिजुकुमार, देवयानीबा जाला, रशदीप कौर और रूपल की चौकड़ी पांचवें स्थान पर रही। जर्मनी की टीम ने 3:29.68 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### सात्विक . चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

**नयी दिल्ली, (भाषा)** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष दस में पहुंच गए ।दोनों पिछले सप्ताह चीन ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे जिससे उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला ।

दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी और फिलहाल दसवें नंबर पर काबिज चिराग और सात्विक को मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक ने 21 . 13, 21 . 17 से हराया ।इससे पहले वे सिंगापुर ओपन और इंडिया ओपन में भी सेमीफाइनल तक पहुंचे थे । पुरूष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढकर 33वें स्थान पर हैं ।

### चोट इस महीने की शुरुआत में मोनाको डायमंड लीग के दौरान लगी थी

# अनुभवी स्टीपलचेज खिलाड़ी साबले की एसीएल सर्जरी हुई

**नयी दिल्ली, (भाषा)** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले की एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) सर्जरी हुई है। उन्हें यह चोट इस महीने की शुरुआत में मोनाको डायमंड लीग के दौरान लगी थी। यह भारतीय खिलाड़ी अब सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर हो गया है। मौजूदा एशियाई चैंपियन और 2023 के हांगझोऊ एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 30 वर्षीय साबले का मुंबई के एक अस्पताल में ऑपरेशन हुआ। यह ऑपरेशन जाने-माने सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में



किया गया। एसीएल सर्जरी को ठीक होने में आमतौर पर कम से कम छह महीने लगते हैं। इसका मतलब है कि साबले तोक्यो विश्व चैंपियनशिप (13-21 सितंबर) से बाहर हो जाएंगे और अगले साल ही मैदान पर वापसी कर पाएंगे। साबले ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ''मोनाको डायमंड लीग के दौरान मेरे दाहिने घुटने में 'एसीएल और मेनिस्कस' की चोट लग गई थी। मैंने कोकिलाबेन अस्पताल में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की विशेषज्ञ देखरेख में अपनी सर्जरी पूरी की, जिनका आभार करने के लिए मेरे पास शब्द कम है।'' उन्होंने अस्पताल की बिस्तर से तस्वीर साझा करते हुए लिखा, '' मेरे लिए यह एक बड़ा झटका है, लेकिन मैं कड़ी मेहनत करने और और मजबूत होकर वापसी करने के लिए दृढ़ हूं। आपके समर्थन भरे संदेशों के लिए धन्यवाद। मैं और जल्दी और मजबूत होकर वापसी करूंगा।''राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले को 11 जुलाई को मोनाको डायमंड के दौरान गिरने के कारण चोट लगी थी। उनसे आगे दौर रहे एक एथलीट ने पानी में कूदते समय संतुलन खो दिया और गिर गए। इससे साबले भी लड़खड़ा गए। वह इसके बाद लंगड़ाते हुए देखे गये थे।

साबले 2023 में हांगझोऊ एशियाई खेलों के बाद से पिंडली की चोट से जूझ रहे हैं। इस चोट से उबरने के बाद उन्हें विश्व चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। उन्होंने पेरिस ओलंपिक के दौरान आठ मिनट 15 सेकंड के सीधे प्रवेश मानक से कम समय के साथ क्वालीफाई किया था। साबले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड आठ मिनट 09.91 सेकंड का है।

वह इस साल 16 अप्रैल को जियामेन डायमंड लीग में 13वें स्थान पर रहे थे और मोनाको में डीएनएफ (रेस पूरी नहीं की) से पहले चीन के ही केकियाओ में आठवें स्थान पर रहे थे। खेल मंत्रालय ने विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए साबले के अमेरिका में प्रशिक्षण को मंजूरी दे दी थी, लेकिन सर्जरी के कारण वह तोक्यो में होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगे।



योजनाओं का समयबद्ध जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, इसके लिए जवाबदेही तय की जाएगी और तकनीक का समुचित उपयोग किया जाएगा तथा कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



वाराणसी सर्किट हाउस में पूर्व मंत्री नारद राय , कार्यकर्ता बंधुओं एवं क्षेत्रीय जनता के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई : दयाशंकर सिंह

### माँ बगलामुखी शक्ति पीठम ट्रस्ट द्वारा त्रिदेव स्वरूप पीठम भूमि पूजन समारोह भव्यता से संपन्न

# कल्कि धाम के आचार्य प्रमोद कृष्णम व महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर ने माँ बगलामुखी पीठ को सनातन धर्म का संवाहक बताया









नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली)** विगत गुरुवार 17 जुलाई को नई दिल्ली के कंझावला स्थित जौंती गाँव में माँ बगलामुखी शक्ति पीठम ट्रस्ट के तत्वावधान में एक भव्य त्रिदेव स्वरूप पीठम भूमि पूजन समारोह का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

संत समाज से इस विशेष आयोजन में बाबा हठयोगी जी प्रेम आश्रम हरिद्वार, प्रयागराज से धर्मगुरु रंजीत मिश्रा जी, श्रीमान बाबा भलेगिरी जी महाराज, महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर जी महाराज जयपुर एवं जगतगुरु दतिया पीठाधीश्वर परमपूज्य राजगुरु स्वामी बाला प्रीतम देवतीर्थ जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे।

इनके अलावा इस आयोजन में भाग लेने के लिए माननीय श्री संजय विनायक जोशी पूर्व राष्ट्रीय संसदीय सचिव भाजपा, महाराजा अग्रसेन टेक्निकल यूनिवर्सिटी के संस्थापक पूर्व विधायक नंदकिशोर गर्ग, डॉ. मीना सुभाष गुप्ता प्रधान महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग, नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह के संस्थापक विपिन गुप्ता तथा दिगंबर जैन महा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी मनींद्र जैन, तुषार गर्ग, सुशील जैन, त्रिलोकि नाथ गोयल , ईश्वर गुप्ता पंजाबी बाग, नरेश ऐरन प्रमुख समाजसेवी, यशपाल गुप्ता ( अध्यक्ष वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन ) दीपक गुप्ता ( संपादक ) अशोक गुप्ता दालवाले, अशोक एवं अनिल गुप्ता घी वाले, देवी दयाल गर्ग जी, ईश्वर बंसल जी, राकेश गुप्ता भोगल वाले, विपुल गुप्ता, अजय सिंघल प्रमुख उद्यमपति, शिशिर गुप्ता, उपस्थित थे।

जौंती गाँव में हुए इस कार्यक्रम में कल्कि रूपा माँ पीताम्बरा माँ बगलामुखी ( महाविष्णु संहारिणी शक्ति जिनसे उनका सुदर्शन चक्र चलता है ), त्रेता के राम द्वापर के श्याम, कलियुग में बने कल्कि सुखधाम कलियुग के अंत तक भक्तों का मार्गदर्शन करने वाले सच्चे गुरु श्री हनुमान जी के मंदिर को स्थापित करने के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री विजय गर्ग जी ने आए हुए सभी महानुभावों का आभार प्रकट किया और इस बात का आश्वासन दिया कि जल्द ही माँ बगलामुखी, भगवान कल्कि जी अवतार और बजरंग बली जी का बहुत सुंदर और भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा जिसमें श्रद्धालु आकर धर्म लाभ कमा सकेंगे।

इस संस्था का मुख्य उद्देश्य न केवल पीठम का निर्माण करना है बल्कि वैदिक शिक्षा हेतु गुरुकुल का निर्माण, गौशाला का निर्माण और वृद्धजनों के लिए विश्रामगृह की स्थापना करना भी रहेगा। इस आयोजन में आचार्य श्री प्रमोद कृष्णम जी एवं अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता स्वामी हठ योगी जी महाराज तथा जयपुर से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी नर्मदा शंकर जी महाराज ने आए हुए सभी भक्तजनों को संबोधित किया एवं अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात आयोजन के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए श्री तुषार गर्ग जी ने इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य और रूपरेखा के बारे में जानकारी दी।

स्वामी प्रमोद कृष्णम के साथ महामंडलेश्वर स्वामी नर्मदा शंकर जी तथा पीठ के संस्थापक विजय गर्ग ,मनींद्र जैन और विपिन गुप्ता नेशनल एक्सप्रेस समूह मैं भूमि पूजन के बाद पूजन की शिलाएं भी स्थापित की एवं हवन यज्ञ में भी भाग लिया।

## बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है 'जूनियर पाठशाला प्ले स्कूल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

''जूनियर पाठशाला प्ले स्कूल, सेक्टर पाई वन में स्थित एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। यहाँ तीन से पाँच साल तक के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

इस स्कूल की स्थापना दो हजार नौ में हुई थी और तब से यह लगातार संचालित है, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। हमारी ''जूनियर पाठशाला प्ले स्कूल, बच्चों को पासर्वनाथ प्लेटिनम सोसाईटी, स्वर्ण नगरी सेक्टर 31 ग्रेटर नोएडा के शिव भवानी मंदिर में ले जाने की अनुमति देने के लिए हम सोसाइटी की कमिटी के सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

बच्चों ने वहाँ बहुत आनंद लिया, जो हमारे सनातन धर्म की सुंदरता को अनुभव करने का एक अवसर था। बच्चे अत्यंत खुश हुए। धन्यवाद।''





## स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज के सान्निध्य में भगवान शिव की अनुपम आराधना संपन्न हुई

*अहम निर्विकल्पो निराकार रूपोविभुव्याप्य सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणाम ।सदा मे समत्वं न मुक्तिः न बंधः चिदानंद रूपः शिवोहम शिवोहम ।।*

श्रावण मास का पवित्र काल, जो भगवान शिव की कृपा और करुणा का प्रतीक है, आज पुनः विश्व की सांस्कृतिक राजधानी भारत, की संवैधानिक राजधानी दिल्ली के हरिधाम आश्रम में परम पूज्य, नित्य स्मरणीय, आनंद पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज श्री के पावन सान्निध्य में भगवान शिव की अनुपम आराधना संपन्न हुई। परम-पूज्य महाराज श्री के दिव्य सानिध्य में यहां भूतभावन, आशुतोष, अवढरदानी भगवान महादेव के 1,25,000 पार्थिव शिवलिंग का पूजन, रुद्राभिषेक, और षोडशोपचार अर्चन निरंतर सुचारु रूप से चल रहा है ।इस पुण्य अवसर पर आश्रम के श्री हरिधामेश्वर महादेव मंदिर का प्रांगण अपूर्व भक्ति और श्रद्धा के साथ वेदमंत्रों और श्री रुद्राष्टाध्यायी के सतत पाठ से संनादति हुआ, यह परिसर निरंतर लोक



कल्याण हेतु आयोजित अद्वितीय अनुष्ठानों का साक्षी बन रहा है।

वर्षों से निरंतर यह अनुष्ठान पूज्य गुरुदेव के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है, यह न केवल भक्तों के मन में शिव भक्ति को प्रज्ज्वलित कर रहा है, अपितु समस्त विश्व के कल्याण हेतु संकल्पित है। श्रावण मास में शिव आराधना का पुण्य फल अनंत माना गया है। इस वर्ष श्रावण मास महोत्सव के मुख्य यजमान अरुण सुधा पंसारी जी ( त्रिवेणी ग्रुप ) है। आज इस पुण्य अनुष्ठान में अनन्त श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी गुरु दीदी माँ मंजू श्री जी, श्री राजेश निशा रस्तोगी जी ( चेयरमैन- A.L.D.E मेडी इंपैक्ट्स लिमिटेड ) जी, श्री ललित स्नेहा कंसल जी, श्री रोहित अन्नू कंसल जी, श्री पवन शेफाली कंसल जी, सुश्री हिमाक्षी कंसल जी, श्री तेजस्व कंसल जी, सुश्री रुषिका कंसल जी, श्री रोहित जी सहित अनेक सन्यासी गण एवं शिव भक्तों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामय बनाया। हरिधाम आश्रम का यह पवित्र प्रांगण, जहाँ वेदमंत्रों की ध्वनि और शिवलिंग पूजन की सुगंध एक साथ संनादति है, भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया है।

## योगी ने वाराणसी में प्रधानमंत्री की दो अगस्त को निर्धारित जनसभा की तैयारी के निर्देश दिए

वाराणसी ( उप्र ) ( भाषा ) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के एक गांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो अगस्त की प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे और पहले दिन 'सर्किट हाउस' में वाराणसी और आजमगढ़ मंडल के प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। योगी आदित्यनाथ ने अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सेवापुरी के ग्राम सभा बनौली में दो अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## शारदा मेडिकल कॉलेज में वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे पर जागरूकता सेमिनार, विशेषज्ञों ने दी जरूरी सलाह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च एवं सामान्य चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय परिसर में किया गया, जिसका उद्देश्य हेपेटाइटिस जैसे गंभीर लिवर रोग के प्रति जनसामान्य को सचेत करना और इससे बचाव के उपायों को प्रमुखता देना था।

इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम ''चलो इसे तोड़ दें (Let's Break the Silence)'' रखी गई है, जो इस बीमारी से जुड़े भ्रम और चुप्पी को तोड़कर जागरूकता की ओर कदम बढ़ाने का संदेश देती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शारदा अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राममूर्ति शर्मा ने की। उन्होंने कहा, ''वर्तमान समय में लिवर से जुड़ी बीमारियाँ, विशेषकर हेपेटाइटिस, तेजी से बढ़ रही हैं। यह चिंता का विषय है कि



अब युवा भी बड़ी संख्या में इसकी चपेट में आ रहे हैं। खराब जीवनशैली, असंतुलित खानपान और समय पर जांच न कराना इसके प्रमुख कारण हैं। लिवर शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने का कार्य करता है, अतः इसकी देखभाल अत्यंत आवश्यक है।'' सेमिनार में शारदा अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. भूमेश त्यागी ने बताया, ''हेपेटाइटिस लिवर को कमजोर कर देता है जिससे पाचन क्रिया बाधित होती है। यदि छह महीने तक इसका उपचार नहीं किया गया, तो यह बीमारी गंभीर और जानलेवा रूप ले सकती है। हालांकि विशेष डाइट की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन खान-पान में संयम और स्वच्छता जरूरी है।''

इस अवसर पर डॉक्टरों ने हेपेटाइटिस के लक्षण, पहचान, जांच के तरीके और समय रहते उपचार की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि संक्रमण से बचाव के लिए साफ पानी, सुरक्षित भोजन और टीकाकरण अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में डॉ. ए.के. अग्रवाल, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. निखिल गुप्ता सहित ग्रेटर नोएडा और आसपास के विभिन्न अस्पतालों से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपने विचार साझा किए। सेमिनार में मेडिकल छात्रों, आम नागरिकों, स्वास्थ्यकर्मियों और शहर के चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी जागरूक रहेंगे और दूसरों को भी समय रहते लक्षण पहचानने और इलाज के लिए प्रेरित करेंगे।

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में अपनी उपलब्धि का जश्न मनाया

# गलगोटिया विवि की गुणवत्ता और शिक्षा इनोवेशन विश्व स्तरीय: नंद गोपाल नंदी









नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटिया युनिवर्सिटी ने क्यूएस वर्ल्ड युनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में अपने शानदार परफोर्मेन्स के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वस्तरीय एकेडमिड परिवेश में युनिवर्सिटी के निरंतर विकास तथा उत्कृष्टता के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर रोशनी डाली गई। उत्तर प्रदेश सरकार में ओद्योगिक विकासए निर्यात संवर्धनए एनआरआईए निवेश संवर्धन मंत्री माननीय श्री नंद गोपाल गुप्ता ष्नंदीष इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत क्यूएस रैंकिंग 2026 बैनर के अनावरण के साथ हुईए जिसके बाद माननीय अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे। विकास एवं स्थिरता के प्रतीक के रूप में पौधे भेंट दिए गए।सीईओ डॉ धुरव गलगोटिया ने स्वागत सम्बोधन देते हुए युनिवर्सिटी के सामरिक दृष्टिकोणए अकादमिक उपलब्धियों एवं विश्वस्तरीय साझेदारियों के बारे में बताया। जिसके बाद चांसलर श्री सुनील गलगोटिया ने प्रेरक भाषण दिया। उन्होंने संस्थान की बदलावकारी यात्रा और भावी महत्वाकांक्षाओं पर ज़ोर दिया।

मुख्य अतिथि श्री नंद गोपाल गुप्ता ष्नंदीष ने उच्च शिक्षा के प्रति गलगोटिया युनिवर्सिटी के दृष्टिकोण और संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की। उपस्थितगणों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहाए ष्गलगोटिया युनिवर्सिटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षाए इनोवेशन एवं विश्वस्तरीय मानकों की प्रतीक बनकर उभरी है।क्यूएस वर्ल्ड युनिवर्सिटी रैंकिंग में इसे शामिल किया जाना उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि हैए जो संस्थान द्वारा राज्य में अकादमिक प्रगति को बढ़ावा देने की पुष्टि करती है। कौशल विकास एवं विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा में युनिवर्सिटी का योगदान सही मायनों में सराहनीय है। मैं डॉ धुरव गलगोटिया को इस उपलब्धि के लिए बधाई देना चाहूंगा। डॉ अश्विन फर्नान्डीज़ए क्यूएस एक्ज़क्टिव डायरेक्टर फॉर मिडल ईस्टए अफ्रीका एवं साउथ एशिया ने सभा को सम्बोधित करते हुए विश्वस्तरीय रैंकिंग में भारत की बढ़ती मौजूदगी पर रोशनी डाली। उन्होंने गुणवत्ता के बेंचमार्क एवं विश्वस्तरीय अकादमिक मानकों के लिए गलगोटिया युनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता की सराहना की।

श्री अजय शेखर शर्माए चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर पेटीएम ;वन97 कम्युनिकेशन्सद्ध और गलगोटिया युनिवर्सिटी के एल्युमनस ने इनोवेशन तथा उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच साझेदारी के बढ़ते महत्व के बारे में बताया। उन्होंने युनिवर्सिटी में बिताए वर्षों को याद करते हुए अपनी शुरूआती नींव का श्रेय अपने संस्थान को दिया।

औपचारिक समारोह के बाद श्री नंदी ने गलगोटिया युनिवर्सिटी के अडवान्स्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स का दौरा कियाए जिसमें टाटा टेक्नोलॉजीज़ लैबए एचपी एआई लैबए विप्रो साइबर सिक्योरिटी लैबए सिस्को लैब तथा एप्पल एवं इन्फोसिस की साझेदारी में बना आईओएस डेवलपमेन्ट सेंटर शामिल है। उन्होंने भविष्य के अनुसार उद्योग जगत के अनुकूल कौशल पर युनिवर्सिटी के फोकस और आधुनिक सुविधाओं की भी सराहना की।

क्यूएस वर्ल्ड युनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में गलगोटिया युनिवर्सिटी को मिली मान्यताए अकादमिक उत्कृष्टताए रीसर्च इनोवेशन को बढ़ावा देने वाले विश्वस्तरीय संस्थान के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को और मजबूत बनाती है।

## मंत्री नंदी ने प्रयागराज से नैनी व करैलाबाग से मड़ोका तक यमुनापुल के समानान्तर एक और पुल निर्माण का रखा प्रस्ताव




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित प्रयागराज एवं विंध्याचल मंडल की बैठक में सम्मिलित हुए।

मंत्री नन्दी ने प्रयागराज मंडल की समीक्षा बैठक के दौरान अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती आबादी एवं पातायात के दबाव को देखते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष प्रयागराज से नैनी मार्ग पर 620 करोड़ की लागत से न्यू यमुना सेतु के समानान्तर एक और पुल एवं 479 करोड़ की लागत से करैताबाग से मड़ौका मार्ग पर यमुना नदी पर पुल निर्माण का प्रस्ताव रखा।

मंत्री नन्दी ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य से सम्बंधित प्रस्ताव रखते हुए विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कहा कि यमुनापार नैनी क्षेत्र का लगातार विस्तार हो रहा है। नैनी क्षेत्र में ही औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार होने से भी आवागमन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में प्रयागराज से नैनी के मध्य न्यू यमुना पुल के समानान्तर एक और पुल के निर्माण की आवश्यकता है। वहीं करेलाबाग से नैनी मड़ौका के बीच यमुना नदी पर पुल का निर्माण होने से लोगों को आवागमन में काफी सहुलियत होगी।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।